शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 09 | अंक : 191 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 3 फरवरी, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

राष्ट्रीय विकास में एनसीसी की भूमिका अहम : प्रो. मुखी पेज 3
विकास के प्रति समर्पित, सर्वस्पर्शी और दूरदर्शी है आम बजट : जयराम ठाकुर पेज 4
विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रहा सिद्धार्थनगर : योगी आदित्यनाथ पेज 5
जोधपुर में 29 देशों के राजनयिकों का शिखर सम्मेलन योग के साथ शुरू पेज 8

*जी-20 सतत वित्त कार्य समूह के पहले दिन की बैठक*

## गुवाहाटी की संस्कृति और विरासत देश के दृष्टिकोण का प्रतिबिंब : सोनोवाल

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** जी-20 सतत वित्तीय कार्य समूह (एसएफडब्ल्यूजी) की बैठक का केंद्रीय आयुष और बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने उद्घाटन किया। इस मौके पर सोनोवाल ने कहा कि गुवाहाटी में संस्कृति, विरासत और प्रकृति के संरक्षण की भावना भारत के जनसमर्थक दृष्टिकोण का प्रतिबिंब है। उन्होंने गुवाहाटी की विविध जातीय और संस्कृति पर भी प्रकाश डाला। गुरुवार की बैठक का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने जी-20 बैठक में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों का स्वागत किया। एक सतत भविष्य में पारंपरिक चिकित्सा की भूमिका को समझाते हुए मंत्री ने कहा कि हमारा उद्देश्य भारत के प्राचीन ज्ञान और पारंपरिक ज्ञान को भुनाना और एक स्थायी भविष्य का मार्ग प्रशस्त करना है। बैठक में एसएफडब्ल्यूजी के अमेरिकी उपाध्यक्ष लैरी मैकडॉनल्ड्स ने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और उनकी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि हरित और टिकाऊ शिपिंग सिस्टम को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य और कल्याण के मुद्दों को बढ़ावा देने जैसे पहलुओं के प्रति उनकी जिम्मेदारी एसएफडब्ल्यूजी के काम, लक्ष्यों और आकांक्षाओं के साथ रेखांकित करने के लिए बहुत प्रासंगिक है। उन्होंने वोकल फॉर लोकल थीम को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। मंत्री ने इस अवसर पर असम की चाय का स्वाद लिया और बांस, स्वदेशी रेशम उत्पादों आदि से बने विभिन्न हस्तशिल्पों की प्रदर्शनी में भी भाग लिया। उल्लेखनीय है कि एसएफडब्ल्यूजी की पहली बैठक में जी-20 के सदस्य देशों के 95 प्रतिनिधियों, 10 आमंत्रित देशों और 14 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने भाग लिया। इसके अलावा कई अंतर्राष्ट्रीय संगठनों ने वर्चुअल तरीके से बैठक में हिस्सा लिया। जी-20 एसएफडब्ल्यूजी का उद्देश्य वैश्विक विकास और स्थिरता सुनिश्चित करने और हरित, अधिक लचीला और समावेशी समाज और अर्थव्यवस्था की दिशा में परिवर्तन को बढ़ावा देने में मदद करने के लिए स्थायी वित्तीय सहायता का आयोजन करना है। जी-20 सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप (एसएफडब्ल्यूजी), गुवाहाटी, सतत वित्त को समझने और व्यवस्थित करने के तरीकों पर चर्चा करेगा, साथ ही सतत वित्त को समझने और व्यवस्थित करने के लिए देशों की क्षमता को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेगा, जिसमें जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्तीय सहायता कैसे आयोजित की जा सकती है, प्रकृति और जैव विविधता सहित सतत विकास लक्ष्यों के लिए नव विकसित कम कार्बन प्रौद्योगिकियों को कैसे वित्त पोषित किया जा सकता है। आज पहले दिन की कार्यवाही तब समाप्त हुई जब जी-20 बैठक में भाग लेने आए प्रतिनिधियों ने क्रूज पर ब्रह्मपुत्र का दौरा किया।




### नाइजीरिया ने जलवायु परिवर्तन पर दिया जोर

**गुवाहाटी।** जलवायु परिवर्तन से लड़ाई में उपायों को सुझाते हुए दुत्से ने कहा कि दुनिया को जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए सभी कार्यक्षेत्रों के लिए ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा को अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन के कारण सामने आने वाली समस्याओं से निपटने के लिए तेजी से कार्य करने की आवश्यकता है। असम की राजधानी गुवाहाटी में चल रही पहली जी20 बैठक में जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में विकासशील -शेष पृष्ठ दो पर

## बाल विवाह के विरुद्ध एक्शन आज से : मुख्यमंत्री

**असम में चार हजार मुकदमे**

**गुवाहाटी।** असम राज्य में बाल विवाह कानून उल्लंघन को लेकर ऐसे आंकड़ें सामने आए हैं जिन्हें देखकर कोई भी हैरत में रह जाएगा। इन आकंड़ों के मुताबिक राज्य में अभी तक 4004 मुकदमे सिर्फ और सिर्फ बाल विवाह कानून की धाराओं में दर्ज हुए हैं। मतलब, यह वे मुकदमे हैं जिनमें बाल विवाह कानूनों की धज्जियां उड़ाई गई हैं। इन आंकड़ों से न केवल आम आदमी अपितु राज्य के मुख्यमंत्री खुद भी चौकन्ने हो गए हैं। लिहाजा उन्होंने इन आंकड़ों के सामने आते ही, शुक्रवार यानी 3 फरवरी 2023 से ही सख्त कानूनी एक्शन लेने का आदेश दे दिया है। इन तमाम तथ्यों की पुष्टि खुद असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व ने एक ट्वीट के -शेष पृष्ठ दो पर




## त्रिपुरा विस चुनाव : आज से भाजपा का धुंआधार प्रचार

**अगरतला ( हि.स. )।** त्रिपुरा विधानसभा चुनाव प्रचार का भाजपा 3 फरवरी को अपनी *विजय संकल्प* रैली से तूफानी आगाज करने जा रही है। पार्टी के अखिल भारतीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, नेडा के संयोजन और असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा समेत स्टार प्रचारकों की रैली चुनाव प्रचार में कार्यकर्ताओं में अतिउत्साह का संचार करेगी। इसके लिए भाजपा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भाजपा के अखिल भारतीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आगामी शुक्रवार को अमरपुर और पबियाछड़ा विधानसभा क्षेत्र में दो -शेष पृष्ठ दो पर



### सात लाख तक से एक रुपया भी बढ़ा तो फंसेगा पेंच

**नई दिल्ली।** बुधवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 का बजट पेश किया है। लंबे समय से नौकरीपेशा लोगों की निगाहें इस बार के बजट पर इनकम टैक्स छूट पर टिकी हुई थीं। वित्त मंत्री के इस ऐलान के बाद कि अब 7 लाख रुपए तक की सालाना आय वालों को कोई टैक्स नहीं देना होगा, लोगों के चेहरे पर खुशी की लहर दौड़ गई। हालांकि अभी तक भी पुराने और नए टैक्स रिजीम की जमा-घटाव से जुड़ी कैलकुलेशन लोगों की समझ से बाहर है। अभी तक लोगों में कन्फ्यूजन बनी हुई है। खासकर वे लोग ज्यादा परेशान हैं, जिनकी सालाना आय 7 लाख रुपए से ज्यादा है। 7 लाख तक तो फिर भी ठीक है, लेकिन उसके उपर1 रुपए का गणित भी आपका दिमाग घुमा सकता है, क्योंकि 1 रुपए की बढ़ोतरी भी आपको 25 हजार रुपए का टैक्स देने को मजबूर कर सकती है। 7 लाख से अगर 1 रुपए भी आपकी आय ज्यादा है तो आप टैक्स देने के दायरे में आ जाते हैं। नए टैक्स स्लैब के मुताबिक 0-3 लाख पर कोई टैक्स नहीं लिया जाएगा। वहीं 3 लाख- 6 लाख रुपए पर टैक्स की दर 5 फीसदी हो जाएगी। इसी तरह 6 लाख- -शेष पृष्ठ दो पर

पूर्वांचल केশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## समान नागरिक संहिता लागू पर अभी फैसला नहीं : रिजिजू



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने देश में समान नागरिक संहिता लागू करने को लेकर सभी अटकलों को खारिज किया है। राज्यसभा में उन्होंने बताया कि, केंद्र ने इस संबंध में अभी तक कोई फैसला नहीं किया है। किरेन रिजिजू ने एक लिखित सवाल के जवाब में सदन को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधि आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) से संबंधित मामला 22वें विधि आयोग द्वारा विचार के लिए लिया जा सकता है। इसलिए, समान नागरिक संहिता के कार्यान्वयन -शेष पृष्ठ दो पर

## एससी कॉलेजियम पर राष्ट्रपति को 21 वकीलों का पत्र

**चेन्नई/ नई दिल्ली।** मद्रास हाई कोर्ट के कुछ बार अधिवक्ताओं ने एडवोकेट लक्ष्मण चंद्रा विक्टोरिया गौरी को मद्रास हाई कोर्ट का जज बनाए जाने की सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर नाराजगी जताई है। इस बाबत मद्रास हाईकोर्ट के 21 अधिवक्ताओं के एक समूह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। इसमें इन अधिवक्ताओं ने अधिवक्ता लक्ष्मण चंद्रा विक्टोरिया गौरी को मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत करने की सर्वोच्च न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिश वापस करने का आग्रह किया है। मद्रास हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं द्वारा लिखे गए पत्र में कहा गया है कि एडवोकेट गौरी के प्रतिगामी विचार पूरी तरह से मूलभूत संवैधानिक मूल्यों के विपरीत हैं। उनके विचार गहरी धार्मिक कट्टरता को दर्शाते हैं। ऐसे में वह उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के अयोग्य हैं। गौरतलब है कि एडवोकेट लक्ष्मण चंद्रा विक्टोरिया गौरी खुद को ट्विटर पर *भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महासचिव* बताती हैं। बीती 17 जनवरी को भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाले कॉलेजियम ने न्यायिक नियुक्ति के लिए चार अन्य अधिवक्ताओं के साथ गौरी के नाम की सिफारिश की थी। इससे पहले, गुरुवार को राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में विधि और न्याय मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया कि देश भर की विभिन्न अदालतों में चार लाख से अधिक मामले ऐसे हैं जो 25 वर्षों से भी अधिक समय से लंबित हैं। उनके मुताबिक, ऐसे लंबित मामलों की कुल संख्या 4,01,099 है। कानून मंत्री ने बताया कि 27 जनवरी 2023 तक एकीकृत वाद प्रबंधन सूचना प्रणाली (आईसीएमआईएस) से मिले डाटा के अनुसार भारत के सुप्रीम कोर्ट -शेष पृष्ठ दो पर



door graphy
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## नगालैंड विस चुनाव : भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी

**कोहिमा ( हि.स. )।** भाजपा ने नगालैंड विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी है। गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने नई दिल्ली स्थित मुख्यालय में 20 विधानसभा क्षेत्रों के उम्मीदवारों की सूची जारी की। इसके बाद नगालैंड के प्रदेश अध्यक्ष तेमजेन इम्ना अलांग ने उम्मीदवारों की सूची पार्टी के प्रदेश कार्यालय को भेजी और सभी नामांकित उम्मीदवारों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जाकर प्रचार में पूरी ताकत लगाएं। इस सूची में उम्मीदवार- 1 डिमापुर-(1) एच. तोविहोलो अयेमी, 4 नंबर घासपानी (अ.ज.) एन. जैकब झिमोमी, 15 दक्षिणी अंगामी-11 (अ.ज.) ई क्रोपोल बिस्तु, 21 नंबर तुली (अ.ज.) पंजुंग जमीर, 28 नंबर कारिडांग (अ.ज.) इमकोंग एल इमचेन, 30 नंबर अलंगटाकी (अ.ज.) तेमजेन इम्ना अलांग, 31 नंबर अकुलुतो (अ.ज.) काजेतो किनिमी, 32 नंबर ओटोइजू (अ.ज.) सुश्री काहुली सीमा, 33 नंबर सुरुहोतो (अ.ज.) एच खेहोवी, 37 नंबर तुई (अ.ज.) यानथुंगो पाटोन, 38 नंबर -शेष पृष्ठ दो पर

## मेघालय चुनाव : सीएम संगमा के खिलाफ भाजपा के बर्नार्ड मारक



**शिलांग।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष एवं पूर्व उग्रवादी नेता बर्नार्ड एन. मारक को मुख्यमंत्री कोनराड के. संगमा के खिलाफ दक्षिण तुरा सीट से पार्टी का आधिकारिक उम्मीदवार घोषित किया है। भाजपा मेघालय विधानसभा की सभी 60 सीट पर चुनाव लड़ेगी और गुरुवार को अपने सभी उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। पार्टी के प्रवक्ता ने यहां बताया कि भाजपा ने पिछले महीने सत्तारुढ़ मेघालय डेमोक्रेटिक गठबंधन से अलग होने और विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला किया था। उन्होंने बताया कि -शेष पृष्ठ दो पर

## राम जन्मभूमि को बम से उड़ाने की धमकी

**प्रयागराज।** अयोध्या में गुरुवार को राम जन्मभूमि स्थल को बम विस्फोट करके उड़ाने की कथित धमकी दिए जाने के बाद हड़कम्प मच गया। राम जन्मभूमि थानाध्यक्ष संजीव कुमार सिंह ने बताया कि रामकोट इलाके में स्थित रामलला सदन मंदिर में रहने वाले मनोज नामक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी थी कि आज तड़के उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। सिंह के अनुसार मनोज ने बताया कि फोन करने वाले ने धमकी दी कि सुबह 10 बजे वह राम -शेष पृष्ठ दो पर



सुप्रभात
*कार्य की सिद्धि के लिए उदारता नहीं बरतनी चाहिए।*
- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

### पांच पतियों में बंटती है एक पत्नी : मदन मित्रा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक मदन मित्रा का महिलाओं पर एक विवादित बयान सामने आया है, जिस कारण वे अपनी ही पार्टी के निशाने पर आ गए हैं। मदन मित्रा ने महिलाओं के खिलाफ विवादित टिप्पणी करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में पांच पुरुष भी एक पत्नी साझा करते हैं। उन्होंने यह बयान एक संदर्भ में महाभारत में द्रौपदी और उसके पांच पतियों का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए दिया। यह बयान उन्होंने उत्तर 24 परगना के एक स्कूल का है, जहां पर पांच महिला रसोइयों का वेतन सात लोगों में बांटा जाता है। उस पर मदन मित्रा ने यह टिप्पणी की। मिड-डे मिल में इस तरह की अनियमितता -शेष पृष्ठ दो पर

## नेपाल से पहुंची छह करोड़ साल पुरानी शालिग्राम शिलाओं का अयोध्या में पूजन

**अयोध्या।** 373 किलोमीटर और 7 दिन के सफर के बाद दो विशाल शालिग्राम शिलाएं अयोध्या पहुंच गई हैं। गुरुवार सुबह रामसेवक पुरम में 51 वैदिक ब्राह्मणों ने शालिग्राम शिलाओं का पूजन कराया। इसके बाद नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री विमलेंद्र निधि और जानकी मंदिर के महंत तपेश्वर दास ने चंपत राय को शालिग्राम शिलाएं सौंप दीं। इसी 6 करोड़ साल पुराने शालिग्राम पत्थर से भगवान राम और सीता की मूर्ति बनेगी, जो राम दरबार में स्थापित होगी। विमलेंद्र निधि ने बताया कि जनकपुर में राम व जानकी की जयंती के साथ ही सीताराम विवाह धूमधाम से मनाते हैं। महंत तपेश्वर दास की मंशा से यह काम हो रहा है। न्यायालय के फैसले के बाद मन में आया कि राममंदिर में शालिग्राम शिला की मूर्ति लगे। इसके लिए 40 शिलाओं की पहचान की गई। वैज्ञानिक तरीके से पहचान के बाद ट्रस्ट से पत्राचार किया गया। विमलेंद्र निधि ने बताया कि वे नृपेंद्र मिश्र से भी मिले। फिर दोनों देशों के बीच सहमति बनी। शिला को भारत लाने के लिए मुझे और महंत राम तपेश्वर दास को जिम्मेदारी दी गई थी। बुधवार रात रथ के अयोध्या पहुंचने पर -शेष पृष्ठ दो पर



## गौमांस पर दरवाजे खुले, भारत में रहने वाले सभी हिंदू : दत्तात्रेय

**जयपुर।** आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने गुरुवार को घर वापसी को लेकर बड़ा बयान दिया। जयपुर में बिड़ला ऑडिटोरियम के दीनदयाल स्मृति व्याख्यान में कहा कि भारत में रहने वाले सभी हिंदू हैं, क्योंकि उनके पूर्वज हिंदू थे। उनकी पूजन पद्धति अलग हो सकती है, लेकिन उन सभी का डीएनए एक है। उन्होंने कहा कि भारत में 600 से अधिक जनजातियां कहती थीं कि हम अलग हैं। हम हिंदू नहीं हैं। भारत विरोधी ताकतों ने उन्हें उकसाने का काम किया -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# पांच वर्षों में बनेंगे दो लाख नए पैक्स : शाह

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि आने वाले पांच वर्षों में दो लाख नए प्राथमिक कृषि ऋण समिति (पैक्स) बनाए जाएंगे। शाह ने शुक्रवार को सहकारिता मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) ई-गवर्नेंस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड के बीच हुए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान कहा कि केन्द्र सरकार पैक्स को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि इस बजट में हर पंचायत में एक बहुउद्देशीय पैक्स की रचना का भी लक्ष्य रखा गया है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज हुए इस समझौते के अंतर्गत पैक्स अब सामान्य सेवा केंद्रों के रूप में कार्य करने के लिए सक्षम हो होंगी ही, इसके साथ ही पैक्स के 13 करोड़ किसान सदस्यों सहित ग्रामीण आबादी को पैक्स के माध्यम से 300 से भी अधिक सीएससी सेवाएं भी उपलब्ध हो पाएंगी। इसके अलावा इससे पैक्स की व्यावसायिक गतिविधियों में वृद्धि होगी और उन्हें आत्मनिर्भर आर्थिक संस्था बनने में मदद मिलेगी। शाह ने कहा कि इस पहल से पैक्स, सीएससी योजना के डिजिटल सेवा पोर्टल पर सूचीबद्ध सभी सेवाएं नागरिकों को प्रदान करने में सक्षम होंगी जिनमें बैंकिंग, इंश्योरेंस, आधार नामांकन/अपडेट, कानूनी सेवाएं, कृषि-इनपुट जैसे कृषि उपकरण, पैन कार्ड और आईआरसीटीसी, रेल, बस व विमान टिकट सम्बन्धी सेवाएं, आदि शामिल हैं।



# सुप्रीम कोर्ट के वकील के बेटे पर बदमाशों ने किया हमला

**गुवाहाटी।** बुधवार की रात एक दर्दनाक घटना घटी, जहां अज्ञात बदमाशों ने हमला कर एक युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना गुवाहाटी के दिसपुर इलाके की है। पीड़ित की पहचान सुप्रीम कोर्ट की वकील निरुपमा सैकिया के बेटे अभिजीत सैकिया के रूप में हुई है। अभिजीत पर नींद के दौरान दिसपुर के देवदारू पथ स्थित उनके आवास पर हमला किया गया, जो एमएलए हॉस्टल के पीछे स्थित है। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने उनके पेट और पैर पर हमला किया। हमले के बाद अभिजीत को भारी रक्तस्राव हुआ, हालांकि, उसे तुरंत इलाज के लिए जीएनआरसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलते ही दिसपुर थाने की टीम घटना स्थल पर पहुंच गई है और अपराधियों को पकड़ने के लिए जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। ऐसी ही एक घटना बोंगाईगांव जिले में हुई थी, जहां कुछ अज्ञात बदमाशों ने एक भाई बहन की हत्या कर दी थी। सूत्रों के अनुसार देर रात अपराधी घर में घुसे और दोनों पर हमला कर दिया। दुर्भाग्य से, दोनों ने दम तोड़ दिया और घटना स्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हालांकि, घटना के वास्तविक कारण का अभी तक विभाग द्वारा पता नहीं लगाया जा सका है।मृतकों की पहचान अजमल शेख और फिरोजा बेगम के रूप में हुई है। 23 जनवरी को भी ऐसी ही एक घटना घटी थी, जहां एक ईंट भट्ठा के मालिक की किसी अज्ञात बदमाश ने हत्या कर दी थी।

# गरीबों के पैसे लुटवाए गए एलआईसी मुद्दे पर सोमवार को देशव्यापी प्रदर्शन करेगी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एलआईसी तथा सरकारी बैंकों के शेयरों में हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद आई गिरावट को गंभीर बताते हुए कहा है कि यह गरीबों के पैसे लुटवाए गए हैं और पार्टी छह फरवरी को इसके विरोध में देशव्यापी आंदोलन करेगी। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि जनता के पैसे लुटवाने और इसको लेकर उभरे लोगों के आक्रोश को देखते हुए पार्टी ने सोमवार 06 फरवरी को जीवन बीमा निगम कार्यालयों और भारतीय स्टेट बैंक के कार्यालयों के सामने देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि अडानी समूह में एलआईसी ने कुल 36,474.78 करोड़ रुपए का और राष्ट्रीय बैंकों ने इसमें लगभग 80,000 करोड़ रुपए का निवेश किया है। मामला सामने आने के बाद से समूह को 100 अरब डॉलर का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेश कार्यालयों और जिला कांग्रेस समितियों से प्रदर्शन करने का अनुरोध किया गया है और इन प्रदर्शनों में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बूथ स्तर पर इसमें शामिल होना सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है।

# आग में तीन दुकान जलकर राख

**नगांव (हि.स.)।** नगांव जिला के जुरिया थाना क्षेत्र के जुकाटी बाजार में लगी आग के दौरान देखते ही देखते तीन दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बीती रात जुकाटी बाजार में आग लगने की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची अग्निशमन की टीम ने आग पर काबू पाया। आग बुझाए जाने तक दो कपड़े का दुकान और एक कंप्यूटर की दुकान पूरी तरह जलकर राख हो गई। हालांकि, आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं लग पाई है। पुलिस ने आशंका व्यक्त किया है कि शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी होगी। आग की वजह से लाखों रुपए की संपत्ति का नुकसान हुआ है। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# जम्मू विस्फोट मामले में लश्कर का एक आतंकी गिरफ्तार

**जम्मू (हि.स.)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 21 जनवरी के नरवाल जम्मू विस्फोट मामले में लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पकड़ा गया आतंकी एक सरकारी कर्मचारी भी है और इसके पास से एक परफ्यूम आईईडी भी बरामद किया गया, जो अपनी तरह का एक अनोखी आईईडी है। जम्मू में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने बताया कि जम्मू पुलिस की 11 दिनों की क ?ी मेहनत के बाद जम्मू के रियासी जिले के निवासी आरिफ अहमद को गिरफ्तार कर ब ?ी सफलता हासिल की है। डीजीपी ने कहा कि आरिफ एक सरकारी कर्मचारी है और लश्कर-ए-तैयबा संगठन का सक्रिय आतंकी है। वह रियासी निवासी कासिम और उसके चाचा कमरदीन के इशारे पर काम कर रहा था, जो वर्तमान में पाकिस्तान में है और लश्कर का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आरिफ तीन आईईडी विस्फोट की घटनाओं जिसमें शास्त्री नगर, कटरा और 21 जनवरी को नरवाल, जम्मू शामिल हैं, में शामिल था।

# क्राउडफंडिंग के जरिए धन जुटाकर चुनाव लड़ेगी टिपरा मोथा

**अगरतला।** टिपरा मोथा के प्रमुख प्रद्योत किशोर देबबर्मन ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी टिपरा मोथा आगामी त्रिपुरा विधानसभा चुनाव के लिए क्राउडफंडिंग के जरिए चुनाव लड़ने के लिए धन एकत्रित करेगी। पार्टी 60 में से 42 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और उसका लक्ष्य संभावित किंगमेकर बनना है। देबबर्मन ने कहा कि उनकी पार्टी को भाजपा, कांग्रेस और सीपीआई (एम) जैसी बड़ी कॉर्पोरेट संस्थाओं से समर्थन नहीं मिल रहा है। इसलिए, टिपरा मोथा राष्ट्रीय पार्टियों के साथ किसी गठबंधन के बिना अपने अभियान को क्राउडफंडिंग कर रही है। पार्टी ने लोगों से दान एकत्र करने के लिए एक बैंक खाता खोला है। देबबर्मन ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि पार्टी पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है और जनता को दिखाना चाहती है कि इसका धन कहां से आ रहा है। उन्होंने लोगों से चुनाव जीतने के लिए पार्टी के प्रयास में दान देने और समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि क्राउडफंडिंग के उपयोग के साथ, टिपरा मोथा को एक ऐसा अभियान चलाने की उम्मीद है, जो बाहरी प्रभाव से मुक्त हो और वास्तव में त्रिपुरा के लोगों का प्रतिनिधि हो।

# अपहरण मामले में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार

**गुवाहाटी (हि.स.)।** कामरुप (ग्रामीण) जिला के रंगिया से अपहृत व्यक्ति को पुलिस ने शुवालकुची से बरामद किया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि रंगिया से अपहृत किए गए जहरुल इस्लाम को शुवालकुची से बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने बताया है कि इस मामले में शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शुवालकुची गंधामोल निवासी जहरुल इस्लाम, नवोद अहमद और साइदुल इस्लाम के रूप में की गई है। तीनों अपहर्ताओं ने बुधवार को जहरुल इस्लाम का रंगिया शहर से अपहरण कर लिया था। अपहर्ता उसे कार से लेकर मौके से फरार हो गए थे। पुलिस इस संबंध में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार तीनों अपहर्ताओं से सघन पूछताछ कर रही है।

# मुस्लिम देश ने अपने शहर का बदला नाम, अल मिंहाद अब कहलाएगा हिंद सिटी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के एक फैसले को लेकर इन दिनों देश की राजधानी में खूब चर्चा चल पड़ी। सरकार द्वारा मुगल गार्डन का नाम बदलने को लेकर राजनीति भी देखने को मिली। वहीं अब खबर है कि दुनिया में सबसे ताकतवर मुस्लिम देशों में गिने जाने वाले संयुक्त अरब अमीरात ने भी अपने शहर का नाम बदल दिया है। यूएई ने अपने शहर का नाम बदलकर हिंद सिटी रख दिया है। ये शहर अबतक अल मिनहाद के नाम से जाना जाता था। लेकिन अल मिनहाद अब हिंद सिटी बन गया है। ये फैसला संयुक्त अरब अमीरात के शासक शेख मोहम्मद बिन राशीद अल मख्तुम के आदेश के बाद लिया गया है। आपको बता दें कि हिंद सिटी करीब 84 किलोमीटर में फैला हुआ है। दुबई के शासक और संयुक्त अरब अमीरात के उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने 29 जनवरी को अल मिन्हाद क्षेत्र का नाम बदलकर *हिंद शहर* करने के निर्देश जारी किए। हिंद 1 से हिंद 4 तक 4 जोन वाला यह शहर 83.9 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। जैसे ही यह खबर भारत पहुंची, कुछ लोगों ने ऑनलाइन दावा किया कि भारतीयों के योगदान को स्वीकार करने के लिए दुबई जिले का नाम बदल दिया गया है। हालांकि नाम बदलने के लिए कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया गया है। *हिंद* का अर्थ अरबी में काफी कुछ हो सकता है, और यह एक पुराना अरबी नाम भी है। दरअसल, शेख मोहम्मद की पहली पत्नी का नाम भी हिंद है। शेख मोहम्मद की वरिष्ठ पत्नी हिंद बिन्त मकतूम अल मकतूम ने 26 अप्रैल 1979 को एक भव्य समारोह में उनसे शादी की। इस दंपति के 12 बच्चे थे, जिनमें क्राउन प्रिंस और दुबई के क्राउन के लिए अगली कतार में शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम शामिल है।

No. 204189-349

**NOTICE**

It is hereby informed that bid No. GEM/2022/B/2359373 dated 18-July-2022 published by Director of Land Records & Surveys etc., Rupnagar, Assam in GeM regarding Comprehensive and well organized Telecommunication Infrastructure/Network for Revenue Circle offices, Sub Registrar Offices, DLR&S etc, is hereby stands cancelled.

sd/-
Director of Land Records, Assam
Rupnagar, Guwahati-32

*-- Janasanyog / C/19275/22*

## पृष्ठ एक का शेष

### *नाइजीरिया ने जलवायु...*

देशों को बड़ी मात्रा में धन की जरूरत पर नाइजीरिया ने जोर दिया है। गुरुवार से शुरू हुई पहली सस्टेनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप मीटिंग (एसएफडब्ल्यूजीएम) में सौ से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें स्थायी वित्तीय समाधान पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान नाइजीरियाई सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए *काफी धन* की जरूरत है। नाइजीरिया के वित्त मंत्रालय के सलाहकार महमूद इसा दुत्से ने यहां चल रही जी20 बैठक से इतर कहा कि जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए दुनिया को हर साल चार खरब डॉलर की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्याओं से लड़ने के लिए बहुत सारे पैसे की जरूरत होती है। अगर हम धन नहीं इकट्ठा कर सकते हैं, तो स्थिरता और जलवायु परिवर्तन का विरोध करने के बारे में बात करने का कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि हमें जीवाश्म ईंधन में कटौती करने के साथ ही हरित प्रौद्योगिकियों को बढ़ाने की आवश्यकता है।

### *बाल विवाह के ...*

जरिए की है। इन आंकड़ों के सामने आते ही मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि राज्य सरकार शुरु से ही बाल विवाह के खतरों से वाकिफ थी। इसी का नतीजा है कि राज्य की पुलिस ने 4004 मुकदमें सिर्फ और सिर्फ बाल विवाह कानून का मखौल उड़ाने की कोशिश करने वालों के खिलाफ ही दर्ज किए हैं। असम राज्य में मौजूद 15 जिलों के अलग अलग थानों में यह 4004 मुकदमे दर्ज कुए हैं। इन सभी मुकदमों की डिटेल मुख्यमंत्री कार्यालय को भी भेजी जा चुकी है। बाल विवाह कानून के अंतर्गत दर्ज किए गए इन 4004 मुकदमों पर नजर डालें तो, राज्य के 15 जिलों में से सबसे ज्यादा मुकदमे (370) धुबड़ी जिले में दर्ज हुए हैं। जबकि दूसरे नंबर पर कमिश्नरेट (192 मुकदमे) और तीसरे नंबर पर ग्वालपाड़ा जिला (157) रहा है। बाल विवाह कानूनों संबंधी सबसे कम मुकदमे राज्य में दीमा हसाओ जिले में (24) दर्ज पाए गए हैं। इन सनसनीखेज आंकड़ों के सामने आते ही मुख्यमंत्री ने खुद ही इन पर एक्शन कराये जाने का संज्ञान लिया है।

### *त्रिपुरा विस चुनाव...*

जनसभाओं में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, भाजपा के जनजाति मोर्चा के अखिल भारतीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव, असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विस्व शर्मा, पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी, सांसद दिलीप घोष, केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर, सांसद लॉकेट चट्टोपाध्याय, सांसद राजदीप रॉय और भाजपा के केंद्रीय नेता मिथुन चक्रवर्ती भी अन्य स्थानों पर जनसभा करेंगे। नड्डा शुक्रवार की दोपहर 12 बजे अमरपुर और शाम 4 बजे पबियाछड़ा विधानसभा क्षेत्र में चुनावी जनसभा में हिस्सा लेंगे। इसके अलावा विशालगढ़ और शांतिबाजार में सांसद दिलीप घोष, धर्मनगर और बागबासा में सांसद राजदीप राय, करमछड़ा और सूरमा में सांसद समीर उरांव और तेलियामुरा और कमलासागर में पश्चिम बंगाल के नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी जनसभाओं में हिस्सा लेंगे। इसी तरह बनमालीपुर, कृष्णापुर और सूर्यमणिनगर में असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा, केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर बधारघाट और काकरावां-शालगढ़, सांसद लॉकेट चट्टोपाध्याय सारिलाम और बक्सानगर, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी टाउन बाराडोवाली और नलचरा में तथा भाजपा के केंद्रीय नेता मिथुन चक्रवर्ती बामुटिया, मंदाई बाजार और खैरपुर में चुनाव प्रचार करेंगे। इसके अलावा, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद बिप्लप कुमार देब शुक्रवार को रामनगर और अगरतला में *विजय संकल्प* रैलियों में भाग लेने वाले हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव भट्टाचार्य प्रतापगढ़ में, सांसद रेवती त्रिपुरा अंबासा और राइमा घाटी में और केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार धनपुर और सोनमुरा में प्रतिमा भौमिक चुनाव प्रचार करेंगी।

### *समान नागरिक संहिता...*

पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। मंत्री रिजिजू ने कहा कि 21वें विधि आयोग की अवधि 31 अगस्त 2018 को समाप्त हो गई। वर्तमान विधि आयोग का गठन 21 फरवरी, 2020 को किया गया था, लेकिन इसके अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति आयोग का कार्यकाल समाप्त होने से महीनों पहले पिछले साल नवंबर में की गई थी। 21 वें विधि आयोग ने समान नागरिक संहिता से संबंधित विभिन्न मुद्दों की जांच की और व्यापक चर्चा के लिए अपनी वेबसाइट पर *परिवार कानून में सुधार* नामक एक परामर्श पत्र अपलोड किया। आपको बता दें, समान नागरिक संहिता भारतीय जनता पार्टी का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा रहा है। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में यह भाजपा के प्रमुख चुनावी वादों में शुमार था। उत्तराखंड और गुजरात जैसे भाजपा शासित कुछ राज्यों ने इसे लागू करने की दिशा में कदम उठाया है।

### *एससी कॉलेजियम पर ...*

में 25 वर्षों से अधिक समय तक लंबित मुकाबलों की संख्या 81 है। 30 जनवरी 2023 तक राष्ट्रीय न्यायिक डाटा ग्रिड (एनजेडीजी) पर उपलब्ध डाटा के अनुसार, उच्च न्यायालय और जिला एवं अधीनस्थ न्यायालयों में 25 वर्षों से अधिक समय तक लंबित मामलों की संख्या क्रमशः 1,24,810 और 2,76,208 है। जवाब में कानून मंत्री ने यह भी बताया कि लंबित मामलों की समस्या एक बहुआयामी समस्या है। जो देश की जनसंख्या में वृद्धि और जनता में अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ने के साथ ही साल दर साल बढ़ रही है। इसके अतिरिक्त साल 2020 के दौरान आई कोविड-19 महामारी ने भी पिछले तीन सालों में लंबित मामलों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

### *सात लाख तक ...*

9 लाख रुपए पर टैक्स 10 फीसदी हो जाएगा। 7 लाख 1 रुपए में से 3 लाख घटा दिए जाएं तो बाकी के 4 लाख 1 रुपए पर टैक्स देना होगा। 4 लाख 1 रुपए में से 3 लाख रुपए पर 5 फीसदी टैक्स लिया जाएगा, जो कि सालाना 15 हजार रुपए बनेगा। इसी तरह बाकी रह गए 1 लाख रुपए पर यही टैक्स 10 फीसदी हो जाएगा, यानी सालाना 10 हजार रुपए देने होंगे। कुल मिलाकर इस तरह आपको 25 हजार रुपए अपनी आमदनी से देने होंगे। हालांकि, फ्लैट डिडक्शन का इस्तेमाल कर आप 7 लाख 1 रुपए की आय पर भी टैक्स देने से बच सकते हैं।

### *नगालैंड विस चुनाव...*

ओखा (अ.ज.) रेनबोंथुंग एजुंग, 40 नंबर भंडारी (अ.ज.) म्हानलुमो किकोन, 41 नंबर तिजित (अ.ज.) पी पाइवांग कोन्याक, 44 नंबर फोमशिंग (अ.ज.) कोनांगगम कोन्याक, 46 नंबर मोन टाउन (अ.ज.) ई चेओंग कोन्याक, 50 नंबर लोंगलेंग (अ.ज.) एस पांगनिउ फोम, 52 नंबर लोंगखिम चारे (अ.ज.) सेथ्रोंगक्यू संगतम, 53 नंबर (अ.ज.) बशोंगमोंगबा चांग, 56 नंबर नकलाक (अ.ज.) एच हाइंग एवं, 59 नंबर सियोचुंग सितिमी (अ.ज.) वी काशीहो संतम। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बुधवार को नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में 60 सदस्यीय नगालैंड विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप दिया गया। इसकी जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष तेमजेन इम्ना अलांग लोंगकुमेर ने दी है। तेमजेन इम्ना ने कहा कि वह और राज्य के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री वाई पेट्टन 27 फरवरी को होने वाले नगालैंड विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची के बाद आज दिल्ली से नगालैंड के लिए रवाना होंगे। उन्होंने कहा कि नेशनल डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी% (एनडीपीपी) यानी मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो के फैसले के मुताबिक भाजपा ने 20 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। बाकी 40 सीटों पर एनडीपीपी उम्मीदवार उतारेगी।

### *मेघालय चुनाव : सीएम...*

उम्मीदवारों की सूची में दो मौजूदा भाजपा विधायक संबोर शुल्लई और ए एल हेक शामिल हैं, जो शहर में क्रमशः दक्षिणी शिलांग और पायथोरुखरा निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा, अन्य दलों को छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले मौजूदा विधायकों को भी सूची में शामिल किया गया है। इनमें एच एम शांगप्लियांग, फेरलिन संगमा, बेनेडिक्ट मारक और सैमुअल एम संगमा शामिल हैं, जो क्रमशः मावसिनराम, सेलसेला, रक्समग्रे और बाघमारा निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी पश्चिम शिलांग सीट से चुनाव लड़ेंगे। गौरतलब है कि मारक ने 2014 में हथियार डाल दिए थे और उग्रवादी संगठन अचिक नेशनल वालंटियर काउंसिल-बी को भंग कर दिया था। वह गारो जनजाति के लिए अलग राज्य बनाने की मांग को लेकर सशस्त्र उग्रवादी संगठन एनवीसी में शामिल हुए थे। कोनराड संगमा के खिलाफ मुखर रहने के लिए जाने जाने वाले बर्नार्ड मारक को पिछले साल गिरफ्तार किया गया था और उन पर अनैतिक मानव तस्करी समेत तुरा स्थित अपने फार्महाउस में वेश्यालय चलाने का आरोप लगाया गया था। बर्नार्ड तुरा जिला परिषद के भी एक सदस्य हैं। पार्टी के मुताबिक वर्ष 2018 में नोंगथिम्मई निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव हारने वाले राज्य भाजपा अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी पश्चिम शिलां निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा के मुताबिक उसके पार्टी प्रवक्ता एम.एच. खरकंग उत्तरी शिलांग निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ेंगे। भाजपा प्रवक्ता ने बताया कि पार्टी ने एनपीपी की पूर्व विधायक फेरलिन संगमा सहित सात महिला उम्मीदवारों को भी टिकट दिया है।

### *राम जन्मभूमि को ...*

जन्मभूमि को विस्फोट करके उड़ा देगा तथा उसके बाद फोन करने वाले ने कॉल काट दी। सिंह ने बताया कि इस सूचना पर सभी थानों की पुलिस को अलर्ट कर दिया गया और रामजन्म भूमि परिसर में कई थानों की पुलिस को तैनात कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस मामले में एक मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है। गौरतलब है कि रामजन्म भूमि-बाबरी मस्जिद मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नौ नवंबर 2019 को दिए गए ऐतिहासिक निर्णय के बाद अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। इसके इस साल दिसंबर तक पूरा हो जाने की उम्मीद।

### *नेपाल से पहुंची...*

उत्सवी माहौल में सरयू नदी के पुल पर फूल बरसाकर और नगाड़े बजाकर स्वागत किया गया। जय श्रीराम के जयकारे लगे। श्रद्धालुओं का हुजूम इस कदर उमड़ा कि शिलाओं को रामसेवकपुरम पहुंचने में 1 घंटा लग गया। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, डॉ. अनिल मिश्र, मेयर ऋषिकेश उपाध्याय ने शिलाओं को रामसेवकपुरम में रखवाया। सुरक्षा के लिए बाहर पीएसी-पुलिस तैनात की गई है। रामजन्मभूमि परिसर में शिलाओं को रखने के खास इंतजाम किए गए हैं। वहीं, पूजन में शामिल होने के लिए 100 महंतों को आमंत्रित किया गया है। ओडिशा और कर्नाटक से भी शिलाएं अयोध्या आएंगी। इन सभी का तुलनात्मक अध्ययन मूर्तिकार करेंगे। फिर उनके परामर्श पर ट्रस्टी विचार करेंगे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि भगवान श्रीराम के मंदिर में मूर्ति किस तरीके की हो और किन शिलाओं से यह मूर्ति निर्मित हो, इस पर राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट विचार कर रहा है। इसके लिए देशभर के मूर्तिकारों के विचारों को जानने के लिए बुलाया गया है। भगवान की मूर्ति की भाव भंगिमां कैसी हो, इस पर गहनता से विचार किया जा रहा है। ओडिशा और कर्नाटक से भी शिलाएं मंगवाई गई हैं, लेकिन उनके यहां आने का समय अभी तय नहीं हुआ है। सभी शिलाओं को एकत्र करने के बाद विशेषज्ञों की सलाह के बाद ही गर्भगृह की मूर्ति किस पत्थर से बनाई जाएगी, इस पर निर्णय लिया जाएगा। जानकारी के अनुसार सभी शिलाओं की जांच के बाद, उनमें से एक शिला का इस्तेमाल गर्भगृह के ऊपर पहली मंजिल पर बनने वाले दरबार में श्रीराम की मूर्ति बनाने में किया जाएगा। वहीं, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न की मूर्तियां भी इन्हीं शिलाओं से बनाई जाएंगी। बता दें कि गर्भगृह में अभी श्रीराम समेत चारों भाई बाल रूप में विराजमान हैं। इन प्रतिमाओं के छोटी होने के कारण भक्त अपने आराध्य को निहार नहीं पाते हैं। ऐसे में बताया जा रहा कि इन प्रतिमाओं का बड़ा स्वरूप बनाया जाएगा। हालांकि इसको लेकर अभी मंथन चल रहा है। मंदिर प्रशासन की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और विश्व हिंदू परिषद एक साल से इन शिलाओं को लाने का प्रयास कर रही थी। नेपाल के जनकपुर में काली नदी से ये पत्थर निकाले गए थे। अभिषेक और विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद शिला को 26 जनवरी को अयोध्या के लिए रवाना किया गया था। इस दौरान ये बिहार के रास्ते, यूपी में कुशीनगर और गोरखपुर होते हुए बुधवार रात अयोध्या पहुंची हैं। एक शिला का वजन 26 टन है, वहीं दूसरी शिला का वजन 14 टन है। माना जा रहा है कि यह शिलाएं 6 करोड़ साल पुरानी हैं। शालिग्राम शिला अयोध्या पहुंचने पर साधु-संतों, महंतों और श्रद्धालुओं में खुशी है। रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास ने कहा कि शालिग्राम शिलाओं की सभी मंदिरों में पूजा की जाती है। शालिग्राम शिलाओं से मूर्ति अगर बनती है तो यह अच्छी बात है। वहीं, श्रीरामवल्लभाकुंज के प्रमुख और विक्रमाादित्य महोत्सव समिति के अध्यक्ष स्वामी राजकुमार दास ने कहा कि रामलला के मंदिर में शालिग्राम की मूर्ति स्थापित होने से अयोध्या के संतों और देशभर के राम भक्तों में खुशी होगी। मंदिर प्रशासन की माने तो भगवान राम के मंदिर का निर्माण तेजी के साथ किया जा रहा है। ऐसे में कार्यशाला में राम मंदिर निर्माण कार्य के लिए पत्थरों को तराशने का कार्य भी चल रहा है। अगस्त 2023 तक भगवान श्री राम के मंदिर का भूतल बनकर तैयार हो जाएगा। ऐसे में कार्यशाला के अंदर पत्थरों को तराशने के लिए भारी मात्रा में कारीगरों को लगाया गया है। बंसी पहाड़पुर के आए हुए पत्थरों, जिन्हें पिंक सैंड स्टोन के रूप में जाना जाता है, को तलाशने का कार्य हो रहा हैं।

### *गौमांस पर दरवाजे ...*

था। इस पर गोलवलकर जी ने कहा कि वे हिंदू हैं। उनके लिए दरवाजे बंद नहीं हैं, क्योंकि हम वसुधैव कुटुम्बकम् की अवधारणा पर काम करते हैं। किसी ने मजबूरी में गौमांस ही क्यों न खाया हो, किसी कारण से वे चले गए तो दरवाजा बंद नहीं कर सकते हैं। आज भी उसकी घर वापसी हो सकती है। होसबोले ने कहा कि भारत हिंदू राष्ट्र है, क्योंकि इस देश को बनाने वाले हिंदू हैं। कुछ लोग कहते हैं कि वेद पुराण में हिंदू नहीं हैं, लेकिन वेद पुराण में ऐसा भी नहीं कि इन्हें स्वीकार नहीं किया जाए। उन्होंने कहा कि सत्य और उपयोगी बातों को स्वीकार करना चाहिए। डॉ. हेडगेवार इस व्याख्या में नहीं पड़े कि हिंदू कौन हैं। भारत भूमि को पितृ भूमि मानने वाले हिंदू हैं, जिनके पूर्वज हिंदू हैं, वे लोग हिंदू हैं। जो स्वयं को हिंदू माने, वो हिंदू है। जिन्हें हम हिंदू कहते हैं, वो हिंदू हैं।

### *पांच पतियों में ...*

मिलने पर जब उनसे पूछा गया कि पांच रसोइयों का वेतन सात लोगों में बांटा जा रहा है। इस पर उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति वह संस्कृति है, जहां पांच पति एक पत्नी को आपस में बांट सकते हैं, जैसे महाभारत में हुआ था। इसके बाद वह हंसने लगे। यह बयान बायरल होते ही हंगामा शुरू हो गया। भाजपा के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की मुखिया गुरु को गोरू बना देती हैं। इस पार्टी को अब सब कुछ छोड़ कर गाना-बजाना करना चाहिए। जनता सब कुछ देख रही है। वहीं भाजपा की आसनसोल (दक्षिण) विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मित्रा की टिप्पणी इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि राज्य की सत्ताधारी पार्टी महिलाओं के प्रति कोई सम्मान नहीं रखती है। यही वजह है कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की सूची में इतने सारे लोगों पर बलात्कार और छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया है। तृणमूल के राज्य सचिव कुणाल घोष ने निंदा करते हुए कहा है कि महाकाव्यों की भ्रामक और गलत जानकारी वाली तुलना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं मदन मित्रा की टिप्पणी की कड़ी निंदा करता हूं।

## *स्वर्वेद भाष्य*




**चतुर्थ मंडल** **सप्तम अध्याय**

**(योगाभ्यास)**

**गुरु स्वरूप मंगल सुभग, विभ्रत आज विराज।**
**फिर साधन निज योग का, सब विधि सुखत सुसाज॥ 17॥**

**शब्दार्थ :** (सुभग) सुन्दर, भाग्यवान (विभ्रत) धारण (भाज) प्रकाश (विराज) साकेत, अम-तपुरी।

**भाष्य :** प्रकाशमान विराज में मंगलस्वरूप गुरुमूर्ति को धारण, स्मरण कर अपने योग-साधन का प्रारंभ करना चाहिए, जिससे सब प्रकार सुखमय, सर्व ओर से सुशोभित अध्यात्म पथ सुलभ हो।

**सुरति फँसी संसार में, ता कहँ लेहु समेट।**
**स्थिर बाँधो लक्ष्य में, त्याग सकल जग ऐंट॥ 18॥**

**शब्दार्थ :** (सुरति) आत्म-चेतना (विखरि) फैलकर (निरोध) संयम, रोकना (अनूप) उपमारहित।

**भाष्य :** आत्म-चेतना संसार में फैलकर जगत् का स्वरूप बन गई है। सु उसे अपने स्वरूप में निरोध करने पर अनुपम अपना सुद्ध स्वरूप प्रकट प्रकाशमान प्राप्त होता है। सुरति को गुरु-प्रदेश में स्थिर करने पर अपने चेतन स्वरूप द्वारा ब्रह्मसत्ता का प्रकट अनुभव होता है इसलिए सुरति को चारों ओर से बटोर करके गुरु-प्रदेश में स्थिर करें।

गणतंत्र दिवस की परेड में भाग लेकर लौटे एनसीसी कैडेड ने राज्यपाल से की मुलाकात

# राष्ट्रीय विकास में एनसीसी की भूमिका अहम : प्रो. मुखी




**गुवाहाटी ( हि.स. )।** नई दिल्ली में 74वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर एनईआर निदेशालय एनसीसी दल में शामिल पूर्वोत्तर राज्यों के लड़के और लड़कियों ने गणतंत्र दिवस परेड और पीएम की रैली में भाग लेकर दिल्ली से लौटने के बाद गुरुवार को असम के राज्यपाल प्रो. जगदीश मुखी राजभवन में मुलाकात की। 120 एनसीसी कैडेटों में से, अधिकतम भागीदारी असम की एनसीसी इकाइयों से थी। राज्यपाल प्रो. मुखी ने दल के प्रत्येक सदस्य को बधाई देते हुए दल के सदस्यों का अभिनंदन किया और सदस्यों की राष्ट्रवादी भावना की सराहना की और कहा कि उनका देशभक्ति के जज्बे का प्रदर्शन सभी के लिए एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि एनसीसी नि:स्वार्थता, ईमानदारी, अनुशासन, कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास पैदा करने और नेतृत्व गुण हासिल करने के तरीके जैसी कई अन्य मूल्यवान चीजें सिखाती हैं। राज्यपाल ने दल की सराहना करते हुए कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए चुना गया। उन्होंने आह्वान किया कि वे अपने भविष्य में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहें। उन्होंने कहा कि युवाओं के राष्ट्रीय विकास में एनसीसी की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है, जो देश का भविष्य है। उन्होंने कहा कि एनसीसी एक भारतीय होने की भावना को मजबूत करता है। राज्यपाल ने कहा कि उनका विचार है कि एनसीसी प्रशिक्षण सभी स्कूलों और कॉलेजों में लागू किया जाना चाहिए जिससे छात्र अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक जिम्मेदार हो सकेंगे। राज्यपाल ने सभी कैडेटों को पारंपरिक गमछा देकर सम्मानित किया और उनके भविष्य के सभी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। राज्य की प्रथम महिला प्रेम मुखी, आयुक्त और राज्यपाल के सचिव, एसएस मीनाक्षी सुंदरम, मेजर जनरल गगनदीप सिंह, अतिरिक्त महानिदेशालय एनएनई क्षेत्र ब्रिगेडियर दिनार दिघे, ग्रुप कमांडर एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, गुवाहाटी ब्रिगेडियर राजीव कपूर और राजभवन के अधिकारी समारोह के दौरान मौजूद थे।

## कृष्णगुरु एकनाम अखंड कीर्तन में वर्चुअली शामिल होंगे पीएम

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी शुक्रवार को असम के बरपेटा जिला में कृष्णगुरु सेवाश्रम में आयोजित होने वाले विश्व शांति के लिए कृष्णगुरु एकनाम अखंड कीर्तन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होंगे। इस मौके पर प्रधानमंत्री कृष्णगुरु सेवाश्रम के श्रद्धालुओं को संबोधित भी करेंगे। उल्लेखनीय है कि परमगुरु कृष्णगुरु ईश्वर ने कृष्णगुरु सेवाश्रम की स्थापना वर्ष 1974 में बरपेटा जिला (असम) के नासत्रा गांव में की थी। वे महावैष्णव मनोहरदेव के नौवें वंशज हैं, जो महान वैष्णव संत श्री शंकरदेव के अनुयायी थे। विश्व शांति के लिए कृष्णगुरु एकनाम अखंड कीर्तन कृष्णगुरु सेवाश्रम में 6 जनवरी से एक महीने तक चलने वाला कीर्तन है।

# संरक्षा वृद्धि के लिए पूसीरे कई ट्रैक अनुरक्षण कार्य में जुटा



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** पूर्वोत्तर सीमा रेल (पूसीरे) ने ट्रेन परिचालन में संरक्षा बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण अनुरक्षण और विकास कार्य किए हैं। पूसीरे में अप्रैल से दिसंबर, 2022 के दौरान रेलवे ट्रैक, स्लीपर और टर्नआउट के नवीकरण; डीप स्क्रीनिंग, बलास्ट भराई, ट्रैक और प्वाइंट्स एवं क्रॉसिंग आदि सहित कई ट्रैक अनुरक्षण कार्य किए गए। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने गुरुवार को एक बयान में बताया है कि पूसीरे रेलपथ संरचना और ट्रेन परिचालन की सुनिश्चित संरक्षा में सुधार करने के लिए ट्रैक नवीनीकरण कार्यों को निष्पादित कर रहा है। अप्रैल से दिसंबर, 2022 के दौरान 334.05 किमी का रेल नवीनीकरण, 126.43 किमी का स्लीपर नवीनीकरण और 189.75 सेटों का टर्नआउट नवीनीकरण किया गया है। इस अवधि के दौरान यात्रियों के लिए झटका मुक्त और आरामदायक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ट्रैकों में 35 थिक वेब स्विच लगाए गए है। अच्छी गुणवत्ता युक्त कार्यों को प्राप्त करने के क्रम में पूसीरे ट्रैक मशीनों का उपयोग कर अनुरक्षण कार्यों को निष्पादित कर रहा है। अप्रैल-दिसंबर, 2022 के दौरान रेलवे ट्रैक के नीचे बलास्ट को पैक करने के लिए 5821.20 किमी रेलवे ट्रैक और 2671 प्वाइंट्स और क्रॉसिंग को टैंप किया गया है, ताकि रेलवे ट्रैक को अधिक टिकाऊ और समतल बनाया जाना सुनिश्चित किया जा सके। अप्रैल से दिसंबर, 2022 के दौरान रेलवे ट्रैक के नीचे क्लीन बलास्ट कुशन सुनिश्चित करने के लिए 224.62 किमी प्लेन ट्रैक और 139 टर्नआउट्स की डीप स्क्रीनिंग की गई। रेलवे ट्रैक की डीप स्क्रीनिंग बलास्ट बेड के लचीलेपन को पुनर्स्थापित करती है, जिसके परिणामस्वरूप ट्रैक की गुणवत्ता में सुधार होता है। इस अवधि के दौरान ट्रैक में कुल 4.78 लाख सीयूएम बलास्ट की भराई की गई और 159 पुलों को पुन: मजबूत किया गया। रेल पटरियों का नियमित अंतराल पर अनुरक्षण और निरीक्षण किया जाता है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक अनुभाग रेल परिचालन के लिए उपयुक्त है और यात्रियों को बेहतर सवारी का अनुभव मिल सके।

## 24 मवेशी समेत एक तस्कर गिरफ्तार

**शिवसागर( हि.स. )।** शिवसागर जिला के जयसागर पुखरी इलाके से स्थानीय लोगों ने पशुओं को ले जा रहे एक ट्रक को रोककर चालक समेत पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि बीती रात जयसागर के पुरानी पोखरी इलाके में स्थानीय लोगों ने 24 मवेशियों को अवैध रूप से लेकर जा रहे एक ट्रक (एएस-02ई-8236) को रोका जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने पशु तस्करी मामले में शामिल ट्रक चालक अकबर अली को गिरफ्तार कर लिया। जब्त किए गए ट्रक में अवैध तरीके से 24 पशुओं को मेघालय तक तस्करी की जा रही थी। पुलिस इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ज्ञात हो कि राज्य में सख्त सुरक्षा पशु कानून लागू होने के बावजूद पशुओं की तस्करी जारी है।

# आईआईटी, गुवाहाटी में आईसीसीएसए जलवायु लक्ष्य-नेट पर सम्मेलन




**गुवाहाटी ( नसं )।** जब देश स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन स्रोतों में भारी निवेश करके कार्बन फुटप्रिंट्स को कम करने की दिशा में काम कर रहा है, देश भर के प्रतिष्ठित संस्थानों के शीर्ष वैज्ञानिकों ने आज पर्यावरण में मीथेन उत्सर्जन को नियंत्रित करने और कम करने के लिए कम लागत वाले व्यावहारिक समाधानों पर चर्चा की। विशेषज्ञ आज आईआईटी-गुवाहाटी में क्लाइमेट गोल्स-टेक्नोलॉजिकल रोडमैप टू नेट जीरो के कृषि और पशुधन के विचार-मंथन सत्र में एकत्र हुए थे, जिसे इंटरनेशनल सेंटर फॉर क्लाइमेट एंड सस्टेनेबिलिटी एक्शन फाउंडेशन (आईसीसीएसए) द्वारा आयोजित किया गया था। इस मुद्दे की गंभीरता पर बात करते हुए आईसीसीएसए के प्रमुख डॉ जे एस शर्मा ने कहा कि चीन और संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद भारत मीथेन का तीसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा ग्लोबल मीथेन असेसमेंट रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में हमारा मीथेन उत्सर्जन लगभग 36 मिलियन मीट्रिक टन ष्टह्2 समकक्ष था। यानी वैश्विक मीथेन उत्सर्जन में भारत का योगदान करीब 6 फीसदी है। कृषि क्षेत्र से उत्सर्जन लगभग 60 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है। डॉ. शर्मा ने कहा, जबकि देश स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बुनियादी ढांचे के निर्माण में निवेश कर रहा है, देश को मीथेन उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए कम लागत वाले व्यावहारिक समाधानों की खोज करते हुए मीथेन उत्सर्जन की जांच के लिए एक नियामक ढांचा तैनात करना चाहिए। पेरिस समझौते के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मुख्यधारा की शमन नीतियों को लाने की आवश्यकता है जो कि 1.5 डिग्री सेल्सियस की सीमा के लिए महत्वपूर्ण है। सत्र के मुख्य अतिथि, एआईसीटीई के अध्यक्ष डॉ टीजी सीताराम ने इस मुद्दे पर बात करते हुए कहा कि भारत में दुनिया में सबसे अधिक पशुधन आबादी है और अधिकांश पशुधन गांव और उसके आसपास प्रबंधित है, हमें ग्राम योजना पर गंभीरता से विचार करना चाहिए जहां गांव के लोगों को शिक्षित किया जा सके। यह भारत के नेट जीरो लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चावल की खेती और पशुपालन जैसी कृषि गतिविधियां भारत में मीथेन उत्सर्जन के प्रमुख स्रोत हैं। मीथेन कार्बन डाइऑक्साइड की तुलना में कहीं अधिक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है, और वातावरण में इसकी उपस्थिति के पहले दो दशकों के भीतर इसका स्पष्ट प्रभाव पड़ता है। सीएसआईआर मुख्यालय में विशेष कार्य अधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि हमारा मानना है कि स्थानीय स्रोत जो खनिजों और विटामिनों से भरपूर हैं, यदि पशु आहार में मिलाया जाए तो न केवल मीथेन उत्सर्जन को नियंत्रित करेगा बल्कि दूध उत्पादकता में भी सुधार करेगा और जिससे डेयरी किसानों की आय में वृद्धि होगी। डॉ. कुमार ने कहा कि तेल और गैस, परिवहन, अपशिष्ट प्रबंधन, खनन और कृषि और पशुधन जैसे क्षेत्रों में इस तरह की कार्यशालाएं आयोजित करने का विचार है, ताकि वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं को स्थानीय इनपुट के साथ व्यावहारिक समाधान विकसित करने और अपनाने के लिए एक साथ लाया जा सके। त्र20 की भारत की अध्यक्षता जहां स्थिरता एक प्रमुख विषय है जो दुनिया भर के सभी हितधारकों के लिए प्रासंगिक है, विशेषज्ञों का यह सम्मेलन जलवायु लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक विशेषज्ञता लाएगा। सम्मेलन के सह-अध्यक्ष और प्रमुख सीडीएमआर, आईआईटी गुवाहाटी, डॉ सुदीप मित्रा ने कहा, भारत द्वारा जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों के लिए सख्त समय सीमा निर्धारित करने के साथ, मीथेन में कमी महत्वपूर्ण हो जाती है। कृषि क्षेत्र से मीथेन उत्सर्जन प्रबंधन के मुद्दे को संबोधित करने के लिए किसानों के साथ सक्रिय अनुसंधान साझेदारी समय की आवश्यकता है। प्रो और डीन जेएनयू, डॉ बिस्वपति मंडल, पूर्व प्रो-वाइस चांसलर, बिधान चंद्र कृषि विश्वविद्यालय, डॉ अनिल कुमार पुनिया, प्रधान वैज्ञानिक और प्रमुख डेयरी माइक्रोबियल डिवीजन, आईसीएआर-एनडीआरआई, डॉ आरती भाटिया, प्रधान वैज्ञानिक आईसीएआर-भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान और प्रधान वैज्ञानिक और एचओडी (कार्यवाहक) एनईएच क्षेत्र के आईसीएआर रिसर्च कॉम्प्लेक्स डॉ समरेंद्र हजारिका ने अन्य लोगों के बीच चर्चा की कि कुछ प्रक्रियाएं अन्य तरीकों की तुलना में मीथेन की कम सांद्रता पर भी काम कर सकती हैं।

## सड़क दुर्घटना में जंगली हिरण की मौत

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** गुवाहाटी के सोनापुर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से एक जंगली हिरण को देखा देखा जा रहा था। जिसकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वन विभाग ने गुरुवार को बताया कि बीती रात सोनापुर थाना क्षेत्र के कसुतली इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग-37 पार करते समय तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से जंगली हिरण की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मृत हिरण के शव को अपने कब्जे में ले लिया। वन विभाग ने बताया कि हिरण का पोस्टमार्टम कर उसे आग के सपूर्द या दफन किया जाएगा। वन विभाग इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। वन विभाग ने आशंका व्यक्त किया है कि पास के ही आमसांग अभारण्य से जंगली हिरण निकलकर रिहायशी इलाके में आया था।

# रंगिया के बरमुरा में माघ माह की पूर्णिमा तिथि महोत्सव का आयोजन



**रंगिया ( निसं )।** विगत वर्षों की तरह इसबार भी रंगिया के बरमूरा गांव के खानापारा के पास अंचल में आध्यात्मिक माघ महीने की पूर्णिमा तिथि महोत्सव का आयोजन एकदिवसीय भव्य कार्यक्रमों के साथ किया गया है। इसबर्ष समिति द्वारा 21वाँ वार्षिक महोत्सव आगामी 21 माघ यानी 5 फरवरी, रविवार को आयोजित किया जायेगा जिसके अंतर्गत सुबह 7.30 बजे खानापारा गांव उन्नयन समिति के अध्यक्ष समिन्द्र नाथ बैश्य द्वारा गांव उन्नयन समिति का ध्वजारोहण, सुबह 7.40 बजे आयोजन समिति के अध्यक्ष रमेश बैश्य द्वारा धार्मिक ध्वजारोहन, सुबह 7.50 बजे प्रागज्योति संघ के अध्यक्ष जयंत बैश्य द्वारा संघ का ध्वजारोहण किया जायेगा। साथ ही सुबह 8 बजे वार्षिक ध्वजारोहण तथा इसके पश्चातसुबह 8.20 बजे आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष अमूल्य बैश्य, महासचिव देवजीत बैश्य, गाँव उन्नयन समिति के महासचिव धीरेन बैश्य और सह-महासचिव प्राणजीत बैश्य द्वारा स्मृति तर्पण तथा चापोनिया के जतिन डेका द्वारा वृक्षारोपण किया जायेगा। मुख्य द्वार का उन्मोचन लोक निर्माण विभाग, नलबाड़ी के जोगेश शर्मा द्वारा सुबह 8.30 बजे किया जाएगा। इसके पश्चात हरदत्त वीरदत्त उच्च माध्यमिक विद्यालय के अवसरप्राप्त प्रधान शिक्षक मनीराम मालाकर की उपस्थिति मे श्रीमद्भागवत भ्रमण का शुभारंभ होगा। इसके साथ ही सुबह 10 बजे खानापारा गांव उन्नयन समिति के पूर्व अध्यक्ष हरकांत बैश्य द्वारा श्रीमद्भागवत की स्थापना की जायेगी। साथ ही बालिसत्र के गजेन डेका द्वारा श्रीमद्भागवत पाठ किया जायेगा। इसके अलावा दोपहर 2 बजे प्रसाद और महा प्रसाद वितरण किया जायेगा। दोपहर 4.45 बजे विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण यूक्लिड, रंगिया के ब्रजेन्द्र मोहन शर्मा, शालबाड़ी उच्च माध्यमिक विद्यालय की विषय शिक्षिका नितुमनी कलिता द्वारा किया जायेगा। इसदिन सांय 5.20 बजे सुबुरी के सभी घरों के लोगों द्वारा अपने द्वार के पास तथा नाम घर मे दीप प्रज्वलित किया जाएगा। इसके अलावा आमंत्रित अतिथि द्वारा दीप प्रज्ववलन और उनका स्वागत समारोह आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर रंगिया के विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता सहित बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के पश्चात भोग वितरण एवं 5.50 बजे से नागरा नाम के साथ रात्रि 10.30 बजे समापन समारोह आयोजित किया जाएगा।

# अभातेममं का कालू तत्व शतक प्रतियोगिता



**गुवाहाटी ( नसं )।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में तेरापंथ महिला मंडल गुवाहाटी के तत्वाधान में स्थानीय तेरापंथ धर्म स्थल में अध्यक्ष मंजू भंसाली की अध्यक्षता में कालू तत्व शतक प्रतियोगिता का आयोजन किया। मंत्री सुशीला मालू ने इस कार्यक्रम का कुशल संचालन किया। कार्यक्रम की शुरुआत नमस्कार महामंत्र से हुई। बहनों के द्वारा पुरानी ढालों का संगान किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजिका मंजू मेहता एवं बीमला कोचर थी। जिन्होंने बहुत ही सुंदर तरीके से इस प्रतियोगिता को करवाया। बहनों ने इस प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिसमें प्रथम स्थान स्वाति सुराणा एवं द्वितीय स्थान कांता बछावत एवं तृतीयस्थान पर डिंपल कोचर रही। सभी विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। सह मंत्री ममता दूगड़ ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस आशय की जानकारी प्रचार प्रसार मंत्री श्वेता सिंघी ने दी।

# ईटानगर से अपहृत तीन युवकों को चेंगा के पूर्वी मोहचरा से बचाया गया

**नगरबेड़ा ( निसं )।** बरपेटा जिले के काछुमारा थाना क्षेत्र के पूर्वी मोहचरा से तीन अपहृत युवकों को छुड़ाया गया. इसे लेकर इलाके में हड़कंप मच गया है। कछुमारा थाना प्रभारी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में आज सुबह तीन युवकों गुलजार हुसैन, नवाज आली और आजीबर रहमान को बचाया गया। पुलिस ने अपहरणकर्ता रफीकुल इस्लाम को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने कहा कि दक्षिण बरपेटा के 53 कर्मचारी पिछले नवंबर में ईटानगर में एक कंपनी में काम करने गए थे। मजदूरों को रफीकुल इस्लाम नाम का एक सरदार ईटानगर ले गया। पीड़ितों की पहचान ईटानगर के गुलजार हुसैन, नेवाज आली को काछुमारा पुलिस ने बचा लिया। क्षेत्र छोड़ने वाले 53 श्रमिकों ने ईटानगर के एक ठेकेदार आरिफुल इस्लाम की कंपनी के लिए काम किया और तीन महीने के बाद मजदूरी के रूपए लगभग 30 लाख रुपये पायेंगे बोलके बताया गया है। ठेकेदार आरिफुल इस्लाम ने मजदूरों को उनकी मजदूरी का भुगतान नहीं किया और उन्हें घर आने से रोक दिया और मजदूरों के मुखिया रफीकुल इस्लाम ने तरह-तरह से धमकाया।इधर कार्यकर्ताओं ने पैसे के लिए सरदार रफीकुल इस्लाम पर दबाव बनाया। पीड़ितों की पहचान ठेकेदार आरिफुल इस्लाम के तीन कर्मचारियों गुलजार हुसैन, आजीबर रहमान और नवाज आली को उठा लेकर आए। अपहृत तीनों युवकों को काछुमारा पुलिस ने आज छुड़ा लिया और उन्होंने कहा है कि वे उन्हें ईटानगर पुलिस को सौंप देंगे। पीड़ितों ने असम पुलिस से घटना की उच्च स्तरीय जांच कराने और अपना वेतन वसूलने का भी अनुरोध किया है।

## चार जुआरी गिरफ्तार

**तिनसुकिया ( हि.स. )।** तिनसुकिया जिला के मार्घेरिटा इलाके से पुलिस ने जुआ खेल में शामिल चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि मार्घेरिटा के कोटेंग सप्ताहिक बाजार से जुआ खेलते चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान पवित्र मान उर्फ पेटूवा (34), निजान खालेने (40), रामबहादुर लिंबू (60) और संजू मुड़ा (27) के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से झंडी मुंडी खेल के लिए आयोजित सामग्री के अलावा नगदी बरामद की गई है। गिरफ्तार सभी आरोपी कोटेंग निवासी अवतार सिंह के घर से 80 हजार नगद रुपए और 10 तोला सोना चुराने के आरोप में भी शामिल बताए गए हैं। पुलिस इस संबंध में गैंबलिंग एक्ट के तहत एक प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

# मैक्रोमैन मॉडर्न बेसिक्स के नए उत्पाद लांच




**गुवाहाटी।** देश की अग्रणी इनरवेयर निर्माता रूपा एंड कंपनी के अंतर्गत डिवीजन मैक्रोमैन मॉडर्न बेसिक्स ने पूर्वोत्तर के बाजार में अपने नए उत्पादों को लांच किया। ऊपरी असम को छोड़कर पूर्वोत्तर के डिस्ट्रीब्यूटर गुड वैल्यू मार्केटिंग के अंतर्गत आयोजित रिटेलर्स मीट में कंपनी ने मिडिल व अपर मिडिल क्लास को ध्यान में रखते हुए नए उत्पादों को बाजार मे उतारा। इनमें वेस्ट्स, ब्रीफ्स, ट्रंक्स, बॉक्सर शॉर्ट्स, लाउंजर्स आदि शामिल हैं। इस मौके पर कंपनी के जोनल बिक्री प्रबंधक शेषाद्री कुमार चक्रवर्ती, क्षेत्रीय बिक्री प्रबंधक दीपांकर मित्रा, गुड वैल्यू मार्केटिंग के पार्टनर विमल कुमार बैद, रंजीत बोथरा, युवा कारोबारी यश बोथरा सहित 100 से अधिक रिटेलर मौजूद थे। उपस्थित सभी रिटेलरो ने मैक्रोमैन मॉडर्न बेसिक्स के सभी उत्पादों की सराहना की। इस मौके पर गुड वैल्यू मार्केटिंग की ओर से बोथरा ने कहा कि कंपनी की ओर से रिटेलर व्यापारियों के लिए कई तरह की आकर्षक स्कीम भी जारी की गई। उन्होंने आशा जताई कि मैक्रोमैन मॉडर्न बेसिक्स के नए उत्पाद लांच होने से मिडिल व अप्पर मिडल क्लास सेगमेंट के ग्राहकों की हर जरूरतों को रूपा कंपनी पूरा करने में सक्षम होगी।

## जी-20 के प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए तैयार हो रहा शुवालकुची

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** कामरूप (ग्रामीण) जिले के वस्त्रनगरी शुवालकुची में जी-20 के प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। जी-20 के प्रतिनिधि 4 फरवरी को वस्त्रनगरी शुवालकुची का दौरा करेंगे। वह असम के स्वाभिमानी एवं पश्चिम के मैनचेस्टर के नाम से मशहूर शुवालकुची के कपड़ा उद्योग का दौरा करेंगे। कामरूप (ग्रामीण) जिला प्रशासन की पहल पर वस्त्रनगरी शुवालकुची के प्रवेश द्वार के सामने जी-20 के प्रतिनिधियों के स्वागत की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। प्रतिनिधि शुवालकुची के बुनकरों के बनाए गए कपड़ों को खरीद सकेंगे। इसके मद्देनजर असम सरकार के कई विभागों के साथ-साथ स्थानीय कपड़ा उद्योग से जुड़े कई व्यापारियों के 16 कपड़ा स्टॉल होंगे। असम सरकार के पर्यटन के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में शुवालकुची वस्त्र उद्योग को बढ़ावा देने और बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

# लैक्मे फैशन वीक एंड एफडीसीआई में गुवाहाटी के डिजाइनर प्रदर्शित करेंगे अपनी सर्जनात्मकता को




**गुवाहाटी।** आईएनआईएफडी गुवाहाटी के डिजाइन छात्र-छात्राओं रिद्धि अग्रवाल और रूथ वेलनगैह नेम को वर्चुअल इवेंट द डिजाइन फेस्टिवल: सीजन 8 में प्रतिष्ठित जूरी के पैनल के सामने रचनात्मक डिजाइन अवधारणाओं को प्रस्तुत करने के लिए तथा एफडीसीआई के साथ आगामी लैक्मे फैशन वीक में प्रदर्शित करने हेतु उनके सृजनशील चयन के लिए काफ़ी सराहना मिली। द डिजाइन फेस्टिवल डिजाइन संस्थानों के सबसे बड़े विश्वीय नेटवर्क-आईएनआईएफडी का एक अनूठा मंच है। यह आईएनआईएफडी केंद्रों के विविध क्षेत्रों के साथ द्वि-वार्षिक रूप से आयोजित 5 दिवसीय राष्ट्रव्यापी आयोजनों की शृंखला है, जहां विशेषज्ञों के विभिन्न पैनल प्रत्येक दिन आईएनआईएफडी के छात्र छात्राओं की डिजाइन प्रस्तुतियों का मूल्यांकन करते हैं। यह आईएनआईएफडी के लिए एक बड़ा अवसर है क्योंकि 5 फैशन डिजाइन और 5 इंटीरियर डिजाइन विजेताओं को आईएनआईएफडी केंद्रों के 5 पूल से चयन किया जाएगा। मार्च 2023 में, चयनित फैशन डिजाइन छात्र छात्राओं को लैक्मे फैशन वीक एंड एफडीसीआई के दौरान आईएनआईएफडी लांचपैड शो में प्रदर्शन करने का एक विशेष अवसर मिलेगा और चयनित इंटीरियर डिजाइन छात्र छात्राओं को लैक्मे फैशन वीक एंड एफडीसीआई में डिजाइनर शो के सेट डिजाइन करने का मौका मिलेगा। प्रत्येक विजेता को नकद पुरस्कार के साथ ही साथ राइज वर्ल्डवाइड के डिजाइन विशेषज्ञों द्वारा एक परामर्श तथा पुरस्कृत किया जाएगा। फैशन और इंटीरियर डिजाइन दोनों के लिए चयन हेतु डिजाइन अवधारणा-ईस्ट मीट्स वेस्ट दुनिया में दो अलग-अलग जगहों की संस्कृतियों का उपयोग करते हुए, एक भारत और दूसरा दुनिया का कोई अन्य हिस्सा-इस विषय को ध्यान में रखते हुए फैशन डिजाइन के छात्रों को किसी भी कला, वस्त्र, शिल्प, पेंटिंग या सिल्हूट का उपयोग करते हुए एक संग्रह डिजाइन करना था, जबकि इंटीरियर डिजाइन के छात्रों को शो के लिए एक सेट या रैंप डिजाइन करना था, जहां किसी भी स्थान जैसे लिविंग रूम, रेस्तरां, थिएटर आदि का सुझाव दिया गया था। जूरी सदस्यों ने विचार प्रक्रिया, डिजाइन सौंदर्यशास्त्र, विषय अनुकूलता के आधार पर प्रस्तुति का विचार किया।

# विकास के प्रति समर्पित, सर्वस्पर्शी और दूरदर्शी है आम बजट: जयराम ठाकुर

**-हिमाचल की तीन रेल परियोजनाओं को मिलेगी गति**



**शिमला, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के संसद में पेश आम बजट की सराहना करते हुए इसे विकास के प्रति समर्पित, सर्वस्पर्शी और दूरदर्शी करार दिया है। जयराम ठाकुर गुरुवार को शिमला में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बजट गांव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। यह ग्राम विकास, कृषि विकास, श्रमिक कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर सहित पूरे देश के समग्र विकास को समर्पित बजट है। उन्होंने कहा कि आम बजट में रेलवे के लिए 2.4 लाख करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं। यह राशि पूर्व यूपीए सरकार के रेल बजट से नौ गुना ज्यादा है। उन्होंने आशा जताई कि इस आम बजट में रेलवे को पर्याप्त धनराशि मिलने से हिमाचल की रेलवे परियोजनाओं भानुपल्ली-बिलासपुर, ऊना-हमीरपुर और चंडीगढ़-बद्दी को गति मिलेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ठाकुर ने कहा कि आम बजट में नागरिकों के लिए बड़े अवसर उपलब्ध कराना, विकास और रोजगार सृजन को मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करना और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करने पर बल दिया गया है। इस बजट की सप्तर्षि प्राथमिकताओं में समावेशी विकास, लास्ट माइल डिलीवरी, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र की मजबूती शामिल हैं। यह महज वर्ष 2023-24 के डेवलपमेंट का एजेंडा नहीं है, बल्कि देश के लिए विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखने वाला ब्लू प्रिंट है। उन्होंने कहा कि अब नौकरी पेशा लोगों को सात लाख रुपये सालाना की आय पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। साथ ही टैक्स स्लैब को को भी घटा कर पांच तक सीमित कर दिया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अमृतकाल के इस पहले बजट में बच्चों और किशोरों के लिए राष्ट्रीय डिजिटल पुस्तकालय स्थापित किया जाना और अगले 3 साल में 740 एकलव्य स्कूलों के लिए 38 हजार 800 टीचर्स और सपोर्ट स्टाफ नियुक्त किए जाने का निर्णय एक स्वागत योग्य कदम है। इस बजट में पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये किया गया है। अगले 3 साल तक 1 करोड़ किसानों को नेचुरल फॉर्मिंग में मदद की जाएगी। इसके लिए 10 हजार बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर्स बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आम बजट में युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए पीएम कौशल विकास योजना 4.0 की घोषणा भी स्वागतयोग्य कदम है। इसके तहत देश भर में 40 स्किल इंडिया सेंटर्स स्थापित किये जायेंगे जो युवाओं के कौशल में और निखार लाएगा और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा।

## बाजार में उतार-चढ़ाव के कारण एफपीओ वापस लिया : गौतम अडाणी




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** उद्योगपति गौतम अडाणी ने कहा कि उनके समूह की प्रमुख कंपनी को पूर्ण अभिदान मिलने के बावजूद अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को वापस लेने का फैसला लिया गया है। अमेरिकी कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की पिछले हफ्ते आई एक रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में 90 अरब डॉलर से ज्यादा की गिरावट दर्ज हुई है। वहीं, अडाणी ग्रुप पर लगे आरोपों की जांच की मांग को लेकर संसद में प्रमुख विपक्षी दलों ने हंगामा किया। अडाणी ने गुरुवार को निवेशकों को संबोधित करते हुए कहा कि एफपीओ को पूर्ण अभिदान मिलने के बाद उसे वापस लेने के फैसले से कई लोगों को हैरानी हुई होगी, लेकिन शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव को देखते हुए निदेशक मंडल को लगता है कि एफपीओ को जारी रखना नैतिक रूप से सही नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिचालनों और भावी योजनाओं पर इस फैसले का कोई असर नहीं होगा। इससे एक दिन पहले अडाणी एंटरप्राइजेज ने अपने 20 हजार करोड़ रुपये के एफपीओ को वापस लेने और निवेशकों का पैसा लौटाने की घोषणा की थी। दरअसल हिंडनबर्ग रिसर्च की पिछले हफ्ते आई रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में 90 अरब डॉलर से अधिक की गिरावट आई है। वहीं, अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर आज शुरूआती कारोबार में 15 फीसदी तक टूट। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी का शेयर 19.24 फीसदी टूटकर 1,724.50 रुपये पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर कंपनी का शेयर 18.93 फीसदी लुढ़कर 1,731.15 रुपये पर कारोबार कर रहा है।

## समाज के हर वर्ग और देश को राह दिखाने वाला है बजट: मुख्यमंत्री शिवराज




**भोपाल, (हि.स.)।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जन कल्याणकारी बजट के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है और केंद्र के बजट को अमृत काल का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग और देश को राह दिखाने वाला बजट है। इस बजट का एजेंडा है नागरिकों के लिए बड़े अवसर उपलब्ध कराना और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करना। आदिवासी विकास के लिए भारत सरकार और प्रधानमंत्री जी गंभीर हैं। सप्त ऋषि प्लान इस बजट का आधार है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार सुबह भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए यह बातें कही। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बजट गरीबों, किसानों, वंचित व शोषितों, दलितों, जनजातियों, दिव्यांगों, माताओं-बहनों तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने का बजट है। इस बजट ने सभी वर्गों को छुआ है। यह सर्वस्पर्शी, सर्वव्यापी और सर्व समावेशी बजट है। उन्होंने कहा कि कल केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने अमृत काल का पहला आम बजट प्रस्तुत किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने आत्मनिर्भर भारत का संकल्प लिया है। यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का बजट है। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए पीएम कौशल विकास योजना 4.0 बहुत स्वागत योग्य कदम है। इसमें 40 स्किल सेंटर देशभर में स्थापित किये जायेंगे। साथ ही महिला विकास पत्र जारी करने का फैसला अभिनंदनीय है। अब बहनों को 2 लाख रुपये की बचत पर सालाना साढ़े 7प्रतिशत ब्याज मिलेगा और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सेविंग अकाउंट में रखने वाली राशि को साढ़े 4 लाख से बढ़ाकर 9 लाख रुपया कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि नेशनल हाइड्रोजन मिशन के लिए 19,700 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। 2030 तक 50 लाख टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादित करने का लक्ष्य है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की कार्बन उत्सर्जन को जीरो करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के बजट को बढ़ाकर 69 हजार करोड़ रुपया कर दिया गया है। इससे हर गरीब के अपने घर का सपना साकार होगा। यह निर्णय हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी की गरीबों के प्रति संवेदनशीलता को दशार्ता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देश के विकास को समर्पित बजट है। चाहे कृषि विकास हो, श्रमिक कल्याण, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण तथा अधोसंरचना का विकास हो, प्रत्येक क्षेत्र को इस बजट ने छुआ है। प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार ने सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है। यह बजट उस संकल्प को पूरा करने वाला बजट है। यह बजट अगले 50 साल के लिए विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखने वाला बजट है।

## विपक्ष के हंगामे के चलते संसद की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही गुरुवार को विपक्ष की अडानी समूह के शेयर गिरने के बाद सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के निवेश पर पड़े असर की जांच की मांग के चलते हुए हंगामे से दिनभर के लिए स्थगित हो गई। इससे पहले दोनों सदनों की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित की गई थी। लोकसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने विपक्ष से चर्चा का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि बजट सत्र की पहली प्राथमिकता राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की होती है। सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। वहीं पीठासीन अधिकारी राजेन्द्र अग्रवाल ने भी विपक्षी सदस्यों से चर्चा में भाग लेने का आग्रह किया। हंगामें को चलते देख उन्होंने कार्यवाही हो दिनभर के लिए स्थगित कर दिया। ऐसी ही स्थिति राज्यसभा में भी रहे विपक्ष के रूख को देखते हुए सभापति जगदीप धनखड़ ने कार्यवाही को दिनभर तक स्थगित कर दी। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर कहा कि सरकार एलआईसी और एसबीआई और अन्य सार्वजनिक संस्थानों द्वारा दबाव में किए गए निवेश की जांच के लिए संयुक्त विपक्ष की मांग पर सहमत नहीं हुई। ऐसे निवेश के मूल्यों में कमी के कारण आज करोड़ों भारतीयों की बचत खतरे में है। वहीं जयराम रमेश ने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री पर भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अडानी का नैतिक रूप से सही होने की बात कहना वैसे ही है जैसे उनके प्रधान मेंटर (प्रधानमंत्री) द्वारा विनम्रता, सादगी और विशाल हृदयता के सद्गुणों का उपदेश देना। यह एंटायर पॉलिटकल साइंस है। कांग्रेस अध्यक्ष ने विपक्ष के अन्य नेताओं के साथ संसद सत्र की रणनीति पर विमर्श किया। उन्होंने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संसद के चल रहे बजट सत्र की तैयारी के तहत आज समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के साथ बैठक की ताकि हमारी रणनीति बनाई जा सके। हम संसद में लोगों की आवाज उठाने और राष्ट्र के सामने सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को रेखांकित करने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संयुक्त विपक्ष की प्रेसवार्ता में कहा कि विपक्ष केन्द्र से जांच की मांग करता है और जांच संयुक्त संसदीय समिति या मुख्य न्यायाधीश की निगरानी में होनी चाहिए। एलआईसी, एसबीआई और अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों में निवेश कर लोग करोड़ों रुपये गंवा रहे हैं। हमें सच्चाई जानने के लिए संसद में चर्चा करने की जरूरत है। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर, बीआरएस सांसद नामा नागेश्वर राव ने लोकसभा और आप सांसद संजय सिंह, विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, शिवसेना सांसद (उद्धव ठाकरे गुट) प्रियंका चतुर्वेदी, माकपा नेता राज्यसभा सांसद एलामाराम करीम, माकपा राज्यसभा सांसद डॉ वी शिवदासन ने राज्यसभा में अडानी मुद्दे पर चर्चा की मांग की। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में सरकार की रणनीति पर चर्चा करने के लिए केंद्रीय मंत्रियों अमित शाह, राजनाथ सिंह, अनुराग ठाकुर, निर्मला सीतारमण, प्रह्लाद जोशी, पीयूष गोयल, नितिन गडकरी, किरेन रिजिजू के साथ बैठक की। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि विपक्ष किसी भी विषय पर चर्चा कर सकते हैं। बजट और राष्ट्रपति के अभिभाषण के संबंध में रचनात्मक सुझाव दिए जाएं। वे विपक्ष से सदन को सुचारू चलने देने की अपील करते हैं। इसी बीच एक एजेंसी ने दावा किया है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने स्थानीय बैंकों से अडानी समूह की कंपनियों, सरकार और बैंकिंग स्रोतों में उनके जोखिम का विवरण मांगा है।

## एमसीडी शिक्षकों-कर्मचारियों के वेतन और पेंशन का जल्द होगा भुगतान




**अजय त्यागी**

**-एमसीडी कमिश्नर ने हाई कोर्ट को दी जानकारी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के शिक्षकों और कर्मचारियों को जल्द ही वेतन और पेंशन का भुगतान किया जाएगा। एमसीडी के कमिश्नर ने आज दिल्ली हाई कोर्ट को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों का दिसंबर, 2022 तक वेतन और पेंशन जारी कर दिया गया है और जनवरी महीने का वेतन एवं पेंशन भी एक से दो दिन में जारी कर दिया जाएगा। दरअसल, निगम के शिक्षकों और सफाई कर्मचारियों की सैलरी और पेंशन नहीं मिलने पर 30 जनवरी को हाई कोर्ट ने दिल्ली नगर निगम को फटकार लगाई थी। चीफ जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली नगर निगम के कमिश्नर, दिल्ली सरकार के वित्त सचिव और शहरी विकास सचिव को व्यक्तिगत रूप से उपस्थिति होने का निर्देश दिया था। हाई कोर्ट के इस सख्त रुख के बाद नगर निगम के कमिश्नर ने हाई कोर्ट को इस फैसले की जानकारी दी। 30 जनवरी को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा था कि 21 दिसंबर, 2022 को दिल्ली नगर निगम ने कहा था कि चार हफ्ते के अंदर शिक्षकों और सफाई कर्मचारियों के बकाए वेतन का भुगतान कर दिया जाएगा। कोर्ट ने कहा था कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को आश्वासन के बावजूद उन्हें भुगतान नहीं किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट 2020 में कोरोना के दौरान शिक्षकों और सफाई कर्मचारियों को वेतन और पेंशन नहीं देने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहा है। याचिका में कहा गया है कि नगर निगम वेतन नहीं दे रहा है और पेंशन के लिए राशि आवंटित नहीं की जा रही है।

## मुंबई में हिंदू जनाक्रोश मोर्चा की रैली पर रोक की मांग, सुप्रीम कोर्ट में कल हो सकती है सुनवाई

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** मुंबई में हिंदू जनाक्रोश मोर्चा की 5 फरवरी को होने वाली रैली के खिलाफ अर्जी को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष उठाया गया। वकील निजाम पाशा ने जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष इस मामले को उठाते हुए इस रैली पर रोक की मांग की। तब कोर्ट ने कहा कि अगर चीफ जस्टिस अनुमति देते हैं तो 3 फरवरी (शुक्रवार) को सुनवाई कर सकते हैं। इस रैली में हेट स्पीच का आरोप लगाते हुए रैली को रोकने की मांग की गई है। निजाम पाशा ने कहा कि मुंबई में हिंदू जनाक्रोश मोर्चा की ओर से 5 फरवरी को रैली आयोजित की गई है। तब जस्टिस के एम जोसेफ की अध्यक्षता वाली बेंच ने पूछा कि हम हेट स्पीच के लिए 21 अक्टूबर 2022 को आदेश जारी कर चुके हैं। एक-एक मामले को लेकर भी आप आएंगे। तब पाशा ने कहा कि आपने अपने आदेश में ऐसी किसी घटना की जानकारी को स्थानीय अधिकारियों को बताने की स्वतंत्रता दी थी। इस आधार पर हमने अधिकारियों को सूचना दी थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसकी वजह से हम कोर्ट आए हैं।

## एक व्यक्ति के एक सीट पर चुनाव लड़ने के कानून की मांग पर सुप्रीम कोर्ट का सुनवाई से इनकार

**- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- इस पर कोई भी फैसला लेने का अधिकार संसद को**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव में एक व्यक्ति को एक ही सीट पर चुनाव लड़ने की अनुमति देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि ये राजनीतिक लोकतंत्र से जुड़ा नीतिगत मसला है। इस पर कोई भी फैसला लेने का अधिकार संसद को ही है। मौजूदा कानून के मुताबिक एक व्यक्ति दो सीटों पर चुनाव लड़ सकता है। याचिका भाजपा नेता एवं वकील अश्विनी उपाध्याय ने दायर की थी। याचिका में कहा गया था कि किसी उम्मीदवार के दोनों सीटों पर चुनाव जीतने की स्थिति में उसे एक सीट छोड़ना पड़ता है।

ऐसे में होने वाले उपचुनाव सरकारी खजाने पर बोझ बनते हैं। ये उन वोटरों के साथ भी नाइंसाफी है जो किसी उम्मीदवार को अपना प्रतिनिधि बनाने के लिए वोट देते हैं। याचिका में कहा गया था कि जुलाई, 2004 में मुख्य चुनाव आयुक्त ने भी तत्कालीन प्रधानमंत्री से जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 33(7) में संशोधन की मांग की थी ताकि एक व्यक्ति एक ही पद के लिए एक से ज्यादा सीट पर चुनाव नहीं लड़ सके।

## अडानी ग्रुप के खिलाफ संजय सिंह ने खोला मोर्चा

**आशीष वर्मा**



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह ने अडानी समूह के संस्थापक और अध्यक्ष गौतम अडानी के खिलाफ मोचार्बंदी शुरू कर दी है। उन्होंने अडानी समूह द्वारा किए गए धोखाधड़ी और इससे सरकार एवं देश की जनता को होने वाली आर्थिक क्षति के मुद्दे पर संसद में चर्चा कराने हेतु नियम 267 के तहत गुरुवार को नोटिस दिया। उनका कहना है कि अडानी समूह के वित्तीय अनियमितता और धोखाधड़ी के चलते एलआईसी, एसबीआई सहित कई सरकारी संस्थाओं के करोड़ों रुपये दांव पर हैं। सिंह ने इस मामले को लेकर प्रधानमंत्री पर तंज कसते हुए ट्वीट किया है। उन्होंने कहा कि झूठ और फ्रॉड का पहाड़ तास के महल की तरह गिर रहा है। सवाल एक ही है देश के करोड़ों लोगों की गाढ़ी कमाई का पैसा डूब रहा है लेकिन मोदी जी खामोश क्यों हैं? इससे पहले मंगलवार को आप सांसद ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर अडानी समूह के खिलाफ लगाए गए हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों का जिक्र करते हुए 'निष्पक्ष जांच' कराने की मांग की थी। उल्लेखनीय है कि आप नेता इस मामले की संयुक्त संसदीय समिति से जांच कराए जाने की भी मांग की है।

## आर्थिक मुद्दों पर संसद में चर्चा चाहती है विपक्ष : खड़गे



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि विपक्ष संसद में आर्थिक मुद्दों पर चर्चा चाहती है। लेकिन केन्द्र सरकार इस विषय पर संवाद करना नहीं चाहती। खड़गे ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सभी पार्टियों के नेताओं ने मिलकर एक फैसला लिया है कि आर्थिक दृष्टि से देश में जो घटनाएं हो रही हैं, उसपर सदन में चर्चा हो। इसी संदर्भ में आगे खड़गे ने कहा कि उन्होंने इन विषयों पर संसद में चर्चा के लिए नोटिस दिया था, लेकिन उनके नोटिस को खारिज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सरकार एलआईसी सहित दूसरे संस्थाओं को बर्बाद कर देश का पैसा चंद उद्योगपतियों को सौंप रही है। यह देश हित में नहीं है।

सरकार को इन मुद्दों पर जवाब देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि आज खड़गे ने विपक्षी दलों के नेताओं के साथ बैठक की है। बैठक के बाद खड़गे ने ट्वीट कर कहा उन्होंने संसद के चल रहे बजट सत्र की तैयारी के तहत आज समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने जनहित के मुद्दों को संसद में उठाने के लिए रणनीति बनाई।

## ब्लिंकन से मिले डोभाल, वैश्विक चुनौतियों से निपटने को बढ़ रहा भारत-अमेरिका सहयोग

**-भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार व अमेरिकी विदेश मंत्री की वार्ता**

**-द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने को दोनों देश प्रतिबद्ध**



**वाशिंगटन, (हि.स.)।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने अपनी अमेरिका यात्रा में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से मुलाकात की है। इस मुलाकात में कहा गया कि वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत-अमेरिका सहयोग बढ़ रहा है। दोनों नेताओं ने कहा कि द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने के लिए दोनों देश प्रतिबद्ध हैं। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल इस समय एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ अमेरिका दौरे पर हैं। इस दौरान अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ उनकी मुलाकात में वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों के विविध आयामों पर वार्ता हुई। इस वार्ता के बाद ब्लिंकन ने ट्वीट कर कहा कि अमेरिका वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए भारत के साथ सहयोग बढ़ा रहा है। उन्होंने ट्वीट में कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने पर चर्चा करने के लिए भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के साथ उनकी अच्छी बैठक हुई है। ब्लिंकन व डोभाल के बीच बैठक को लेकर भारतीय दूतावास ने भी एक ट्वीट किया। भारतीय दूतावास की ओर से किये गए ट्वीट में कहा गया कि दोनों पक्षों ने आपसी हित के वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विस्तार से विचारों का आदान-प्रदान किया। इस दौरान भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के तरीकों पर भी व विचार विमर्श हुआ।

## विश्व भारती विवाद पर बोले कुलपति : ममता आंख के बजाय कान से देखती हैं



**कोलकाता, (हि.स.)।** विश्वभारती में जमीन विवाद को लेकर विश्वविद्यालय प्रबंधन और राज्य सरकार के बीच तकरार लगातार जारी है। विश्वभारती को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के आरोपों पर एक बार फिर विश्वविद्यालय के कुलपति विद्युत चक्रवर्ती ने पलटवार किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम लिखे पत्र सह प्रेस रिलीज में उन्होंने कहा है कि ममता बनर्जी की एक बहुत बड़ी समस्या यह है कि सब लोग आंख से देखते हैं लेकिन वह अपने कानों से देखती हैं। मतलब जमीनी हकीकत को समझे बगैर सुनी सुनाई बातों पर भरोसा करती हैं और उसी पर बयान देती हैं। यह दुर्भाग्य जनक है। अपने इस पत्र में विश्वविद्यालय प्रबंधन ने मवेशी तस्करी मामले में गिरफ्तार बीरभूम के जिला तृणमूल अध्यक्ष अणुव्रत मंडल का भी उल्लेख किया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि कान से देखने के बजाय विवेकपूर्ण चिंतन करें। आज आप के मंत्री और बड़े नेता जेल के अंदर हैं। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है क्योंकि आप आंख से नहीं कान से देखती हैं और ऐसे फैसले लेकर खुद बर्बाद हो रही हैं। आपका प्रिय शिष्य जिसके बगैर आपने कभी बीरभूम जिले की कल्पना नहीं की थी आज जेल में है। अगर आप सावधान होतीं तो बदनामी से बच सकती थीं लेकिन आज भी आप अपने कान से देख रही हैं जो भविष्य में आप को और अधिक समस्या में डालने वाला होगा। ममता ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखने का जो जिक्र किया है उस पर तीखी टिप्पणी करते हुए कुलपति ने कहा है कि विश्व भारती विश्वविद्यालय राज्य का एकमात्र केंद्रीय विश्वविद्यालय है। हमारे ऊपर आपका आशीर्वाद नहीं रहेगा तो अच्छा है। हम प्रधानमंत्री के दिखाए हुए मार्ग पर चलने वाले हैं । आपको राज्य के विश्वविद्यालयों की स्थिति के बारे में चिंता करनी चाहिए। उनकी क्या हाल हकीकत है आपको पता है ना। उल्लेखनीय है कि विश्वविद्यालय में हालात को लेकर राज्य सरकार के साथ लगातार टकराव जारी है। नोबेल विजेता अमर्त्य सेन पर विश्वविद्यालय की 1.38 एकड़ जमीन कब्जाने का आरोप है लेकिन राज्य सरकार ने दावा किया है कि वह जमीन सेन की है। इसे लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक दिन पहले ही बीरभूम के बोलपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए विश्व भारती प्रबंधन पर संस्थान के भगवाकरण का आरोप लगाया था। इसके साथ ही उन्होंने कुलाधिपति प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखने की बात कही है।

# युवाओं के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की शुरूआत सराहनीय कदम

**-आम बजट को किसी ने सराहा, तो किसी को नहीं आया रास**



**हमीरपुर, (हि.स.)।** केंद्रीय वित्तमंत्री सीतारमण द्वारा पेश किए गए आम बजट से किसान, गृहणियां, वेतनभोगी कर्मचारी खुश हैं। बच्चों व युवाओं के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की शुरूआत को सराहनीय कदम माना जा रहा है। तो सोने चांदी व्यवसाई, व्यापारी जगत में नाराज हैं। इसको लेकर कई लोगों से प्रतिक्रियाएं ली गईं। वार्षिक बजट में बच्चों और युवाओं के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी की शुरूआत किया जाना एक सराहनीय कदम है। शासकीय कर्मचारियों के लिए आयकर की नई व्यवस्था जो बजट में प्रस्तावित की गई है वह लाभप्रद योजना है। साथ ही बजट में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जो व्यवस्थाएं प्रस्तावित की गईं हैं वह बुंदेलखंड क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगी। बुंदेलखंड जैसे पिछड़े क्षेत्र को पर्यटन के मानचित्र में लाने में एक अहम कदम होगा। इससे जनता की आय में वृद्धि के साथ ही एक नई पहचान बनेगी। कुल मिलाकर बजट सराहनीय है। केंद्रीय वित्तमंत्री द्वारा पेश किए गए बजट में सोना चांदी को महंगा कर दिया गया है। ज्वैलर्स राकेश साहू ने कहा सोना चांदी जैसी बहुमूल्य धातुओं को महंगा करने से इसकी तस्करी को बढ़ावा मिलेगा। सरकार द्वारा बजट में सोने चांदी पर लगाई गई कस्टम ड्यूटी को खत्म नहीं करके आम व्यक्तियों को इसे खरीदने से दूर किया है। इसका नकारात्मक प्रभाव सरार्फा कारोबारियों पर पड़ेगा। उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष धीरेंद्र गुप्ता उर्फ धीरू ने कहा केंद्रीय बजट से व्यापारी जगत में भारी निराशा का माहौल है। बजट भाषण में वित्तमंत्री ने आम व्यापारियों के लिए कोई घोषणा नहीं की है। पूरा बजट भाषण सुनने के बाद ऐसा प्रतीत हुआ जैसे उनके शब्दकोश में व्यापारियों के लिए कोई शब्द नहीं है। जीएसटी में रिकॉर्ड तोड़ वसूली होने के बाद भी किसी तरह की रियायत नहीं दी गई है। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा कि व्यापारियों की मांग थी मंहगाई को देखते नगद लेन-देन की सीमा बढ़ाकर एक लाख रुपये की जाए। व्यापारी पेंशन योजना लागू की जाए। जीएसटी में पांच करोड़ तक की सेल होने पर एचएसएन कोड की बाध्यता समाप्त की जाए। 1.5 करोड़ तक टर्न ओवर वाले व्यापारी को जीएसटी से छूट प्रदान की जाए। रेपोरेट घटाकर लोन एकाउंट पर ब्याज की दरें घटाई जाएं। जीएसटी दरों के स्लैब कम किए जाएं, 28 प्रतिशत जीएसटी की दरें बहुत अधिक है इसे अधिकतम 18 प्रतिशत किया जाए। खरीद बिक्री का डाटा विभाग के पास जीएसटी पोर्टल पर मौजूद होने के कारण सर्वे छापे की व्यवस्था समाप्त की जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सबसे सराहनीय पहलू यह है की विगत कई वर्षों से विभिन्न आय वर्ग वाले आयकर की सीमा में राहत का इंतजार कर रहे थे। इस बजट में आयकर सीमा को बढ़ाकर 5 लाख से 7 लाख कर देने के कारण समाज के सभी वर्गों को राहत मिलेगी। महिला सम्मान बचत पत्र के माध्यम से 2 लाख तक की जमा पर 7.5 प्रतिशत का ब्याज गरीब महिलाओं को बहुत राहत देगा। कुल मिलाकर वेतनभोगी, छोटे व्यापारियों, किसानों सभी के लिए लाभकारी बजट है। शहर निवासी अवधेश चंद्र गुप्ता ने कहा केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया बजट अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने के लक्ष्य पर केंद्रित है। यह सर्वस्पर्शी व संतुलित बजट है। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने व निवेश को बढ़ाने पर जोर देने के कारण यह उत्पादकता बढ़ाने वाला बजट है। कौशल विकास पर जोर देते हुए युवाओं को स्टार्टअप के माध्यम से स्वरोजगार की तरफ मोड़ने का प्रयास किया गया है। इन सभी से उत्पादकता व रोजगार की उपलब्धता बढ़ेगी। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान संतोष सिंह ने बजट को किसानों के लिए लाभकारी बताया। कहा क्रेडिट कार्ड की राशि बढ़ने पर इसका लाभ किसानों को मिलेगा। उन्होंने कहा कृषि ऋण लक्ष्य को बढ़ाकर 20 लाख करोड़ रुपये करने से किसानों को अत्यंत आवश्यक वित्त उपलब्ध होगा और खाद्यान्न उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा। जखेला के उन्नति शील किसान अंकित सिंह कहते हैं, किसान की औसतन आय तो 27 रुपये प्रतिदिन है। आम बजट में किसानों की आय डबल करने के मामले में केंद्र सरकार मौन रही है। वर्तमान में किसानों की आर्थिक दशा कैसी है इस बारे में वित्त मंत्री ने कुछ नहीं बताया। साल 2016 में यह घोषणा की गई थी कि पांच साल में किसानों की आय डबल हो जाएगी।

# विश्व स्तर पर अपनी पहचान बना रहा सिद्धार्थनगर : योगी आदित्यनाथ



**सिद्धार्थनगर, (हि.स)।** सिद्धार्थनगर महोत्सव-2023 के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जनपद का गठन वर्ष 1988 में हुआ। पिछले 03 दशक तक लगातार उपेक्षा का दंश झेलता रहा। इस जनपद से विकास दूर था। यहां इंसेफेलाइटिस से मौतें होती थीं। नौजवान पलायन करते थे। वर्ष 2017 में देश के प्रधानमंत्री की प्रेरणा से जनपद में विकास के तमाम कार्य प्रारम्भ हुए। जिसके परिणाम आप सबके सामने हैं। करुणा और मैत्री के प्रतीक भगवान गौतम बुद्ध ने बचपन के 29 वर्ष यहीं व्यतीत किये। इसी के नाम पर जनपद का नामकरण सिद्धार्थनगर हुआ। आज वैश्विक मंच पर जनपद सिद्धार्थनगर अपना नाम कर रहा है। पलायन रोकने के लिए इवेंस्टर समिट का आयोजन किया जा रहा है। जनपद सिद्धार्थनगर में बहुत बड़ा निवेश होगा तो यह विकसित जनपद होगा। सीएम योगी ने कहा कि 05 वर्ष पूर्व इंसेफ्लाटिस से पूर्वांचल में बहुत सी मौतें होती थीं। डबल इंजन की सरकार आने के बाद से इंसेफेलाइटिस से मौतें नहीं हो रही हैं। कोविड के दौरान जनपद सिद्धार्थनगर ने अच्छा कार्य किया। एक जनपद एक मेडिकल कालेज की तर्ज पर जनपद में पं. माधव प्रसाद त्रिपाठी के नाम से मेडिकल कालेज तैयार है। यह मेडिकल कालेज स्वास्थ्य सेवाओं का केन्द्र बनेगा। सिद्धार्थनगर वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना रहा है। सिद्धार्थनगर महोत्सव अब आगे बढ़ चुका है। एक जनपद एक उत्पाद के अन्तर्गत चयनित काला नमक चावल को प्रमोट करने का निर्णय लिया गया था। जिस पर बहुत काम किया गया है। आकांक्षा जनपद होने के बाद जिला प्रशासन द्वारा अच्छा कार्य किया गया है। नीति आयोग द्वारा निर्धारित पैरामीटर्स में सिद्धार्थनगर आगे बढ़ा है। उन्होंने सिद्धार्थनगर महोत्सव के भव्य आयोजन हेतु जिला प्रशासन एवं आयोजन समिति को हृदय से बधाई दी। सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने सिद्धार्थनगर महोत्सव के समापन कार्यक्रम में जनपदवासियों की ओर से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान कालानमक चावल के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मान पत्र दिया गया। कार्यक्रम में विधायक श्यामधनी राही, विनय वर्मा, अंकुर राज तिवारी, एमएलसी ध्रुव त्रिपाठी एवं आयुक्त तथा पुलिस महानिरीक्षक सहित तमाम अधिकारी एवं जनपद के लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक एमएलसी : 14 टेबल पर भारी सुरक्षा के बीच मतगणना जारी



**झांसी, (हि.स.)।** शिक्षक एमएलसी चुनाव की मतगणना गुरुवार की सुबह आठ से बुंदेलखंड महाविद्यालय में जारी है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार के निदेर्शानुसार बुंदेलखंड महाविद्यालय के कोठारी हॉल में झांसी-इलाहाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन की मतगणना को लेकर सभी अधिकारी व मतगणना कर्मी समय से पहुंचे गए थे। मतगणना स्थल पर सुरक्षा के भारी इंतजाम किए गए हैं। प्रयागराज-झांसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन 2023 के लिए भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हो गए। सभी 10 प्रत्याशियों के गणना एजेंट पहले से ही उपस्थित हो चुके थे। इसके अलावा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के निदेर्शानुसार सभी मतगणना कर्मी सुबह छह बजे से ही उपस्थित होना शुरू हो गए थे। सभी 14 टेबल पर सर्वप्रथम मतपेटिकाएं लाई गई। पेटिकाओं की सील गणना एजेंट को दिखाकर सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर लिए गए। इसके उपरांत मत पेटिकाओं से मतपत्र निकलाकर उनकी संख्या की गणना की जा रही है। मतगणना की निष्पक्षता के लिए गणना एजेंट को मतपेटिका में कोई भी मतपत्र अवशेष नहीं हैं, यह भी दिखाया गया। मतपत्र की संख्या का फॉर्म 16 से मिलान कर उसके बंडल बनाकर उसे रिटर्निंग ऑफिसर टेबल पर भेजा जा रहा था। उल्लेखनीय है कि सभी 10 जिलों के 141 बूथों पर 34495 मतदाताओं को 10 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करना था। इनमें से कुल 26169 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह से यहां हुआ मतदान 75.863 प्रतिशत रहा था। आज मतगणना के बाद पेटियों में बंद सभी प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होगा।

# ईडी कोर्ट में शशि प्रकाश ने किया सरेंडर, भेजे गए जेल




**रांची, (हि.स.)।** मनरेगा घोटाला के आरोपित इंजीनियर शशि प्रकाश ने ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में गुरुवार को सरेंडर किया है। सरेंडर के बाद अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। शशि प्रकाश पर खूंटी जिले में हुए मनरेगा घोटाला में शामिल होने और उस घोटाले के जरिए अवैध कमाई करने का आरोप है। उल्लेखनीय है कि इंजीनियर शशि प्रकाश के खिलाफ ईडी ने जांच के बाद चार्जशीट दाखिल की है। चार्जशीट में ही शशि प्रकाश को मनी लाउंड्रिंग का आरोपित बनाया गया है। ईडी ने अपनी चार्जशीट में कहा है कि शशि प्रकाश मनरेगा घोटाला के दौरान खूंटी ज़िले में डिस्ट्रिक्ट इंजीनियर के पद पर तैनात थे। उन्हें घोटाले की जानकारी थी और वह भी इस पूरे घोटाले में शामिल थे।

# सिंडिकेट सदस्य कैप्टन गौतम कुमार ने कुलपति को लिखा पत्र

**सहरसा, (हि.स.)।** सिंडिकेट सदस्य कैप्टन गौतम कुमार ने कुलपति को पत्र लिख एक दर्जन बिंदुओं पर बहस कराने की मांग की है। आगामी 04 फरवरी को होने वाली सिंडिकेट की बैठक को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। एक ओर जहां विश्वविद्यालय जोर शोर से बैठक की तैयारी में लगी है। दूसरी ओर सिंडिकेट सदस्यों ने भी कुलपति को पत्र लिख विभिन्न मुद्दों को बैठक में शामिल करवाने की मांग की है। गुरुवार को कुलपति को लिखे पत्र में सिंडिकेट सदस्य कैप्टन गौतम कुमार ने 12 बिंदुओं पर बहस की मांग की है। कैप्टन गौतम कुमार ने कुलपति को भेजे पत्र में 9 जनवरी 2021 को हुई सिंडिकेट की बैठक के निर्णय के आलोक में बीएड नामांकन जांच को बनी कमिटी की रिपोर्ट के आलोक में अब तक कारवाई नहीं होने को बहस में शामिल कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि बीएड प्रकरण में बीएनएमयू की जितनी फजीहत हुई उतनी शायद ही किसी अन्य बिंदुओं पर हुई हो। हालात यहां तक हुए कि बीएनएमयू प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन, नखवाल,श्राद्ध बरखी सब कर दिया गया। जांच कमिटी और हाई कोर्ट ने भी विभाग को दोषी माना उसके बाद भी अब तक दोषी पर कारवाई नहीं हुई। कैप्टन गौतम ने कहा कि बीएनएमयू ने नैक के पहल को पूरी तरह से खाने पीने का अड्डा बना दिया है। वर्षों से पहल के नाम पर खानापूर्ति और पैसों का बड़ा खेल है।

जिसका प्रमाण सचिव असंगबा चूबा आओ द्वारा महालेखाकार को भेजे पत्र (पत्रांक 15/पी/511/2021 )है। जिसमें पांच करोड़ की राशि का साफ संकेत मिल रहा है। उन्होंने पत्र में संत लक्ष्मीनाथ की रचनाओं को हिन्दी और मैथिली विषयों में लागू नही करने व संत लक्ष्मीनाथ की चेयर की स्थापना नहीं होने पर सवाल खड़ा करते हुए इसे बैठक में शामिल करवाने की मांग की है। सिंडिकेट सदस्य कैप्टन गौतम कुमार ने कहा कि बिना सिंडिकेट के सहमति के विगत दिनों विभिन्न कमिटी का गठन व तेजी के साथ हुए निर्णय सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। अनुशासन समिति के कई फैसले को कई महीनों बाद लागू नहीं किये जाने, सिंडिकेट की सहमति के बिना आयोजित दीक्षांत समारोह आयोजन के नाम पर मनमाने राशि निकासी मानों यह साबित कर रहा है कि सदन की गरिमा कोई ख्याल ही नहीं ऐसे हालात रहे तो सिंडिकेट का कोई महत्व ही नहीं रह पाएगा। कुलपति को लिखे पत्र में उन्होंने कई वर्षों से छात्र संघ चुनाव नहीं कराने, बीएनएमयू मुख्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होने,पूर्व के छात्रों को तत्कालीन शिक्षकों की संख्या के आधार पर फीस वापसी नहीं करने आश्वासन के बाद भी कर्मचारियों के वेतन भुगतान नहीं होने,बीएनएमयू परिसर व अन्य महाविद्यालयों में निर्मित गर्ल्स हॉस्टल, कैंटीन, जिमखाना को व्यवस्थित ढंग से शुरू नहीं करने, एकेडमिक सीनेट अविलंब कराने एवं हर माह सिंडिकेट बैठक को सुनिश्चित करने के सम्बन्ध में भी बहस की मांग की है।कैप्टन गौतम ने कहा कि दुखद है कि बीएनएमयू को आगे ले जाने के नाम पर दूरगामी सोच की पहल का घोर अभाव है जिसपर कोई गंभीर पहल नहीं होती।

# साइबर का प्रयोग सतर्कता के साथ करें : डॉ संजय कुमार

**जौनपुर, (हि.स.)।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के सौदागर हाल में पुलिस महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय कुमार साहनी के निर्देश के क्रम में साइबर जागरूकता अभियान के तहत एक संगोष्ठी का आयोजन बुधवार को किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर खान ने एवं संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ संजय कुमार नगर पुलिस अधीक्षक रहे। प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर ने स्वागत भाषण में कहा कि साइबर क्राइम वर्तमान समय में सबसे ज्यादा बढ़ता जा रहा है। साइबर क्राइम से बचने के लिए पुलिस प्रशासन हमेशा हम सबकी मदद करने के लिए अग्रसर रहता है अनेकों तकनीकियों के द्वारा हम साइबर क्राइम निजात पा सकते हैं। जिले में साइबर क्राइम थाने की भी स्थापना की गई है, जो सराहनीय है। मुख्य अतिथि डॉ संजय कुमार ने कहा कि बैंकिंग एवं सोशल नेटवर्किंग के द्वारा अनेकों साइबर क्राइम हो रहे हैं। जिससे हम सबको सतर्कता से कार्य करना चाहिए, जिसका टोल फ्री नंबर 1930 है इसके इस्तेमाल से साइबर क्राइम से बच सकते हैं। प्राचार्य डॉ अब्दुल कादिर ने अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस मौके पर साइबरक्राइम प्रभारी ओपी जयसवाल, डॉ कमरुद्दीन शेख, डॉ जीवन यादव, डॉ केके सिंह, डॉ नीलेश सिंह, डॉ ममता सिंह, डॉ सतीश दुबे, डॉ प्रज्वलित यादव एवं महाविद्यालय परिवार और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन डॉ अजय विक्रम सिंह ने किया।

# धनबाद अग्निकांडः हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा, अबतक क्या कार्रवाई हुई




**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट ने धनबाद जिले के आशीर्वाद टावर में हुए अग्निकांड पर स्वतः संज्ञान लिया है। इस मामले में गुरुवार को हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की खंडपीठ में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार से पूछा है कि अब तक इस मामले में क्या कार्रवाई हुई। अदालत ने नगर विकास सचिव को इस मामले में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि राज्यभर में फायर सेफ्टी ऑडिट किया जाये। अब कोर्ट इस मामले पर 17 फरवरी को सुनवाई करेगा। अदालत ने मौखिक टिप्पणी करते हुए कहा कि यह घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है और इसकी जांच होनी चाहिए। सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन और पीयूष चित्रेश ने कोर्ट के समक्ष पक्ष रखा। उन्होंने अदालत को बताया कि पूरी घटना की जांच के लिए दो कमेटियां गठित की गई हैं।

इसके साथ ही उन्होंने अदालत को बताया कि राज्य के सभी जिलों के डीसी और एसपी को फायर सेफ्टी से जुड़े मानकों की समीक्षा का भी निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि 31 जनवरी को देर शाम धनबाद के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के आशीर्वाद टावर में आग लग गयी थी, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गयी है। जबकि कई लोग झुलस गये।

# सुबह छह बजे ही वायरल हो गया भौतिक प्रश्न पत्र, खुल रही है व्यवस्था की पोल

**बेगूसराय, (हि.स.)।** छात्र जीवन के लिए अति महत्वपूर्ण इंटरमीडिएट की परीक्षा बुधवार से शुरू हो गई है। परीक्षा कदाचार मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए बिहार सरकार और परीक्षा समिति ने कड़े बंदोबस्त किए थे। लेकिन बिहार के शिक्षा माफियाओं ने सरकार की सभी व्यवस्था को एक बार फिर ध्वस्त कर दिया है। पहले दिन की परीक्षा में प्रथम पाली के गणित के प्रश्न और द्वितीय पाली के हिंदी के प्रश्न तो परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले वायरल हो गया था। लेकिन गुरुवार को तो उससे भी एक कदम आगे बढ़कर 9:30 बजे से शुरू होने वाली प्रथम पाली की भौतिक (फिजिक्स) परीक्षा का प्रश्न सुबह छह बजे से ही सोशल मीडिया के माध्यम से छात्रों के मोबाइल तक पहुंच गया। शिक्षा माफियाओं ने सिर्फ वायरल ही नहीं किया है, बल्कि व्यवस्था को खुलेआम चैलेंज कर दिया है। भौतिक के प्रश्न पत्र के प्रथम पृष्ठ पर मोबाइल नंबर-7827396044 भी लिखा गया है। छात्रों से कहा जा रहा है कि इस नंबर पर 199 रुपया गूगल पे या फोन पे करें और पूरा प्रश्न ऑब्जेक्टिव का उत्तर सहित अपने मोबाइल पर पाएं। अब सबसे बड़ा सवाल तो यह है कि जब इस महत्वपूर्ण परीक्षा के प्रश्न पत्र सील बंद कर बैंकों में रखा गया है। बैंक प्रश्न पत्र डिस्पैच करने के लिए आठ बजे खुलेगा तो आखिर सुबह छह बजे प्रश्न पत्र कहां से आ रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि पहले शिक्षा माफिया परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्र पहुंचने के बाद मोबाइल से फोटो




खींचकर उसे आउट करते थे। लेकिन इस बार प्रिंटिंग होने वाले जगह से ही सेटिंग हो गई थी, वहीं से सभी विषय का प्रश्न पत्र बाहर हो चुका है। फिलहाल सारी कवायद के बीच शिक्षा माफियाओं के इस करतब ने बिहार के व्यवस्था की पोल खोल दी है तथा ट्विटर, फेसबुक, टेलीग्राम सहित तमाम सोशल मीडिया पर इसकी जबरदस्त चर्चा हो रही है।

# सभी बोर्ड के स्कूलों में खोले जाए उप्र राज्य मुक्त विद्यालय परिषद के केन्द्र

**कानपुर, (हि.स.)।** योगी सरकार ने शिक्षा से विमुख हो चुके छात्र-छात्राओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए नई पहल की है। उप्र राज्य मुक्त विद्यालय परिषद प्रयागराज के सचिव ने दूरस्थ शिक्षा में कानपुर के सभी बोर्डों के उच्चतर माध्यमिक स्तर तक के विद्यालयों में केन्द्र स्थापित करने के लिए अपील की है। यह जानकारी बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ फतेह बहादुर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि कानपुर में संचालित सभी बोर्डों के माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यपकों अवगत है कि उत्तर प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय परिषद के सचिव ने दूरस्थ शिक्षा में उच्चतर माध्यमिक स्तर तक के समस्त कार्यक्रमों शुरू करने के लिए जिले के समस्त बोर्डों द्वारा संचालित उच्चतर माध्यमिक स्तर तक के विद्यालयों में उप्र राज्य मुक्त विद्यालय परिषद का अध्ययन केन्द्र स्थापित करने की अपेक्षा की गयी है। जिससे राज्य में किसी भी स्तर से कोई भी छात्र एवं छात्रा शिक्षा से वंचित न रह जाये। प्रदेश सरकार की मंशा है कि शिक्षा से विमुख हो चुके छात्र एवं छात्राओं को अध्ययन केन्द्र के द्वारा शिक्षित कर समाज के मुख्य धारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि में उप्र राज्य मुक्त विद्यालय प्रयागराज परिषद के सचिव ने अपील के मुताबिक अपने-अपने विद्यालय में उप्र राज्य मुक्त विद्यालय परिषद, प्रयागराज (वेबसाइट upsosb.ac.in) का अध्ययन केन्द्र में स्थापित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

# साहिबगंज में आग लगने से दो घर जलकर राख



**साहिबगंज, (हि.स.)।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के प्रेम नगर गांव में दिलीप मंडल के घर में गुरुवार सुबह आग लग गई। आग ने इतना विकराल रूप धारण कर लिया कि पूरे घर का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों के मुताबिक दिलीप मंडल घर की छत पर रखी पुआल में आग लग गई। आग की चिंगारी पड़ोसी के घर में भी पहुंच गई और देखते ही देखते दोनों घरों से आग की लपटें उठने लगीं। दोनों घर जलकर राख हो गए। हालांकि, आनन-फानन में घर के लोगों ने अनाज, कपड़े, बक्से, नकदी और आभूषण को बचाने की भरपूर कोशिश की। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गयी। घटनास्थल पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकर्मियों ने बताया कि यहां अंदर आने के लिए संकरा रास्ता होने की वजह से उन्हें काफी परेशानी हुई। उन्होंने बताया कि आग कैसे लगी है अभी तक इसकी पुख्ता जानकारी नहीं मिल पायी है। अंदाजा लगाया जा रहा है कि घर में शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी। जिरवाबाड़ी थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है।

उल्लेखनीय है कि झारखंड में पिछले एक सप्ताह में आग लगने की कई घटनाएं हुई हैं। अग्निकांड में अब तक जलकर 23 लोगों की मौत हो गई। इन लोगों की मौत पिछले तीन दिनों में हुई है। राज्य के धनबाद, हजारीबाग, चाईबासा और गुमला जिले में ये घटनाएं हुई हैं।

# मुख्यमंत्री की समाधान यात्रा को लेकर प्रशासनिक तैयारी तेज



**भागलपुर, (हि.स.)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार की समाधान यात्रा का कार्यक्रम भागलपुर जिले में होना है। जिसको लेकर जिला प्रशासन के द्वारा युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। खीरीबांध पंचायत के सालेहपुर सामुदायिक भवन में सभी विभागों के द्वारा शिविर लगाकर पंचायत के लोगों की समस्याओं का निदान किया जा रहा है। सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी कैंप में मौजूद हो कर लोगों की समस्या को सुनकर ऑन स्पॉट निपटारा कर रहे हैं। वही कैंप के दौरान गुरुवार को जिलाधिकारी वहां पहुंचे और उन्होंने लोगों की समस्याओं को सुनकर उसका तुरंत निपटारा करने को लेकर अधिकारियों को निर्देश भी दिया। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री के समाधान यात्रा के दौरान सीपैट के बने प्रशासनिक भवन और वृद्ध आश्रय भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री के हाथों होना है। अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की जाएगी।

# दिल्ली जाने वाली सत्याग्रह एक्स्प्रेस ट्रेन की कंपलिंग टूटने से चलती ट्रेन की बोगिया अलग अलग हुई



**बेतिया, (हि.स)।** पश्चिमी चंपारण जिला के मझवलिया रेलवे स्टेशन के पास आज सुबह 9 बजे के करीब नई दिल्ली जा रही सत्याग्रह एक्सप्रेस ट्रेन की 5 बोगियां चलती ट्रेन से अलग हो गई है। ये ट्रेन भारत नेपाल के सीमावर्ती स्टेशन रक्सौल से आंनद बिहार नई दिल्ली जाने वाली ट्रेन है। बता दे कि इस चलती ट्रेन के बोगियां अलग अलग दो हिस्सों में बंटने के बाद इस ट्रेन मे सफर कर रहे यात्रियों में हड़कंप मच गया और रोने चिलाने की आवाजे आने लगी। ट्रेन की यह घटना बेतिया से महज 8 किलो मीटर की दूरी पर मोहदीपुर ग्राम स्टेशन मझवलिया के पास घाटी है । आज यहाँ एक बहुत बड़ी घटना होने से बच गई है। घटना की खबर मिलते ही स्थानीय प्रशासन और रेल टेक्लिकल टीम पहुँच कर मामले की जाँच की। जांच में पता चला कि इस ट्रेन की कंपलिंग टूटने के वजह से चलती ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई है। इस घटना को देखने के लिये लोगो की काफी भीड़ जमा हो गई और स्थिति सुधरने के बाद फिर यह ट्रेन बेतिया होते हुए दिल्ली के लिये रवाना हो गई। इस हदसे से किसी प्रकार का नुकसान या क्षति नही पहुँचा है साथ ही सभी यात्री सुरक्षित है। इस ट्रेन के चालक ने काफी सूझ बुझ दिखाई है'

## संपादकीय

# मध्यम वर्ग का बजट

**इस** साल एक फरवरी का दिन बेहद महत्त्वपूर्ण रहा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार का 10वां और मौजूदा कार्यकाल का अंतिम पूर्ण बजट संसद में पेश किया। अब 2024 में आम चुनाव के जनादेश के बाद ही अगला संपूर्ण बजट पेश किया जा सकता है। फिलहाल बजट से देश के नौकरीपेशा, मेहनतकश और मध्यम वर्ग गदगद हो सकते हैं। उसका विश्लेषण आगे करेंगे, लेकिन भारत की अर्थव्यवस्था की हकीकत 'आर्थिक सर्वेक्षण' और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के आकलन से स्पष्ट है कि 2023-24 में जीडीपी की विकास दर 6-6.8 फीसदी के बीच रहेगी। आईएमएफ ने भी हमारी विकास दर 6.1 फीसदी आंकते हुए आकलन किया है कि भारत विश्व में सबसे तेज़ बढ़ती अर्थव्यवस्था होगी। 'आर्थिक सर्वेक्षण' में चालू वित्त वर्ष की विकास दर 7 फीसदी अनुमानित है। अर्थशास्त्रियों के विश्लेषण हैं कि यदि बीते चार साल का हिसाब देखा जाए, तो जीडीपी में बढ़ोतरी 3.2 फीसदी सालाना की दर से हुई है। चिंतित तथ्य यह है कि 2019-20 में, कोरोना महामारी से पहले, भी विकास दर 3.7 फीसदी थी। बजट को समझने से पहले यह जानना अनिवार्य है कि महंगाई दर 6.8 फीसदी और बेरोजग़ारी दर 7.2 फीसदी रही। यानी तय हदबंदियों से अधिक है। 'नेशनल करियर सर्विस पोर्टल' से स्पष्ट है कि जनवरी, 2023 तक 2.75 करोड़ से अधिक बेरोजग़ारों को नौकरी चाहिए। यह आंकड़ा 3.5 करोड़ भी बताया जाता है। बहरहाल महंगाई, बेरोजग़ारी, कम उत्पादन, कम निर्यात, कृषि और गरीबी आदि गंभीर चुनौतियां हैं, जिन्हें बजट में संबोधित किया गया है। वित्त मंत्री ने अपने 5वें बजट में सबसे बड़ी, उत्पादक, समावेशी, प्रगतिशील और मेहनतकश, नौकरीपेशा वर्ग से जुड़ी यह घोषणा की है कि अब 7 लाख रुपए तक कोई आयकर नहीं देना होगा। इस दायरे को एकदम 2 लाख रुपए बढ़ाया गया है। आम करदाता को 33,800 रुपए का सीधा फायदा होगा। इसी के मद्देनजर माना जा रहा है कि यह 45 करोड़ लोगों के मध्यम वर्ग का बजट है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इसे एक और ताकतवर वर्ग माना है, लेकिन तथ्य यह भी है कि देश में 8 करोड़ से कुछ ज्यादा लोग ही आयकर रिटर्न भरते हैं, लेकिन औसतन 1.5 से 2 करोड़ भारतीय ही आयकर का भुगतान करते हैं। लिहाजा इसका व्यापक असर नहीं होगा, क्योंकि 98 फीसदी नागरिक पहले भी आयकर नहीं देते थे और अब तो कर का दायरा ही बढ़ाकर 7 लाख रुपए कर दिया गया है। इस व्यवस्था का देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर पड़ सकता है, क्योंकि मध्यम वर्ग की परिधि में बड़ी आबादी आती है, बेशक वह करदाता नहीं है, लेकिन वह उपभोक्ता जरूर है, लिहाजा आम मांग और खपत बढ़ेगी। क्रयशक्ति में विस्तार होगा। जीएसटी संग्रह भी बढ़ेगा और अंततः अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। दरअसल बजट का फोकस किसान, कृषि, गरीब, सूक्ष्म-लघु उद्योग, युवा शक्ति, स्टार्टअप, महिलाओं आदि पर ज्यादा रहा है। किसानों के लिए 20 लाख करोड़ रुपए की ऋण योजना तैयार की गई है, तो प्राकृतिक खेती के लिए 1 करोड़ किसानों की आर्थिक मदद और प्रोत्साहन, सूक्ष्म-लघु उद्योगों के लिए 2 लाख करोड़ के अतिरिक्त व्यय का प्रावधान किया गया है। कुल मिलाकर बजट अच्छा और समावेशी है। एकदम चुनावी और लोकलुभावन नहीं है।

'आर्थिक सर्वेक्षण' में चालू वित्त वर्ष की विकास दर 7 फीसदी अनुमानित है। अर्थशास्त्रियों के विश्लेषण हैं कि यदि बीते चार साल का हिसाब देखा जाए, तो जीडीपी में बढ़ोतरी 3.2 फीसदी सालाना की दर से हुई है। चिंतित तथ्य यह है कि 2019-20 में, कोरोना महामारी से पहले, भी विकास दर 3.7 फीसदी थी। बजट को समझने से पहले यह जानना अनिवार्य है कि महंगाई दर 6.8 फीसदी और बेरोजग़ारी दर 7.2 फीसदी रही। यानी तय हदबंदियों से अधिक है। 'नेशनल करियर सर्विस पोर्टल' से स्पष्ट है कि जनवरी, 2023 तक 2.75 करोड़ से अधिक बेरोजग़ारों को नौकरी चाहिए। यह आंकड़ा 3.5 करोड़ भी बताया जाता है।

## बोध कथा

# दुर्बलता और समस्या को दूर करने के लिए सबसे पहले करें यह काम, होगा चमत्कार

**कमजोर** को कभी नही सताना चाहिए। यह सबसे बड़ा पाप है। ऐसे व्यक्ति को प्रभु कभी माफ नहीं करते जो कमजोर को सताता है। कहावत है कि भगवान के यहां देर है, अंधेर नही। भगवान की लाठी में आवाज नहीं होती। यह आम आदमी का मनोविज्ञान है कि वह मजबूत से डरता है पर दुर्बल को सताता है और अंत समय में इसका दुष्प्रभाव झेलता है। अक्सर सशक्त व्यक्ति मजबूर और लाचार लोगों का शोषण करते हैं। इस संदर्भ में कबीरदास जी का दोहा है। दुर्बल को न सताइये जाकी मोटी हाय, मरी खल की सांस से, लोहा भसम हो जाए। काफी सार्थक है। कबीरदास जी कहते हैं किसी को निर्बल समझ कर उसका शेषण नहीं करना चाहिए, क्योंकि उसकी हाय का असर कहीं न कहीं होता है। शक्तिशाली व्यक्ति को कभी अपनी ताकत के घमंड में चूर होकर किसी अशक्त पर अत्याचार नहीं करना चाहिए। दुखी व्यक्ति की बददुआ से समस्त कुल का नाश हो जाता है। रावण, कंस, होलिका, हिरणाकश्यप आदि इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। सभी को ईश्वर की कृति समझ कर उनका सम्मान करना चाहिए। हमेशा अपने हृदय में भगवान को स्थापित करना चाहिए क्योंकि उसके स्मरण से समस्त पाप का अंत हो जाता है। जब हृदय में पवित्र विचारों, सदकार्यों का स्थान होता है तो पाप और अवगुण अपने आप ही दूर होते चले जाते है। देह का रंग देखकर गर्व मत करो, यह भले ही कितनी भी सुंदर हो। इसे एक रोज समाप्त हो ही जानी है। एक बार देह को छोड़ देने पर फिर इसे प्राप्त नहीं किया जा सकता है। किसी वस्तु को देखकर गर्व नहीं करना चाहिए, चाहे वह पद, शक्ति, धन, साम्राज्य ही क्यों न हो। कारण कि जीवन की अंतिम सचाई मृत्यु है। इसलिए प्रभु की भक्ति ही जीवन का आधार है। जब प्राणी दुखी होता है तब उसे हरि की याद आती है। दुख में ईश्वर को याद करता है, सुख में भूल जाता है। दुनिया में सभी वस्तुएं एक समान हैं और उन सबका सम्मान होना चाहिए। इसलिए सबल, निर्बल सभी को एक नजरिए से देखने की दृष्टि होनी चाहिए। एक कहावत है कि दुर्बलता एक अभिशाप है क्योंकि ऐसा व्यक्ति ही हर तरह की मार खाता है। शरीर और मन दोनों की अशक्तता कौन अधिक बड़ा अभिशाप है? यह बताना कठिन है, पर इन दोनों शक्तियों का समन्वय ही सफलता का कारण रहा है। संसार में अनेक दुष्कर्मों को पाप की संज्ञा दी जाती है। चोरी करना, हत्या, दुराचार, झूठ बोलना, धोखा देना, विश्वासघात करना, किसी को पीड़ा, नुकसान पहॅंचाना आदि पाप कर्म कहे जाते हैं। लेकिन एक और भी बड़ा पाप होता है, वह है कमजोर होना। दुर्बलता से अन्य पापों को प्रोत्साहन मिलता है। निर्बल आदमी ही पाप में जल्दी प्रवृत्त होता है। स्वामी विवेकानंद ने कहा है, कमजोरी कभी न हटने वाला बोझ और यंत्रणा है। इसका नाम ही मृत्यु है, हमारे बहुत से दुखों का कारण भी यही है। सारी दुर्जनता, निर्बलता की ही देन है, जिसमें कोई शक्ति नहीं है। इसलिए साहस सबसे बड़ी सबलता है। जिसमें साहस नहीं, वह अपने या अपने पड़ोसी पर होने वाले अत्याचारों के विरुद्ध कैसे आवाज उठा सकेगा। अत्याचार सहन करना, उसे समाज में होते देखना भी कम बडा अन्याय नही है। इससे दूसरो को अन्याय करने का प्रोत्साहन मिलता है। इस संघर्ष प्रधान संसार में ससम्मान जीवित रहने का हक उन्हीं को है, जो शक्तिवान है। - डॉ. संजय तेवतिया

जब प्राणी दुखी होता है तब उसे हरि की याद आती है। दुख में ईश्वर को याद करता है, सुख में भूल जाता है। दुनिया में सभी वस्तुएं एक समान हैं और उन सबका सम्मान होना चाहिए। इसलिए सबल, निर्बल सभी को एक नजरिए से देखने की दृष्टि होनी चाहिए। एक कहावत है कि दुर्बलता एक अभिशाप है क्योंकि ऐसा व्यक्ति ही हर तरह की मार खाता है। शरीर और मन दोनों की अशक्तता कौन अधिक बड़ा अभिशाप है? यह बताना कठिन है, पर इन दोनों शक्तियों का समन्वय ही सफलता का कारण रहा है। संसार में अनेक दुष्कर्मों को पाप की संज्ञा दी जाती है। चोरी करना, हत्या, दुराचार, झूठ बोलना, धोखा देना, विश्वासघात करना, किसी को पीड़ा, नुकसान पहॅंचाना आदि पाप कर्म कहे जाते हैं।

## कृषि कार्यों के लिए 20 लाख करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए की योजना है

# भारत के अमृत काल का प्रथम बजट विकसित राष्ट्र की आधारशिला रखने वाला बजट

प्रहलाद सबनानी

केंद्र रसकार के पूंजीगत निवेश की राशि में 33 प्रतिशत की वृद्धि रकते हुए इसे वित्तीय वर्ष 2022-23 के 7.50 लाख रकोड़ रुपए से बढ़ारक वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 10 लाख रकोड़ रुपए किया जा रहा है, जो कि देश के सकल रघेलू उत्पाद का 3.3 प्रतिशत होगा। इतनी भारी रभकम राशि यदि केंद्र रसकार द्वारा पूंजीगत ढांचे को विकसित रकने के लिए खर्च की जा रही है तो इससे देश में रोजगार के रकोड़ों नए अवरस निर्मति होंगे एवं देश में उत्पादों की मांग में भारी वृद्धि होगी तथा अंतत: निजी क्षेत्र की कम्पनियों को भी अपने पूंजीगत निवेश को गति देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। देश की आर्थकि प्रगति को बल देने के लिए यह एक क्रांतिकारी उपाय कहा जा सकता है।

**भारत** का अमृत काल प्रारम्भ हो चुका है और वर्ष 2047 में भारत अपनी स्वाधीनता के 100 वर्ष पूरे कर रहा होगा। उस समय तक भारत को विश्व के मानचित्र पर एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की प्रेरणा देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भारतीय नागरिकों को दी है। अतः देश के पास अब केवल लगभग 24 वर्ष का समय ही शेष है, ऐसे में केंद्रीय वित्त मंत्री माननीय श्रीमती निर्मला सीतारमन द्वारा संसद में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्रस्तुत किया गया केंद्र सरकार का बजट भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की राह दिखा रहा है। यह बजट दरअसल अमृत काल का प्रथम बजट होने के कारण इसे भारत में अमृत काल की मजबूत आधारशिला रखने वाला बजट भी कहा जा सकता है। भारत में आध्यात्मिक दृष्टि से ऋषियों, मुनियों एवं गुरुओं द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर सफलता हासिल करने के कई उदाहरण सुनाई देते रहे हैं। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2023-24 के केंद्रीय बजट को प्रस्तुत करते हुए माननीय वित्त मंत्री महोदया ने बताया कि उन्होंने भी सप्तऋषियों के रूप में, उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करने के उद्देश्य से, 7 प्राथमिकताएं तय की हैं। भारत में प्रकृति को सदैव ही देवता की रूप में पूजा जाता रहा है, इस दृष्टि से प्रथम प्राथमिकता तो यही तय की गई है कि प्रकृति को कम से कम नुक्सान पहुंचाते हुए देश का आर्थिक विकास किया जाय। अतः "ग्रीन ग्रोथ" की प्राथमिकता तय की गई है। देश के युवाओं को देश की आर्थिक प्रगति में शामिल करने के उद्देश्य से "यूथ पावर" के रूप में दूसरी प्राथमिकता, देश की आर्थिक प्रगति को "इंक्लूसिव डेवलपमेंट" के रूप में हासिल करने के उद्देश्य से यह तीसरी प्राथमिकता, समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक आर्थिक प्रगति का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से "रीचिंग द लास्ट माइल" के रूप में चौथी प्राथमिकता, रोजगार के अधिक से अधिक नए अवसर निर्मित करने के उद्देश्य से "इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड इन्वेस्टमेंट" के रूप में पांचवीं प्राथमिकता, देश में पूर्व से ही उपस्थित अंतर्निहित शक्तियों (जिन्हें हम भूल गए हैं) का देश हित में उपयोग करने के उद्देश्य से "अनलीशिंग द पोटेंशियल" के रूप में छठी प्राथमिकता, एवं भारत के नागरिकों को डिजिटल प्लेटफोरम पर ले जाने के उद्देश्य से



"लॉंच आफ डिजिटल प्लेटफोरम" के रूप में सांतवीं प्राथमिकता निर्धारित की गई है। अमृत काल के प्रारम्भ होने के साथ ही, उक्त प्राथमिकताओं के आधार पर, भारत में बहुत तेज गति से कार्य प्रारम्भ हो चुका है। केंद्र सरकार ने भारत के आधारभूत ढांचे को विकसित अवस्था में ले जाने के उद्देश्य से एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। केंद्र सरकार के पूंजीगत निवेश की राशि में 33 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इसे वित्तीय वर्ष 2022-23 के 7.50 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 10 लाख करोड़ रुपए किया जा रहा है, जो कि देश के सकल घरेलू उत्पाद का 3.3 प्रतिशत होगा। इतनी भारी भरकम राशि यदि केंद्र सरकार द्वारा पूंजीगत ढांचे को विकसित करने के लिए खर्च की जा रही है तो इससे देश में रोजगार के करोड़ों नए अवसर निर्मित होंगे एवं देश में उत्पादों की मांग में भारी वृद्धि होगी तथा अंततः निजी क्षेत्र की कम्पनियों को भी अपने पूंजीगत निवेश को गति देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। देश की आर्थिक प्रगति को बल देने के लिए यह एक क्रांतिकारी उपाय कहा जा सकता है। इसी प्रकार, भारत में आधारभूत संरचना को विकसित स्तर तक ले जाने के उद्देश्य से रेल बजट के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2.40 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की गई है, जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में 1.40 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की गई थी। इस प्रकार इस मद पर अब नए वित्तीय वर्ष के दौरान लगभग दुगनी राशि खर्च की जाएगी। रेल्वे को विकसित अवस्था में लाने के लिए 75,000 करोड़ रुपए की लागत की कई नई योजनाएं भी प्रारम्भ की जाएंगी। साथ ही, देश में हवाई यातायात को और अधिक आसान बनाने के उद्देश्य से 50 अतिरिक्त नए एयरपोर्ट, हेलीपेड, वॉटर एयरोड्रम आदि बनाए जाएंगे। साथ ही, क्षेत्रीय हवाई संबद्धता को भी और अधिक मजबूत करने के प्रयास किए जाएंगे। वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट रक्षा क्षेत्र के लिए भी एक बड़ी सौगात लेकर आया है। केंद्रीय बजट में वर्ष 2023-24 के लिए रक्षा क्षेत्र को कुल 5.94 लाख करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है, जो कुल बजट की राशि का 8 प्रतिशत है। आज भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के उद्देश्य को लेकर अपने कदम तेजी से आगे बढ़ा रहा है। बजट में आवंटित की गई इस राशि का उपयोग हथियारों की आत्मनिर्भर तकनीक और भारत में ही इन उत्पादों के निर्माण के कार्य पर किया जाएगा। इससे देश में ही रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित होंगे। वैसे, अब तो रक्षा क्षेत्र में उत्पादित उपकरणों एवं हथियारों आदि का भारत निर्यात भी करने लगा है। रक्षा के क्षेत्र को और अधिक मजबूती प्रदान करने से देश से इन उत्पादों के निर्यात को भी गति मिलेगी। भारत में सूक्ष्म, लघु और मध्यम क्षेत्र में उद्यमियों द्वारा रोजगार के करोड़ों अवसर निर्मित किया जा रहे हैं अतः इस क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूक्ष्म, लघु और मध्यम क्षेत्र के उद्यमियों के लिए 2 लाख करोड़ रुपए की क्रेडिट गारंटी योजना लाई जा रही है। साथ ही, तीन करोड़ रुपये के टर्नओवर तक के सूक्ष्म उद्योग को करों में छूट दी जा रही है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और अधिक बल देते हुए 3,400 सरकारी कानूनी प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर लाने का फैसला किया गया है। इससे देश में नए नए उद्योगों को स्थापित करने में अब और अधिक आसानी होगी। कृषि का क्षेत्र तो केंद्र सरकार के लिए प्रारम्भ से ही प्राथमिकता का क्षेत्र रहा है और किसानों की आय को दुगना किए जाने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। आज भी देश की 60 प्रतिशत से अधिक आबादी गावों में निवास करती है एवं अपनी आजीविका के लिए मुख्यतः कृषि क्षेत्र पर ही निर्भर है। अतः वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में भी कृषि क्षेत्र के लिए विशेष ध्यान दिया गया है। कृषि क्षेत्र का डिजिटलाइजेशन किया जा रहा है। कृषि क्षेत्र में पशुपालन, डेयरी पालन और मत्यस्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एवं अन्य कृषि कार्यों के लिए 20 लाख करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए की योजना है।

# जी भर कर जियो

जीवंत जीनव जीने के लिए आवश्यक है कि हम खुद से ज्यादा प्यार करना सीखें। खुद से प्यार करने का मतलब है कि हम अनपी सेहत पर फोकस करें, सच्चे रिश्ते बनाएं और अनपा ज्ञान बढ़ाते रहें। सेहत पर फोकस में फिर तीन और नुक्ते हैं। इनमें से पहला है भोनज, दूसरा है व्यायाम और तीसरा है तनावरहित खुशी भरा नम। भोनज में ज्यादा नमक, चीनी और संस्कारित भोनज की जगह हरी सब्जियों, सलाद, दाल की प्रचुरता वाला फाइबर और प्रोटीन युक्त ताज़ा और संतुलित भोनज हमारे स्वास्थ्य में बड़ी भूमिका निभाता है। थोड़े से योग और व्यायाम का मिलाजुला रूप शरीर के लिए आदर्श है। तनावरहित खुशी भरा नम कनहे में जितना आसान दिखता है, करने में यह उतना ही कठिन है।यह एक लंबी मानसिक और आध्यात्मिक यात्रा है, पर इसकी शुरुआत हर उम्र में संभव है।मानसिक शांति और संतुलन की बहुत छोटी सी और आसान शुरुआत तो सिर्फ यहां से हो सकती है कि हम हर तीन घंटे बाद आराम से बैठ कर लंबे सांस लेने की आदत डालें और जब कभी तनाव या चिंता में हों तो बैठ जाएं और गहरे लंबे सांस लें।

**यह** एक सच है कि यदि हम मानसिक रूप से सीखने के लिए तैयार हों तो हम नई बातें फटाफट सीख जाते हैं। एक और बड़ा सच यह है कि हमने जो सीख लिया वह ऐसा खज़ाना है कि हमेशा हमारे साथ रहता है, कोई उसे हमसे छीन नहीं सकता। सीखने की प्रक्रिया कभी नहीं रुकती, बुढ़ापे में भी, बशर्ते कि हम सीखने के लिए तैयार हों। हाल ही में मैंने कुछ नई बातें सीखी हैं। मैं शुरू से ही कुछ-कुछ लापरवाह और खिलंदड़ा रहा हूं। मैं उदास नहीं होता, अक्सर खुश रहता हूं, पर मैंने मन में कई ग्रंथियां पाल रखी थीं। मेरे मन में दुनिया भर के प्रति शिकायतें थीं और मैं समझता था कि दुनिया को वह समझना चाहिए जो मैं समझता हूं जबकि सच यह है कि खुद मुझे बहुत कुछ समझने की आवश्यकता थी। जीवंत जीवन जीने के लिए आवश्यक है कि हम खुद से ज्यादा प्यार करना सीखें। खुद से प्यार करने का मतलब है कि हम अपनी सेहत पर फोकस करें, सच्चे रिश्ते बनाएं और अपना ज्ञान बढ़ाते रहें। सेहत पर फोकस में फिर तीन और नुक्ते हैं। इनमें से पहला है भोजन, दूसरा है व्यायाम और तीसरा है तनावरहित खुशी भरा मन। भोजन में ज्यादा नमक, चीनी और संस्कारित भोजन की जगह हरी सब्जियों, सलाद, दाल की प्रचुरता वाला फाइबर और प्रोटीन युक्त ताज़ा और संतुलित भोजन हमारे स्वास्थ्य में बड़ी भूमिका निभाता है। थोड़े से योग और व्यायाम का मिलाजुला रूप शरीर के लिए आदर्श है। तनावरहित खुशी भरा मन कहने में जितना आसान दिखता है, करने में यह उतना ही कठिन है। यह एक लंबी



मानसिक और आध्यात्मिक यात्रा है, पर इसकी शुरुआत हर उम्र में संभव है। मानसिक शांति और संतुलन की बहुत छोटी सी और आसान शुरुआत तो सिर्फ यहां से हो सकती है कि हम हर तीन घंटे बाद आराम से बैठ कर लंबे सांस लेने की आदत डालें और जब कभी तनाव या चिंता में हों तो बैठ जाएं और गहरे लंबे सांस लें। श्वसन की इस प्रक्रिया से तनाव दूर हो जाता है। इस तरह शरीर में ज्यादा आक्सीजन जाती है और हमारी मांसपेशियों को नया जीवन मिलता है। ऐसा ही एक और आसान तरीका है उबासी लेना। तनाव अथवा उदासी की स्थिति में यह एक रामबाण औषधि है। उबासी लेते समय आपका पूरा ध्यान उबासी की तरफ हो जाता है, शेष चिंताओं से आपका ध्यान हट जाता है और आपकी मांसपेशियों को अतिरिक्त ऊर्जा मिलती है। हम में से बहुत से लोगों को अक्सर रात में नींद न आने की समस्या से गुजरना पड़ता है। जब कभी अनिद्रा की शिकायत हो, कुछ पढने लग जाएं या किसी गतिविधि में व्यस्त हो जाएं। महिलाओं के लिए बर्तन साफ करना, उन्हें करीने से सजाना एक आसान उपाय है। सच तो यह है कि हम पुरुष भी इसे आजमा सकते हैं। इस सुझाव पर हंसें नहीं, आजमाएं, और आप पायेंगे कि यह जादू की तरह काम करता है और जल्दी ही आप महसूस करते हैं कि आप नींद के लिए तैयार हैं। जी भर के जीने की यह साधारण सी दिखने वाली कलाएं असल में बहुत असाधारण हैं। तनाव रहित जीवन जीने और खुश रहने में हमारी मानसिकता की भूमिका बहुत ज्यादा है। अपनी आदतें बदलना एक लंबी यात्रा हो सकती है, थोड़ी सी कठिन हो सकती है, पर कुछ ही अभ्यास से हम ऐसा कर सकते हैं। दरअसल यह 'करने' और 'होने' का फर्क है, यह 'डूइंग' और 'बीइंग' का फर्क है। एक उदाहरण से मैं अपनी बात स्पष्ट करना चाहूंगा। शुरू-शुरू में जब मैं 'खुश रहने और खुश रखने की कला' पर वर्कशाप संचालित किया करता था तो मैं वर्कशाप के प्रतिभागियों को डेल कार्नेगी की प्रसिद्ध पुस्तक 'लोक व्यवहार' (हाउ टु मेक फ्रेंड्स एंड इन्फ्लुएंस पीपल) भी बांटा करता था। एक बार मेरी वर्कशाप में एक ग्रामीण दंपत्ति भी भाग ले रहे थे। रुटीन के मुताबिक वह पुस्तक मैंने उन्हें भी दी। कुछ दिन बाद जब उनसे दोबारा मुलाकात हुई और मैंने पूछा कि पुस्तक पढ़ी या नहीं, तो उनका उत्तर था कि 'यह किताब तो चालाकियों से भरी हुई है'। आज जब मैं उस घटना पर विचार करता हूं तो मुझे समझ आता है कि उस ग्रामीण दंपत्ति ने कितनी सरलता से एक बहुत बड़े सच का खुलासा किया था। यदि हम किसी को पसंद नहीं करते, और उसकी प्रशंसा करते हैं तो हम काम तो अच्छा कर रहे हैं, पर हम खुद अच्छे नहीं बन पाये हैं। इससे हमारे मन-मस्तिष्क में तनाव रहता है, जो कई रोगों का कारण बनता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (वल्ड हैल्थ आर्गेनाइज़ेशन) ने एक एडवाइजरी जारी करके बताया है कि अगले 8 सालों में, यानी सन्‌ 2025 तक 87 फीसदी भारतीय कैंसर के मरीज़ हो जाएंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि भारत में बिकने वाला 68.7 प्रतिशत दूध सिंथैटिक या मिलावटी होता है, जो हमारी सेहत के लिए बहुत बड़ा खतरा है। चिकित्सकों की दृष्टि से देखें तो यह एक सच्चाई है ही, पर जरा और गहराई में जाएं तो हमें सीखने के लिए बहुत कुछ मिल सकता है। हमारा देश इस समय झगड़ालू प्रवृत्ति और मानसिक तनाव में जीने वाले लोगों का देश बन गया है। स्वास्थ्य विज्ञान का यह मानना है कि तनाव, कैंसर का सबसे बड़ा कारण है, जबकि अध्यात्म का मानना है कि कैंसर का एकमात्र कारण तनाव ही है। हमें बीमार करने वाले जितने भी कारण हों, चाहे वह वायरस है या गलत खानपान या खराब जीवन शैली, हमारा शरीर उनसे निबट सकता है, पर तनाव एक ऐसा रोग है जिसकी कोई काट नहीं है और इसके परिणामस्वरूप शरीर अनेक प्रकार के रोगों से ग्रस्त हो जाता है। लब्बोलुबाब यह कि हम खुद से प्यार करें। स्वास्थ्यवर्धक भोजन लें, व्यायाम के लिए समय निकालें, किसी की प्रशंसा करने से पहले उसकी अच्छाइयों की तरफ ध्यान दें, अपने मन में उसके लिए प्रेम जगाएं, फिर हमें झूठी प्रशंसा की आवश्यकता नहीं रहेगी और अपने मन में कोई तनाव भी नहीं रहेगा। इससे सच्चे रिश्ते बनेंगे जो जीवन भर हमारा साथ देंगे। गहरे लंबे सांस, उबासी और किसी गतिविधि में व्यस्तता के साथ अपने बाकी जीवन में परिवर्तन लाएं ताकि जब तक जीवित रहें, जीवंत रहें। जी भर के जीने के लिए अपने को हमेशा सकारात्मक रखें। इसी से आदमी को सफलता मिलती है और सफलता हमेशा खुशियां लेकर आती है। सकारात्मक सोच जीवंतता है।

## नागरिक बोध

# अनचाही संतान पर पर्दा डालने के लिए कूड़ेदान में फेंक देते है नवजात

**नवजात** को कूड़ेदान में फेंके जाने की घटिया मानसिकता के पीछे कुछ तर्क जरूर है, लेकिन कूड़ेदान में फेंके जाने वाले नवजातों के पीछे पापलीला दुचक्र कारणभूत हो सकता है। झाड़ियों में फेंके जाने नवजात बच्चो को समय पर उपचार मिलने पर उनको बचा लिया जाता है उन नवजात बच्चो की खबर देर से लगती है तो मासूम की जान भी चली जाती है। हमारे देश की बिडम्बना यह है कि यहा पाप को छुपाने के लिए नवजातों को कीड़े और जानवरों के हवाले कर देते है। नवजात का निवाला मौत में तब्दील हो जाता है। गर्मी और सर्दी में मासूम दम तोड़ देते है। एक ताजा घटना में नवजात नोयडा के नॉलेज पार्क एरिया की झाड़ियों में मिली। भ्रूणहत्या और बालहत्या को फेंकने पर केस दर्ज होता है। पुलिस की आंखों में धूल झोंकने का काम अपराधी करते है। ऐसी वारदात में 2021 में 1577 केस दर्ज किया था। यह पाप भारत मे ही नही है। इस तरह के घटना अमेरिका और यूरोप में भी होती है। नवजातों को फेंक दिया जाता है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में भी बच्चो को फेंकने की घटना प्रकाश में आती रहती है। आज का मनुष्य पत्थर दिल और निष्ठुर हो गया है। एनसीआरबी की रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि देश के हर राज्य में नवजात को फेंका जाता है, लेकिन महारास्ट्र में सबसे ज्यादा वारदात हुई है। जिसके लिए पुलिस सतर्क है। यूपी, हरियाणा, कर्नाटका, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश और दिल्ली आदि और अन्य राज्यो में इस तरह की पाप को छुपाने की घटना सामने आई है। यूरोप में फेंके बच्चो को बचाने की शुरुआत की गई थी। बेबी हैचेज नाम की मुहिम यूरोप में कार्यरत है जिसके अधिनस्त बच्चो को बचाया जाता है। जर्मनी में अनेक जगह इस मुहिम को चलाया जजाता है। भारत में भी इस तरह की मुहिम की शुरुआत की गई है। तमिलनाडु में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता के कार्यकाल में नवजात को फेंके गए बच्चो को बचाने के लिए मुहिम शुरू की गई थी। जो आज दिन तक चल रही है। महिला और बाल विकास मंत्रालय ने केंडल बेबी रिस्पेन्सन सेंटर को खोला गया है। सरकार के अधीन भी हो सकती है और इस को एनजीओ भी चला सकता है। इस तरह से नवजात को सड़कों और झाड़ियों में फेंकने की इस बुजदिली इंसानियत के नाम पर कलंक समान है।

## देश दुनीया से

# कुर्सी को जिंदा रखने की एक विनय

**साहिबो**, हम आपसे क्षमा चाहते हैं कि न चाहते हुए भी हमें अपनी कुर्सी को जिंदा रखने के लिए, अपनी टोपी को ऊंचा रखने के लिए आपके सामने हर बार चुनावों का बिगुल बजाने के बाद वायदों की बारात सजानी पड़ती है। पिछली बार बारात सजाई थी तो आप सब के लिए 'अच्छे दिन आने' का उपहार देने का वायदा किया था। आपने उम्मीदों के कनकौए उड़ाते हुए हमें विजय का आसमान भेंट कर दिया। इसके बाद हमने इनके हर भाषण का करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए न जाने कितने पत्थर तबीयत से उछाले हमारे आसमान में कोई सुराख नहीं हो सका। हमने कवि दुष्यन्त के शे'यर के सार्थक न हो पाने की त्रासदी झेलते हुए अपने इर्द-गिर्द घिरते हुए बेकारी, बीमारी, गरीबी और कजऱ्दारी के आसमान को अपना जान गले से लगा रहने दिया। अच्छे दिन आने की उम्मीद हमारे क्षितिज पर एक इन्द्रधनुष बनकर उभरी थी। लेकिन भ्रष्टाचार के अजगरों ने उस क्षितिज को निगल लिया, हम अपना टूटा हुआ इन्द्रधनुष कहां तलाशने जाते? लेकिन सुखद भविष्य के सपनों की बारात फिर सजने लगी। वायदों की तश्तरियों पर चार दिन की चांदनी और फिर अंधेरी रात के चिलगोज़े तो हमारी गलियों में तशरीफ लाए, नहीं आई तो वह क्षमा प्रार्थना नहीं आई, कि हम आपके लिए अच्छे दिनों का उपहार नहीं ला पाये। कतार में खड़ा आखिरी आदमी वहीं खड़ा-खड़ा प्रस्तर हो गया ताकि उनसे उतना भी न पूछ सके कि 'क्या हुआ तेरा वायदा'। वायदे पूरे होने का, भ्रम लेकर 'गिली गिली पाशा' कहते हुए आंकड़ों के जादूगर हमारी गलियों में तशरीफ अवश्य लाए थे। उन्होंने अपनी तरक्की के सूचकांकों के आधारवर्ष बदल दिए, गणना प्रक्रिया बदल दी, लेकिन उनकी जादूगर मैण्ड्रैक्स जैसी लम्बी जादुई टोपी में से कोई तरक्की और खुशहाली का खरगोश न निकला। गज़ब खुदा का किसान अपने खेतों में भरपूर फसल उगाने के बावजूद फसल खरीदने और बेचने वाली रोगी मण्डियों के बाहर चौराहों पर फंदा लेकर अपने जीवन का अन्त करते रहे, और समय के शाहसवार उन्हें अपच का शिकार या किसी असाध्य रोगी से दुःखी होकर मर गया, बताते रहे। आंकड़ों के जादूगरों ने उनकी मौतों के रोजनामचे बन्द कर दिये, क्योंकि यह सूची सुरसा की आंत की तरह लम्बी होती जा रही थी, और इससे पीड़ित परिवारों को मुआवज़ा देने की घोषणाएं शर्मिन्दा हो रही थीं। इन घोषणाओं ने कोई क्षमा प्रार्थना न की, हां वे रोजनामचे बंद कर दिये गये 'कि न रहेगा बांस और न बजेगी बांसुरी'। जब अपनी गरीबी से जर्जर किसानों की मौतें बीमारी और गृह-कलह के खाते में चली गयीं तो खाली खजाना भला उनसे क्षमा प्रार्थना के लिए आगे क्यों आता? फिर यह वक्त क्षमा प्रार्थना का नहीं था। फिर चुनावी बिगुल बज गया, फिर गद्दी संभाले रहने की अपनी कुर्सी बचाने की फिक्र माहौल पर तारी हो गई। अब ऐसा वक्त अपनी अक्षमता और असफलता के लिए क्षमा प्रार्थना का नहीं, चुनावी अखाड़े में कूद कर अपने भुजदंड फडक़ाने का होता है। भुजदण्ड फडक़ते हैं, जब उसी चौराहे पर नये तोरणद्वार सजते हैं। चौराहा तो बदहाली से और भी पहाड़-सा हो गया है। वक्त क्षमा प्रार्थना का नहीं, इस चौराहे में से एक नई उम्मीदों भरी सुबह सी, वायदों की एक और बारात लेकर निकल जाने का था। ऐसे सजानी थी यह बारात कि बाद में उसे एक विजययात्रा में तबदील करते हुए देर न लगे।

हमने कवि दुष्यन्त के शे'यर के सार्थक न हो पाने की त्रासदी झेलते हुए अपने इर्द-गिर्द घिरते हुए बेकारी, बीमारी, गरीबी और कजऱ्दारी के आसमान को अपना जान गले से लगा रहने दिया। अच्छे दिन आने की उम्मीद हमारे क्षितिज पर एक इन्द्रधनुष बनकर उभरी थी। लेकिन भ्रष्टाचार के अजगरों ने उस क्षितिज को निगल लिया, हम अपना टूटा हुआ इन्द्रधनुष कहां तलाशने जाते? लेकिन सुखद भविष्य के सपनों की बारात फिर सजने लगी। वायदों की तश्तरियों पर चार दिन की चांदनी और फिर अंधेरी रात के चिलगोज़े तो हमारी गलियों में तशरीफ लाए, नहीं आई तो वह क्षमा प्रार्थना नहीं आई, कि हम आपके लिए अच्छे दिनों का उपहार नहीं ला पाये। कतार में खड़ा आखिरी आदमी वहीं खड़ा-खड़ा प्रस्तर हो गया ताकि उनसे उतना भी न पूछ सके कि 'क्या हुआ तेरा वायदा'। वायदे पूरे होने का, भ्रम लेकर 'गिली गिली पाशा' कहते हुए आंकड़ों के जादूगर हमारी गलियों में तशरीफ अवश्य लाए थे।



# भारत-अमेरिका के बीच जल्द हो सकती है बड़ी डिफेंस डील, एलएसी और हिंद महासागर में सुरक्षा होगी चाक-चौबंद

**वॉशिंगटन।**

भारत और अमेरिका के बीच 3 बिलियन डॉलर की अहम डिफेंस डील जल्द हो सकती है। बता दें कि इस सौदे के तहत भारत को अमेरिका से प्रीडएटर ड्रोन्स मिलने हैं। इस डील से भारत की एलएसी और हिंद महासागर में निगरानी क्षमता बढ़ेगी और सुरक्षा चाक-चौबंद हो सकेगी। दोनों देशों के बीच इस डील को लेकर बीते पांच सालों से बातचीत हो रही है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोवाल भी अमेरिका के दौरे पर हैं और उन्होंने अमेरिकी अधिकारियों और वहां के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुल्लिवन के साथ भी इस डील को लेकर बातचीत की है। अमेरिका की राजनीतिक रक्षा मामलों की प्रमुख जेसिका लेविस से जब इस डील को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि हम पांच साल से इस डील पर बातचीत कर रहे हैं और अब गेंद भारत के पाले में है। हालांकि उन्होंने इस डील पर ज्यादा जानकारी देने से इंकार कर दिया। खबर है कि भारत और अमेरिका दोनों ही देश चाहते हैं कि जल्द से जल्द यह डील फाइनल हो जाए ताकि भारत को जल्दी ही प्रीडएटर ड्रोन्स की सप्लाई की जा सके। अमेरिका की बाइडेन सरकार भी जल्द इस डील को फाइनल करना चाहती है क्योंकि इस डील से अमेरिका में रोजगार बढ़ेगा और साथ ही उनकी सरकार इस डील को अपनी उपलब्धि के तौर पर पेश करना चाहती है ताकि अगले साल होने वाले चुनाव में इसका फायदा उठाया जा सके। भारत की तीनों सेनाओं को 10-10 प्रीडएटर ड्रोन्स मिलने हैं। प्रीडिएटर ड्रोन्स की खासियत है कि ये किसी भी हालात में निगरानी करने की क्षमता रखते हैं। ये ड्रोन्स लंबे समय तक आसमान में उड़ान भर सकते हैं। खास बात ये है कि ये ड्रोन्स दिन और रात में भी निगरानी कर सकते हैं और पेलोड लेकर भी उड़ान भर सकते हैं। इन ड्रोन्स में लगे 360 डिग्री कैमरे से समुद्र, आकाश और जमीन पर निगरानी रख सकते हैं। एआई और मशीन लर्निंग तकनीक से लैस ये ड्रोन्स डाटा की समीक्षा कर उसे विभिन्न जगहों पर वितरित भी कर सकते हैं ताकि आपात स्थिति में तुरंत एक्शन लिया जा सके। सर्विलांस के साथ ही राहत और बचाव कार्यों में भी इन ड्रोन्स की मदद ली जा सकती है। एलएसी पर तनाव और हिंद महासागर में चीन के बढ़ते प्रभाव के बीच भारत ने साल 2017 में इन ड्रोन्स की खरीद के लिए बातचीत शुरू की थी और अब जल्द ही इस डील के फाइनल होने की उम्मीद है। इन एमक्यू-9बी प्रीडएटर ड्रोन्स की मदद से भारत की निगरानी करने की क्षमता में जबरदस्त इजाफा होगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पेशावर बम विस्फोटः पुलिस की वर्दी में आया था हमलावर, मरियम नवाज ने पूर्व आईएसआई चीफ पर लगाए गंभीर आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पेशावर में हुए बम विस्फोट में पुलिस ने खुलासा किया है कि हमलावर



पुलिस की वर्दी में मस्जिद में आया था। जहां नमाज के दौरान उसने खुद को बम से उड़ा लिया, जिसमें 101 लोगों की मौत हो गई और 200 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। मृतकों में अधिकतकर पुलिसकर्मी हैं। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के पुलिस चीफ मोअज्जम जाह अंसारी ने गुरुवार को बताया कि हमलावर आत्मघाती था और एक सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि वह पुलिस की वर्दी पहने हुए था और उसने मास्क और हेलमेट पहना हुआ था। पुलिस चीफ ने बताया कि हमलावर का सिर बरामद हो गया है। साथ ही एक बॉल बीयरिंग भी बरामद हुआ है, जो सुसाइड जैकेट में इस्तेमाल किया जाता है। पुलिस ने बताया कि हमलावर जिस मोटरसाइकिल से आया था, उसका पता चल गया है। पुलिस चीफ ने बताया कि विस्फोट के लिए 10-12 किलो टीएनटी इस्तेमाल किया गया, जिसकी वजह से धमाका इतना तेज हुआ कि मस्जिद की छत और दीवारें भी गिर गईं। इसकी वजह से ही मरने वालों की संख्या इतनी ज्यादा पहुंच गई। पेशावर बम विस्फोट को लेकर मुस्लिम लीग नवाज की नेता और पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज ने पूर्व आईएसआई चीफ जनरल फैज हामिद पर गंभीर आरोप लगाए और उन्हें पेशावर हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया। मरियम नवाज ने कहा कि इमरान खान के करीबी जनरल फैज हामिद पेशावर में बतौर आर्मी कमांडर तैनात थे और उन्होंने ही आतंकवादियों के लिए रास्ते खोले। मरयम नवाज ने कहा कि वह इमरान खान के आंख, हाथ और कान होते थे, अगर वह पाकिस्तान के हाथ, कान और आंखें होते तो आज हालात अलग होते। मरियम नवाज ने कहा कि फैज हामिद ने क्यों कहा कि आतंकवादी हमारे भाई हैं और उन्हें पाकिस्तान आने का न्योता दिया। क्यों उन्होंने खूंखार आतंकियों को जेल से रिहा किया

### भारत और ताइवान के खिलाफ आक्रामकता के लिए चीन को ठहराएं जवाबदेह... रिपब्लिकन सांसदों की ब्लिंकन से मांग



**वाशिंगटन।** भारत और ताइवान के खिलाफ चीन के आक्रामकता को कम करने के लिए रिपल्बिकन सांसदों ने विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से हस्तक्षेप की मांग की है। प्रभावशाली रिपब्लिकन सांसदों ने ब्लिंकन से चीनी नेतृत्व को यह बताने का आग्रह किया कि एशिया में उसका आक्रामक रवैया अस्वीकार्य है।यह मांग ऐसे समय पर की गई है, जब ब्लिंकन चीन की यात्रा करने वाले हैं। ऐसे में अमेरिकी सांसदों की ओर से ब्लिंकन और ट्रेजरी सचिव जेनेट येलेन को एक पत्र लिखा है। फ्लोरिडा के मार्को रुबियो के नेतृत्व में रिपब्लिकन सीनेटरों ने कहा कि चीन को उसके प्रोपेगेंडा में न जीतने दिया जाए, बल्कि चीनी कम्यूनिष्ट पार्टी को मानवाधिकारों के हनन, अनुचित व्यापार प्रथाओं और सीमा से लगे देशों के खिलाफ आक्रामकता के लिए जवाबदेह ठहराया जाए। बता दें, चीन का कई देशों के साथ सीमाई विवाद है। वह दक्षिण चीन सागर के लगभग सभी विवादित क्षेत्रों पर अपना दावा करता है। हालांकि ताइवान, फिलीपींस, ब्रुनेई, मलेशिया और वियतनाम सभी इसके कुछ हिस्सों पर दावा करते हैं। बीजिंग ने दक्षिण चीन सागर में कृत्रिम द्वीप और सैन्य प्रतिष्ठान भी बनाए हैं।

### अमेरिका में फिर भारतीयों का परचम, प्रमिला जयपाल को मिला शक्तिशाली पद

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर से भारतवंशियों ने अपना परचम लहराया है। इस बार भारतीय मूल की प्रमिला जयपाल को आव्रजन के लिए बने शक्तिशाली हाउस ज्यूडिशियरी कमेटी के पैनल का रैंकिंग सदस्य नामित किया गया है। वह इस उपसमिति का नेतृत्व करने वाली पहली अप्रवासी बन गई हैं। 57 वर्षीय प्रमिला जयपाल वाशिंगटन के सातवें कांग्रेसनल जिले का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्होंने आप्रवासन अखंडता, सुरक्षा और प्रवर्तन पर काम करने वाली उपसमिति की महिला सदस्या जो लोफग्रेन का स्थान लिया है। रैंकिंग सदस्य नामित किए जाने के बाद प्रमिला जयपाल ने कहा, अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी गई पहली दक्षिण एशियाई महिला के रूप में मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं। प्रमिला ने कहा, जब वह 16 साल की थीं, तभी अमेरिका आ गई थीं। हालांकि, अमेरिकी नागरिक बनने के लिए उन्हें 17 साल इंतजार करना पड़ा। उन्होंने कहा, यह मेरे लिए बड़ी बात है कि मैं उस स्थिति में पहुंच गई हूं, जहां मैं टूटी हुई आप्रवासन प्रणाली को दोबारा शुरू करने की भूमिका में रहूंगी।

## पाकिस्तान में 47 साल बाद सबसे ज्यादा महंगाई

# जनवरी में इन्फ्लेशन रेट 27.6प्रतिशत रहा, 9 फरवरी के बाद और बढ़ेगा

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान में इस वक्त महंगाई दर 27.6प्रतिशत है। यह 1975 के बाद सबसे ज्यादा है। उस वक्त यह 27.77 हो गई थी। 31 जनवरी को इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड की एक टीम पाकिस्तान पहुंची है। यह 6 अरब डॉलर के लोन की अगली किश्त (1.2 अरब डॉलर) जारी करने की शर्तों पर बातचीत कर रही है। आईएमएफ ने बेहद सख्त शर्तें रखी हैं। इतना ही नहीं उसने इन तमाम शर्तों को पूरा करने के लिए पॉलिटिकल गारंटी भी मांगी है। आईएमएफ चाहता है कि पाकिस्तान सरकार इलेक्ट्रिसिटी और फ्यूल को 60प्रतिशत तक महंगा करे। टैक्स कलेक्शन दोगुना करने को कहा गया है। लिहाजा, यह तय माना जा रहा है कि 9 फरवरी को जब आईएमएफ और शाहबाज सरकार की बातचीत खत्म होगी और अगर सरकार यह शर्तें मान लेती है तो महंगाई करीब-करीब दोगुनी हो जाएगी।

**सरकार ने जारी की रिपोर्ट** - 2022 जनवरी में महंगाई दर 13प्रतिशत थी। इसके मायने ये हुए कि महज एक साल में इन्फ्लेशन रेट यानी महंगाई दर दोगुने से ज्यादा हो गई। यह आंकड़ा पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ स्टेटिस्टिक्स ने बुधवार दोपहर जारी किया। 1975 के बाद महंगाई सबसे ज्यादा है। उस वक्त यह आंकड़ा 27.77प्रतिशत था। सरकार के लिए एक बहुत बड़ी परेशानी या कहें शर्मिंदगी की बात यह है कि इस वक्त कराची पोर्ट पर करीब 6 हजार कंटेनर्स खड़े हैं। इन्हें अनलोड सिर्फ इसलिए नहीं किया जा सका है, क्योंकि बैंकों के पास डॉलर नहीं हैं और इस वजह से पेमेंट नहीं हो रहा है। कारोबारियों को तो तगड़ा



नुकसान हो ही रहा है, इससे बड़ी परेशानी आम लोगों के लिए है, क्योंकि इन कंटेनर्स में रोजमर्रा की जरूरतों का सामान जैसे फल और सब्जियां भी हैं। यह करीब-करीब खराब हो चुके होंगे। अब तो यह हालात हो चुके हैं कि पोर्ट पर नए कंटेनर्स के खड़े होने की जगह तक नहीं बची है।

**एक शर्त पूरी करना मुश्किल** - जारी एक स्पेशल रिपोर्ट में आईएमएफ की एक ऐसी शर्त के बारे में जानकारी दी गई है, जिसे पूरा कर पाना फिलहाल मुमकिन नहीं लगता। रिपोर्ट के मुताबिक- आईएमएफ ने कहा है कि वो 1.2 अरब डॉलर की किश्त तभी जारी करेगा जब पाकिस्तान सरकार इसके लिए बाकी शर्तों के साथ पॉलिटिकल गारंटी भी देगी। पॉलिटिकल गारंटी का सीधा मतलब ये है कि अगर कोई दूसरी पार्टी, मसलन इमरान खान की पार्टी सत्ता में आती है तो वो किसी वादे से पीछे नहीं हटेगी। दिक्कत ये है कि इमरान किसी दूसरी पॉलिटिकल पार्टी के किए वादों को नहीं मानेंगे। तब आईएमएफ क्या करेगा लिहाजा, माना जा रहा है कि सरकार संसद में एक ऑर्डिनेंस लाकर यह शर्त पूरी करेगी। हालांकि, ये भी बहुत मुश्किल है। इसकी दो वजह हैं। पहली- संसद में विपक्ष है ही नहीं। दूसरी- 6 महीने बाद ऑर्डिनेंस खत्म हो जाएगा, फिर क्या होगा। बहरहाल, देखना होगा कि 9 फरवरी को आईएमएफ और शाहबाज सरकार के बीच आखिरकार क्या तय होता है और इससे पाकिस्तान दिवालिया होने से कितने दिनों तक बचेगा। इस वक्त सरकार के पास सिर्फ 3.6 अरब डॉलर बचे हैं और वो भी सऊदी अरब के हैं।

**पूर्व वित्त मंत्री का दावा** - दो महीने पहले तक पाकिस्तान के फाइनेंस मिनिस्टर रहे मिफ्ताह इस्माइल ने कहा है कि पाकिस्तान अब किसी भी वक्त डिफॉल्टर घोषित हो सकता है। एक टीवी शो के दौरान उन्होंने कहा- इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड यानी आईएमएफ हमें नए कर्ज की किश्त देने तैयार नहीं है। इमरान खान के दौर में हमारी इकोनॉमी की जो तबाही शुरू हुई, उससे हम उबर ही नहीं सके। शाहबाज शरीफ सरकार के पहले वित्त मंत्री इस्माइल को सच बोलने वाला नेता माना जाता है। यही वजह है कि उनकी जगह इशहाक डार को फाइनेंस मिनिस्टर बनाया गया। वो तरह-तरह के दावे कर रहे हैं। आईएमएफ को धमकी दे रहे हैं। डार को उम्मीद है कि चीन और सऊदी अरब मिलकर पाकिस्तान को दिवालिया होने से बचा लेंगे।

**सऊदी अरब में हाजिरी लगाते हैं पाक के नए और सेना प्रमुख** - पाकिस्तान का सेना प्रमुख बनने के डेढ़ महीने बाद ही जनरल सैयद असीम मुनीर 5 जनवरी 2023 को सऊदी अरब के दौरे पर गए। इससे पहले मई 2022 में सऊदी अरब गए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को सऊदी से कुल 8 अरब डॉलर का राहत पैकेज लेने में कामयाबी हासिल हुई थी। इस समय सऊदी अरब ने पाकिस्तान को तेल के लिए दी जाने वाली वित्तीय राहत को भी दोगुना करने का वादा किया था। अगस्त 2018 में इमरान खान पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद पहले ही महीने वह सऊदी अरब के दौरे पर गए थे। इमरान खान ने करीब 4 साल के कार्यकाल में कुल 32 विदेश यात्राएं कीं, इनमें 8 बार वो सऊदी अरब गए थे।

**मुश्किल में दूर हुए दोस्त** - पाकिस्तान के पास इस वक्त सिर्फ 3.6 अरब डॉलर का फॉरेन रिजर्व है। इससे पुराने कर्ज की किश्तें भी नहीं भरी जा सकतीं। फाइनेंस मिनिस्टर इशहाक डार ने नवंबर में कहा था कि चीन और सऊदी अरब पाकिस्तान को बहुत जल्द 13 अरब डॉलर का नया कर्ज देंगे।

## ऐतिहासिक गुफाओं वाले शहर में दिख रहे रूस की तबाही के निशान, धरती का नरक बना गुलजार बखमुत



**कीव।**

यूक्रेन पर रूसी हमले को एक साल होने जा रहा है लेकिन अब तक इसके रुकने के आसार नहीं हैं। इस बीच दोनेस्क क्षेत्र पर शुरू से ही रूस कब्जे को लेकर आगे बढ़ता रहा है। यहां पर्यटन के लिहाज से पूरी दुनिया में मशहूर बखमुत शहर को इस युद्ध की भारी कीमत चुकानी पड़ी है। एक वर्ष पहले तक पर्यटकों से गुलजार रहने वाला यह शहर अब सुनसान दिखाई पड़ता है। अब यह धरती का नरक बन चुका है। बता दें कि बखमुत में लेकसाइड पार्क के आसपास टहलते हुए पर्यटकों को 19वीं सदी के आखिरी समय की इमारतें आकर्षित किया करती थीं। साथ ही इस शहर में बनीं ऐतिहासिक गुफाएं भी खासा आकर्षण का केंद्र हुआ करती थीं। लेकिन रूस के साथ जारी युद्ध के कारण शहर में तबाही के स्पष्ट निशान देखे जा सकते हैं। रूसी सीमा से करीब 100 किलोमीटर दूर नमक और जिप्सम की खदानों वाला यह शहर कभी पूर्वी यूक्रेन के डोनेस्क प्रांत का लोकप्रिय पर्यटन स्थल हुआ करता था। भारी बमबारी के बावजूद रूसी सैन्य बल इस शहर को अपने नियंत्रण में नहीं ले सके, लेकिन लगातार हमलों के चलते स्थानीय नागरिकों को विस्थापित होने को मजबूर होना पड़ा। यूक्रेनी सैनिक पेट्रो वोलोसेंको ने कहा, अब यह शहर धरती का नरक बन चुका है। यह शहर धीरे-धीरे लगभग तबाह हो गया और इमारतें वीरान पड़ी हैं तथा घरों के खिड़की-दरवाजे और छत क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

यूक्रेनी सैन्य अधिकारी पेट्रो वोलोसेंको ने बताया कि युद्ध से पहले बखमुत शहर की आबादी लगभग 80,000 थी जबकि वर्तमान में यहां कुछ हजार लोग ही बचे हैं। उन्होंने बताया कि जीवित बचे हुए लोग भी बमुश्किल ही रोशनी देख पाते हैं क्योंकि वे भी सुरक्षा के लिहाज से सुरंगों में छिपे रहने को मजबूर हैं। उन्होंने बताया कि शहर में अब भी धमाकों की गूंज सुनी जा सकती है। 24 फरवरी को रूस-यूक्रेन युद्ध का एक साल पूरा हो जाएगा। लेकिन हालात जस के तस हैं। क्रीमिया और पूर्वी यूक्रेन के क्षेत्रों पर 2014 में रूसी कब्जे की शुरूआत के बाद से यूक्रेन की सेना में हजारों महिलाएं स्वेच्छा से शामिल हुई हैं। नौ वर्ष में पिछले एक साल के दौरान यूक्रेन की सेना में शामिल होने वाली महिलाओं की संख्या दोगुने से अधिक हो गई है।

## डेलावेयर में राष्ट्रपति बाइडन के घर से खाली हाथ लौटी एफबीआई, नहीं मिला कोई गोपनीय दस्तावेज

**वाशिंगटन।**



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के आवास पर गोपनीय दस्तावेज को लेकर संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) ने एक बार फिर बुधवार को छापेमारी की, लेकिन इस बार एफबीआई को खाली हाथ लौटना पड़ा। राष्ट्रपति के निजी वकील का हवाला देते हुए बताया कि एफबीआई को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के डेलावेयर के रेहॉबोथ बीच स्थित घर पर तलाशी पूरी करने के बाद कोई गोपनीय दस्तावेज नहीं मिला। बाइडन के निजी वकील बॉब बाउर ने कहा कि एफबीआई हस्तलिखित नोट अपने साथ ले गई। बाउर ने कहा कि अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा राष्ट्रपति के रेहॉबोथ आवास की योजनाबद्ध तलाशी राष्ट्रपति के वकीलों के समन्वय और सहयोग से संपन्न हुई है। उन्होंने बताया कि तलाशी सुबह 8:30 बजे से दोपहर तक की गई।सीएनएन ने राष्ट्रपति के निजी वकील के हवाले से कहा कि गोपनीय चिह्नों वाला कोई दस्तावेज नहीं मिला। विलमिंगटन और डेलावेयर में बाइडन के घर में पिछले महीने की गई तलाशी के बारे में बाउर ने कहा कि एफबीआई के एजेंट्स कुछ सामग्रियों और हस्तलिखित नोट्स को और अधिक समीक्षा के लिए अपने साथ ले गए थे, जो कि उपराष्ट्रपति के रूप में उनके कार्यकाल से संबंधित प्रतीत हो रहे थे। बाउर ने इससे पहले सुबह में पुष्टि की थी कि जांचकर्ता घर की तलाशी ले रहे हैं। बाउर ने कहा कि तलाशी की योजना बनाई गई थी और उसे बाइडन का पूर्ण समर्थन और सहयोग था। एफबीआई ने इससे पहले विलमिंगटन और डेलावेयर में बाइडन के घर की तलाशी ली थी। उस दौरान उनके वकील ने बताया था कि गोपनीय दस्तावेजों से संबंधित कई और दस्तावेज मिले हैं। यह तलाशी 20 से 23 जनवरी के बीच हुई थी। गोपनीय दस्तावेज उस वक्त के हैं जब जो बाइडन उपराष्ट्रपति थे। आरोप है कि वह पद छोड़ने से पहले गोपनीय दस्तावेज अपने साथ ले गए थे। बाइडन के घर में एक व्यापक छानबीन के बाद छह और गोपनीय दस्तावेज पाए गए थे जिनमें व्यक्तिगत रूप से हस्तलिखित नोट, फाइलें, कागजात और बाइंडर शामिल थे। सीएनएन के अनुसार, न्याय विभाग ने उनकी समीक्षा करने के लिए बाइडन के उपराष्ट्रपति के समय के कुछ हस्तलिखित नोट्स भी अपने साथ ले गए थे। राष्ट्रपति के वकील बॉब बाउर ने कहा कि जांच प्रक्रिया को यथासंभव तेजी से आगे बढ़ाने के लिए हमने राष्ट्रपति के घर तक उन्हें जल्द पहुंचने में पूरा सहयोग किया था।

## पाकिस्तान के पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तारः पूर्व राष्ट्रपति पर इमरान के कत्ल की साजिश रचने का आरोप लगाया था

**इस्लामाबाद।**

पाकिस्तान के पूर्व गृह मंत्री शेख रशीद को बुधवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रशीद की गिरफ्तारी को पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी पर इमरान खान की हत्या की साजिश रचने के उनके आरोप से जोड़ा जा रहा है। इस्लामाबाद में पहले से ही उनके खिलाफ स्नङ्कक्रदर्ज थी। जरदारी फॉरेन मिनिस्टर बिलावल भुट्टो के पिता हैं। गिरफ्तारी के बाद रशीद ने कहा- मुझे बिना किसी वॉरंट के गिरफ्तार किया है। 200 पुलिसवालों ने मेरे घर के खिड़की-दरवाजे तोड़े, बदतमीजी की। नौकरों के साथ मारपीट की गई और जबरदस्ती मुझे गाड़ी में डाला। गिरफ्तारी के पीछे शाहबाज शरीफ सरकार का हाथ है अब पूरा मामला समझिए...1. 27 जनवरी को रशीद ने जरदारी पर आरोप लगाए 27 जनवरी 2023 को शेख रशीद ने पूर्व राष्ट्रपति जरदारी पर आरोप लगाया था कि वो इमरान की हत्या की साजिश रच रहे हैं। रशीद का कहना था कि जरदारी इमरान खान की हत्या की साजिश को अंजाम देने के लिए किसी आतंकवादी संगठन को पैसे दे रहे हैं। इसके बाद इमरान खान ने भी यही बात कही। उनका कहना था कि जरदारी के पास काला धन है, जो वो आतंकी संगठन को देते हैं। 2. रशीद अपने बयान से पलट



गए खास बात यह है कि बाद में जब शेख रशीद के खिलाफ जरदारी के एक समर्थक ने केस दर्ज कराया और पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया तो वो फौरन पलट गए। उन्होंने कहा- मैंने तो इमरान के कहने पर यह आरोप लगाए थे। मेरे पास इसके कोई सबूत नहीं हैं कि जरदारी ने कभी इमरान को कत्ल कराने की साजिश रची। 1 फरवरी को रशीद ने एक ट्वीट कर कहा कि वो इमरान के साथ हैं। उन्होंने कहा था- मैं अपने बयान पर कायम हूं। इमरान खान सही हैं। आसिफ जरदारी उन्हें मारना चाहते हैं। इमरान खान की जान को गंभीर खतरा है। उनकी (जरदारी की) योजना इमरान खान को अयोग्य ठहराने और कमजोर करने की है। इस मामले में मैं अपने वकील के साथ पुलिस स्टेशन में एक स्टेटमेंट जमा करने गया था, जो पुलिस ने जमा नहीं की। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी रावलपिंडी डिवीजन के प्रेसिडेंट राजा इनायत उर रहमान ने इस्लामाबाद के आपारा पुलिस स्टेशन में रशीद के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। बुधवार देर रात रशीद को रावलपिंडी पुलिस ने अरेस्ट किया। इसके बाद उन्हें इस्लामाबाद के पुलिस स्टेशन शिफ्ट किया गया है। इस दौरान उन्होंने कहा- मेरा गुनाह ये है कि मैं इमरान के साथ खड़ा हूं। मैं 16 बार मंत्री रह चुका हूं। आज तक मुझ पर करप्शन के आरोप नहीं लगे। हालांकि, शेख राशिद पर अवैध कब्जे का भी एक मामला दर्ज है, जिसमें इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड ने 30 जनवरी 2023 को उनके घर लाल हवेली सहित 5 और यूनिट को सील कर दिया था। हालांकि, उसी दिन लाहौर हाईकोर्ट ने उनकी प्रॉपर्टी को डी-सील करने के आदेश दे दिए थे। पुलिस का कहना है कि उन्होंने शेख रशीद को रावलपिंडी के मुरे एक्सप्रेस-वे से गिरफ्तार किया गया। दूसरी ओर, रशीद के परिवार का कहना है कि पुलिस रशीद को उनके घर से अरेस्ट कर ले गई है। उनके भतीजे शेख रशीद शफीक का कहना है कि करीब 300 से 400 पुलिसवाले घर पर आए थे। इसी बीच इमरान खान ने उनकी गिरफ्तारी की निंदा की है। उन्होंने एक ट्वीट में लिखा- रशीद की गिरफ्तारी की कड़ी निंदा करते हैं।

## ब्रिटेन में हुआ दशक का सबसे बड़ा प्रदर्शन

# सुनक सरकार के खिलाफ 5 लाख से ज्यादा लोग सड़कों पर उतरे, वेतन बढ़ाने की मांग की

**लंदन।**

ब्रिटेन में बुधवार को 5 लाख सेज्यादा लोगों ने लंदन की सड़कों पर उतरऋषि सुनक की सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसे ब्रिटेन का पिछले एक दशक का सबसे बड़ा प्रदर्शन बताया जा रहा है। विरोध करने वाले लोगों में सबसेज्यादा टीचर्स, सिविल सरवेंट और ट्रेन के ड्राइवर्स रहे, जो अपना काम छोड़कर हड़ताल पर चले गए। इन लोगों नेसरकार से वेतन बढ़ाने और महंगाई को कंट्रोल में करने की मांग की है। हड़ताल करनेवालों में 3 लाख के करीब केवल टीचर्स थे, जो पहले कोरोना और फिर यूक्रेन जंग से बढ़ी महंगाई के कारण परेशान हैं।हड़ताल से पहले प्रधानमंत्री ऑफिस नेचेतावनी जारी कर बताया था कि इससे अव्यवस्था फैलेगी। इसके बावजूद लोग नहीं माने और प्रदर्शन में जुटे।

नेशनल एजुकेशन यूनियन ने बताया कि टीचर्स की हड़ताल इतनी बड़ी थी कि इसका असर 23 हजार स्कूलों पर रहा। वहीं ब्रिटेन में ट्रेन ड्राइवर्स के काम पर नहीं जाने से वहां ज्यादातर ट्रेनें बंद रहीं। हड़ताल में शामिल एक 33 साल के टीचर निक होन ने बताया कि जिस हिसाब से ब्रिटेन में महंगाई बढ़ी है इससे खर्चा पूरा करने में उनकी सैलरी कम पड़ रही है। 10 घंटे काम करने के बाद भी लोगों को पास्ता खाकर दिन गुजारना पड़ रहा है। इंस्टीट्यूट फॉर फिस्कल स्टडीज के मुताबिक वहां साल 2010 से 2022 के बीच में टीचर्स के वेतन में 9 से 10प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। ब्रिटेन के कई बड़े अखबारों ने बुधवार



को हुई हड़ताल को लॉकडाउन 2023 तो किसी ने इसे वॉकआउट वेडनेसडे नाम दिया। प्रदर्शन की तुलना ब्रिटेन में साल 1978-79 में हुई हड़ताल से की गई, जिसे वहां विंटर ऑफ डिस्कंटेंट यानी सर्दियों के असंतोष के नाम से भी जाना जाता है। युनिवर्सिटी ऑफ कैमब्रिज की प्रोफेसर कैथरीन बर्नार्ड ने द वॉशिंगटन पोस्ट को बताया कि हड़ताल करने के मामले में ब्रिटेन में काफी सख्त कानून हैं कोई भी इतनी आसानी से इतनी ज्यादा तादाद में सड़कों पर उतर कर प्रदर्शन नहीं कर सकता है। फिर भी अगर 5 लाख से ज्यादा लोग अपने घरों से निकले हैं तो मामला गंभीर है। सोमवार को प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा था, अगर संभव होता तो मैं एक जादू की छड़ी घुमाकर आपकी परेशानियां दूर कर देता, लेकिन यह नहीं हो सकता है। दरअसल सुनक सरकार का मानना है कि अगर टीचर्स और सिविल सर्वेंट्स की सैलरी बढ़ाई गई तो इससे महंगाई बढ़ेगी जो पहले ही ब्रिटेन में आसमान छू रही है। वेतन न बढ़ाने के फैसले से लोग उनकी तुलना ब्रिटेन की पहली महिला प्रधानमंत्री मार्गरिट थैचर से कर रहे हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ नॉटिंघम में पॉलिटिकल हिस्ट्री के प्रोफेसर स्टीवन फील्डिंग ने कहा कि सुनक मार्गरिट थैचर के रास्ते जा रहे हैं। जो उनके लिए बिल्कुल सही नहीं है। जब वो प्रधानमंत्री बने उस समय उन्होंने दावा किया था कि वो ब्रिटेन की इकोनॉमी को ठीक से संभालेंगे। ठीक इसी तरह के दावे कर मार्गरिट थैचर भी सत्ता में आई थीं। सुनक अब हड़ताल कर रही यूनियन की बात नहीं सुन रहे हैं।

# जोधपुर में 29 देशों के राजनयिकों का शिखर सम्मेलन योग के साथ शुरू

## जी-20



**जोधपुर ( हिंस )।** जी-20 शिखर सम्मेलन के एंप्लायमेंट वर्किंग ग्रुप की बैठक गुरुवार से मारवाड़ की धरा धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी जोधपुर में सुबह योग एवं प्राणायाम के साथ शुरू हो गई। करवड़ स्थित आयुर्वेद विश्वविद्यालय में सुबह की शुरुआत योग एवं प्राणायाम के साथ हुई। सम्मेलन में पहुंचे 29 देशों के राजनयिकों ने योग एवं प्राणायाम सत्र में हिस्सा लेकर यहां की शुद्ध हवा को अपने भीतर उतारा। योग प्रशिक्षक गुरुओं द्वारा उन्हें योग एवं प्राणायाम करवाया गया। दोपहर में होटल ताज हरि महल में लंच कार्यक्रम रहा। देश में जोधपुर का आज से तीन दिन तक यानी 4 फरवरी तक समय ऐतिहासिक रहने वाला है। यहां पर शुरू हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में दुनियाभर से विदेशी मेहमान आए हुए हैं, जोकि जोधपुर एवं मारवाड़ की संस्कृति से रूबरू हो रहे हैं। नौपत धुनों पर विदेशी मेहमानों को शहर की होटलों में स्वागत सत्कार मारवाड़ी अंदाज में किया जा रहा है। आज और कल हेरिटेज वॉक घंटाघर एवं तुरजी का झालरा पर रहेगी। इसमें विदेशी मेहमानों को राजस्थानी कला एवं संस्कृति से रूबरू करवाया जाएगा। भीतरी शहर के घुमावदार रास्तों से विदेशी मेहमान गुजरेंगे जहां पर वे दीवारों और गलियों में राजस्थानी के साथ मुगलकालीन संस्कृति के दर्शन लाभ भी लेंगे। एंप्लायमेंट वर्किंग ग्रुप की बैठक आज से तीन दिन तक जोधपुर में होगी। यह पहला मौका है जब इस तरह के बड़े इंटरनेशनल इवेंट की मेजबानी जोधपुर को मिली है। बैठक का दौर दोपहर बाद में शुरू हुआ जो शाम चार बजे तक चला। इसमें 29 देशों के 74 प्रतिनिधिमंडल के साथ 100 से ज्यादा अधिकारी हिस्सा लेंगे। भारत समेत 19 सदस्य देशों और 9 आमंत्रित देशों के सदस्य के अलावा कुछ इंटरनेशनल आर्गनाइजेशन के मेंबर भी इस 3 दिन की बैठक में शिरकत कर रहे हैं। जी-20 सम्मेलन देश में एक साल तक अलग-अलग शहरों में होगा। इसमें एंप्लायमेंट वर्किंग ग्रुप की बैठक चार अलग-अलग चरणों में होगी। जोधपुर को पहली ग्रुप मीटिंग मिली है। इसके बाद 3 से 5 अप्रैल तक इस ग्रुप की बैठक गुवाहाटी में, 1 और 2 जून को जेनेवा में और इसके बाद 19 एवं 30 जुलाई को इंदौर में होगी। इसी के साथ जी-20 देशों के श्रम एवं रोजगार मंत्रियों की बैठक भी 21 जुलाई को इंदौर में होगी। एंप्लायमेंट वर्किंग ग्रुप की बैठकों में तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर फोकस रहेगा। इन पर प्रेजेंटेशन तैयार किए जाएंगे। जी-20 देशों के सामने जो चुनौतियां आ रही हैं उनके समाधान भी खोजे जाएंगे। गुरुवार को दोपहर में होटल ताज हरि में स्किल डेवलपमेंट पर प्रेजेंटेशन के साथ बैठक शुरू हुई। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के सेक्रेटरी अतुल कुमार तिवारी इसकी अध्यक्षता कर रहे हैं।

## पंजाब के आईपीएस अधिकारी के खिलाफ सीबीआई जांच शुरू

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** सीबीआई ने जालंधर के पुलिस आयुक्त एवं चंडीगढ़ के पूर्व एसएसपी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों के तहत जांच शुरू कर दी है। पंजाब कॉडर के आईपीएस कुलदीप चाहल कई माह से विवादों में घिरे हुए हैं। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक के साथ छत्तीस का आंकड़ा होने के कारण चाहल को समय से पहले ही चंडीगढ़ से भेज दिया गया था। कुलदीप चाहल पंजाब कॉडर आईपीएस हैं। उन्हें चंडीगढ़ में प्रतिनियुक्ति पर बतौर एसएसपी तैनात किया गया था। चंडीगढ़ में तीन साल का कार्यकाल पूरा होने से 10 महीने पहले ही चहल को रिपेट्रिएट (कैडर वापसी) कर दिया गया था। चंडीगढ़ के प्रशासक एवं पंजाब के राज्यपाल ने इसके पीछे उनके अनाचरण को कारण बताया गया था। हालही में गणतंत्र दिवस के मौके पर राज्यपाल जब जालंधर में ध्वज फहराने गए तो प्रोटोकॉल के बावजूद कुलदीप चहल उनके कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। प्रशासक बीएल पुरोहित द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर ही सीबीआई ने यह जांच शुरू की है।

## मुख्यमंत्री की अधिकारियों पर पकड़ नही है : सैनी



**यमुनानगर ( डव्य )।** रादौर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक डॉ. बीएल सैनी ने हरियाणा में अधिकारियों की कार्यशैली पर कई सवाल उठाए। यमुनानगर में गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस विधायक डॉ. बीएल सैनी ने कहा कि आज सरकार में न सिर्फ विपक्ष की बल्कि सत्तापक्ष के विधायकों की भी सुनवाई नहीं होती। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की अधिकारियों पर पकड़ नहीं है। *ग्राम दर्शन* कहो मन की बात के तहत रादौर विधानसभा क्षेत्र के तीन सौ कार्यों को लेकर उन्हें जवाब में बताया गया है कि 87 कार्य हो रहे हैं, लेकिन जमीन पर ऐसा कोई कार्य दिखाई नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले में यमुनानगर के सीईओ द्वारा बार-बार अधिकारियों को लिखा जाता है। अधिकारी जवाब देते हैं कि उनके पास फंड नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी विधायकों को सड़कों के निर्माण के लिए 25-25 करोड़ रुपए की राशि दिए जाने की बात कही गई थी। अभी तक उनके लिए कोई पैसा नहीं आया है। पिछले दिनों गृहमंत्री उनके क्षेत्र में आए थे। उस से पहले सड़कों की कुछ मरम्मत की गई। अब मुख्यमंत्री भी पिछले दिनों उसी क्षेत्र से गुजरे। लेकिन सड़कों का निर्माण नहीं हुआ। मुख्यमंत्री की अधिकारियों पर पकड़ नहीं है। हरियाणा में सरपंचों को विकास कार्यों के लिए राशि 20 लाख रुपए से घटाकर 2 लाख रुपए के सवाल पर उन्होंने कहा कि हरियाणा के नवनिर्वाचित सरपंच काम करना चाहते हैं। सरपंचों को ज्यादा से ज्यादा राशि दी जानी चाहिए।

## सरकारी ऋण योजनाओं में खराब परफार्मेंस वाले 12 बैंकों में नहीं खोले जाएंगे सरकारी खाते

**बीकानेर ( हिंस )।** राज्य सरकार की विभिन्न ऋण योजनाओं में हुई प्रगति पर असंतोष प्रकट करते हुए 12 बैंकों में सरकारी कार्यालयों द्वारा खाता नहीं खुलवाने और वर्तमान में जारी खाता विड्रो करने के निर्देश दिए हैं। जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में ये निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बार- बार निर्देशों के बावजूद जिले में इन बैंकों की शाखाओं द्वारा बहुत कम आवेदन पत्रों का निस्तारण किया गया है। यह अस्वीकार्य है। इन बैंकों में इंडियन बैंक, एक्सिस बैंक, बंधन बैंक, आईसीआईसीआई, आईडीबीआई, कोटेक महिन्द्रा, जना स्माल फाइनेंस बैंक, सिटी यूनियन बैंक, एयू स्माल फाइनेंस बैंक, यस बैंक, इक्विटास फाइनेंस बैंक, इंडसिड बैंक में सरकारी खाते नहीं खुलवाए जाएंगे। जिला कलक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने निगम को इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना में दोगुने आवेदन पत्र लेने के भी निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के कामगारों को इन योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित करने के लिए डोर टू डोर कैंपेन चलाकर लक्ष्य से दोगुने आवेदन लें। उन्होंने कहा वर्तमान में रिजेक्शन रेट करीब 50 प्रतिशत है। पात्र को योजना का अधिकतम लाभ मिले यह सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एजेंसियों को बैकों के साथ और समन्वय करते हुए कार्य करने की आवश्यकता है। निगम पार्षदों के साथ बैठक कर उनके माध्यम से इस योजना की जानकारी पात्र तक पहुंचाने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि प्रतिमाह 15 दिन में बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रगति की समीक्षा की जाएगी। जिला कलक्टर भगवती प्रसाद ने कहा कि श्रीडूंगरगढ़, नोखा और देशनोक में बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित है बैंक अपने स्तर पर समीक्षा कर इनका भी त्वरित निस्तारण करें।

### रिसर्च रिपोर्ट को अडाणी बता रहे देश पर हमला

## मोदी सहित सभी जिम्मेदार चुप : मनोज राठी

### केंद्र का बजट आंकड़ों का खेल, जनता को भुगतना पड़ेगा खामियाजा



**हिसार ( हिंस )।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनोज राठी ने केंद्रीय बजट को जनविरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बजट में आंकड़ों का खेल खेला है, जिसका खामियाजा देश की जनता को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने गौतम अडाणी मामले में भी केंद्र सरकार को कोसा और सरकार पर अडाणी के हाथों खेलने का आरोप लगाया। गुरुवार को अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मनोज राठी ने कहा कि केंद्रीय बजट में किसान, मजदूर व आम जनता के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि देश के अमृतकाल में देश अमृत को तरस रहा है और देश को पूंजीपति लूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि बजट में शिक्षा व स्वास्थ्य के बजट में कटौती की गई है। यही नहीं, बजट में दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया गया है लेकिन स्पष्ट नहीं किया गया है कि रोजगार दिए कैसे जाएंगे। उन्होंने कहा कि बजट में एमएसपी की गारंटी नहीं दी गई है, जिससे किसान वर्ग में निराशा है। मनरेगा मजदूर भी अपने भविष्य को लेकर आशंकित है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हुआ है कि आम बजट के दिन तीन साल में पहली बार निफ्टी लाल निशान में बंद, अणानी ग्रुप शेयरों का सात लाख करोड़ रुपए स्वाहा हो गया है। बजट से शेयर बाजार धड़ाम से गिरा और लोगों के लाखों, करोड़ों रुपए डूब गए हैं। अडाणी मामले में सरकार को कोसते हुए राठी ने कहा कि अडाणी ने एलआईसी का 87 हजार करोड़ रुपए लू है और यह पैसा आम गरीब जनता का है। आम गरीब आदमी एलआईसी में पैसे इसलिए जमा करता है कि जरूरत के समय यह पैसा उसके काम आए लेकिन अडाणी ने जो किया है, उससे आम गरीब व्यक्ति का पैसा डूब जाएगा। उन्होंने कहा कि एक रिसर्च रिपोर्ट को गौतम अडानी सरेआम देश पर हमला बता रहे हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल सहित सभी जिम्मेदार इस बात पर चुप हैं।

## मजबूत संगठन और विचारधरा ही हमारी जीत का मंत्र है : चंद्रशेखर



**धौलपुर ( हिंस )।** भाजपा की जिला कार्य समिति की बैठक गुरूवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संगठन को मजबूती देने तथा आगामी चुनाव की तैयारियों पर मंथन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा के संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर ने कहा कि वंशवाद, जातिवाद, तुष्टिकरण व भ्रष्टाचार की जननी कांग्रेस ने राजस्थान को 50 साल पीछे धकलने का काम किया है। हमें राज्य सरकार की विफलताओं को जनता के बीच ले जाना है। मजबूत संगठन और विचारधरा ही हमारी जीत का मंत्र है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण कुमार वर्मा ने कहा कि विगत वर्षो में भाजपा का धौलपुर में संगठन धरातल पर मजबूत हुआ है। प्रदेश नेतृत्व द्वारा प्राप्त संगठनात्मक, रचनात्मक और आंदोलनात्मक गतिविधियों के माध्यम से मुखर होकर राज्य सरकार की जन विरोधी नीतियों का डटकर विरोध किया है। हम आगामी विधानसभा चुनाव में कमल खिलाकर धौलपुर जिले को कांग्रेस मुक्त बनाने का संकल्प लेते हैं। बैठक में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भरतपुर संभाग प्रभारी मुकेश दाधीच, जिला संगठन प्रभारी जवाहर सिंह बेढम, जिला संगठन सह प्रभारी डा.लोकेश चर्तुवेदी एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विशम्भर दयाल शर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। बैठक में पूर्व विधायक सुखराम कोली द्वारा कार्य समिति में राजनीतिक प्रस्ताव रखा गया। कार्य समिति की बैठक में पूर्व विधायक जसवंत सिंह, पूर्व विधायक रानी कोली, पूर्व जिला प्रमुख किशन चंद शर्मा, संगठन संरचना संभाग प्रभारी राजवीर सिंह राजावत, जिला उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया, जिला महामंत्री सत्येंद्र पाराशर, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश सक्सेना, युवा मोर्चा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह घुरैया, अल्प संख्यक मोर्चा अध्यक्ष सगीर खान छावनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष पल्लवी गर्ग गोस्वामी, सोशल मीडिया संभाग प्रभारी हरेंद्र सिंह राव एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी रितिक वर्मा समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पूर्व हॉकी खिलाड़ी नहीं करेंगे मजदूरी, पंजाब सरकार देगी नौकरी

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब सरकार ने मजदूरी कर रहे राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी को सरकारी नौकरी देने का ऐलान किया है। राज्य के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को अपनी रिहायश पर पूर्व हॉकी खिलाड़ी परमजीत कुमार से मुलाकात की। फरीदकोट के रहने वाले परमजीत इससे पहले मंडी में पल्लेदारी करने को मजबूर थे। परमजीत से मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने परमजीत सिंह से कहा कि बुरा समय निकल गया है। परमजीत ने बताया कि पहले किसी सरकार ने उसकी मदद नहीं की।

## पोकरण में मरु महोत्सव का आगाज




**जैसलमेर ( हिंस )।** परमाणु नगरी पोकरण में विश्व विख्यात मरु महोत्सव का भव्य शोभा यात्रा के आगाज हुआ। कैबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद व जिला कलेक्टर टीना डाबी ने महादेव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभा यात्रा में राजस्थान की लोक कला व संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। शोभा यात्रा शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी। जहां जहां से शोभा यात्रा गुजरी वहां पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। शोभा यात्रा मुख्य मार्गों से होती हुई समारोह स्थल पर पहुंची। वहां पर कैबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद व जिला कलेक्टर टीना डाबी ने गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया। कार्यक्रम में मिस पोकरण, मिस्टर पोकरण प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। मिस पोकरण का खिताब नियती शर्मा ने जीता। साथ ही मिस्टर पोकरण का खिताब तीसरी बार भरत बोहरा ने जीता। इस दौरान रस्सा कस्सी, मटका रेस, साफा बांधों सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

## पंजाब के अध्यापक ट्रेनिंग के लिए जाएंगे सिंगापुर

**चंडीगढ़( हिंस )।** पंजाब के स्कूलों के 36 प्रिंसिपलों का पहला बैच अपने पेशेवर हुनर को और निखारने के लिए सिंगापुर जायेगा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को सिंगापुर रवाना होने वाले प्रिंसीपलों से बात की। उन्होंने कहा कि अध्यापक राष्ट्र निर्माता हैं, जो शिक्षा का स्तर ऊंचा उठा सकते हैं। अध्यापकों को विदेशों में उच्च स्तर की ट्रेनिंग देकर उनके अध्यापन हुनर को और निखारा जाएगा। भगवंत मान ने कहा कि इसी गारंटी के आधार पर सरकारी स्कूलों के 36 प्रिंसिपलों का पहला बैच पेशेवर ट्रेनिंग के लिए चार फरवरी को सिंगापुर रवाना हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रिंसिपल 6 फरवरी से 10 फरवरी तक हो रहे *प्रोफेशनल टीचर ट्रेनिंग सेमिनार* में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि यह बैच सैमीनार में हिस्सा लेने के बाद 11 फरवरी को वापिस लौटेगा। भगवंत मान ने उम्मीद जाहिर की कि इस क्रांतिकारी कदम से राज्य के लाखों विद्यार्थियों को फ़ायदा होगा क्योंकि सिंगापुर से और महारत हासिल करने से राज्य में शिक्षा का मानक और सुधरेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगापुर से वापिस आने के बाद ये प्रिंसिपल अपने अध्यापक साथियों और विद्यार्थियों के साथ तजुर्बे सांझा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह प्रयास अध्यापक की महारत और पेशेवर योग्यता बढ़ाने में सहायक होगा जिससे विद्यार्थियों को मानक शिक्षा मुहैया करवाई जा सके।

## राज्यपाल के अभिभाषण पर आज सदन में आएगा सरकार का जवाब

**जयपुर ( हिंस )।** पंद्रहवीं विधानसभा के आठवें सत्र के तहत सदन की कार्यवाही गुरुवार सुबह 11 बजे प्रश्नकाल के साथ आरंभ हुई। प्रश्नकाल में आज कई महत्वपूर्ण सवाल लगे, वहीं आज राज्यपाल के अभिभाषण पर भी सरकार अपना जवाब सदन में देगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आज शाम पांच बजे राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के जरिए सरकार की ओर से जवाब देंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जवाब पेश करने के चलते सत्ता पक्ष के सभी विधायकों को आज सदन में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से पहले नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया शाम चार बजे राज्यपाल के अभिभाषण पर अपना पक्ष रखेंगे। प्रश्नकाल के पश्चात संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल वित्त विभाग की 25 अधिसूचनाएं सदन की मेज पर रखी।

## युवाओं को नियोजन में प्राथमिकता देने वाली नीति बनाएंगे : अशोक चांदना

**जयपुर ( हिंस )।** राज्य सरकार प्रदेश के स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने का विचार रखती है। कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता राज्यमंत्री अशोक चांदना ने गुरुवार को विधानसभा में ये जानकारी देते हुए सदन को आश्वस्त किया कि भविष्य में इस बारे में कोई नीति निर्माण करने पर विचार किया जाएगा। विधायक राजेन्द्र राठौड़ के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में चांदना ने बताया कि विभाग द्वारा औसतन बेरोजगारी की दर के आंकड़ों का संधारण नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी दूर करने के लिए रोजगार विभाग के स्तर पर रोजगार सहायता शिविरों का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों में बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाते हैं। जिसके तहत जनवरी 2022 से दिसंबर 2022 तक कुल 244 जॉब फेयर्स का आयोजन कर 27 हजार 687 बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हुए चयनित कराया गया है। इससे पहले राठौड़ ने सेंटर फॉर मॉनीटरिंग ऑफ इंडियन इकॉनोमी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया कि राजस्थान बेरोजगारी के आंकडों में देश में दूसरे नंबर पर है। इस पर राज्यमंत्री ने कहा कि सेंटर फॉर मॉनीटरिंग ऑफ इंडियन इकॉनोमी सरकारी संस्था न होकर एक निजी संस्था है।

## फसलों के नुकसान की भरपाई सरकार करेगी: कृषि मंत्री

### पाला पड़ने से खराब फसल के आकलन के लिए सरकार ने शुरू करवाई गिरदावरी



**भिवानी ( हिंस )।** प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि बीते दिनों अत्यधिक पाला पड़ने से सरसों की फसल में हुए नुकसान के आकलन के लिए गिरदावरी शुरू कर दी गई है। इसके लिए सरकार ने पत्र जारी करके राजस्व विभाग के अधिकारियों को नुकसान का आकलन दर्ज करके रिपोर्ट भेजने के आदेश जारी किए हैं। कृषि मंत्री ने कहा कि किसान को खराब हुई फसल की चिंता करने की जरूरत नहीं है, सरकार मुआवजा देकर खराब हुई फसल के नुकसान की भरपाई की करेगी। सरकार किसान हित के को सर्वोपरि मानते हुए किसानों के साथ अहित नहीं होने दिया जाएगा। कृषि मंत्री दलाल ने कहा कि फसलों के नुकसान की भरपाई प्रदेश सरकार व बीमा कंपनी करेंगी। आज से नियमित गिरदावरी शुरू कर दी गई है। गिरदावरी में फसलों के नुकसान का आकलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि न केवल सरसों की फसल में हुए नुकसान की भरपाई करवाई जाएगी, बल्कि पाले से बागवानी फसलों में भी हुए नुकसान की भरपाई मुख्यमंत्री बागवानी बीमा योजना के तहत करवाई जाएगी। इसके लिए जल्द ही पार्टल खोला जाएगा, जिस पर किसान अपना नुकसान दर्ज कर सकेंगे। कृषि मंत्री दलाल ने कहा कि सरकार पूरे प्रदेशभर के किसानों व आमजन के हित के लिए योजनाएं लागू की हैं, जिसका लाभ पूरे प्रदेश के किसानों को मिल रहा है। अब बिजाई से लेकर फसल के पैदा होने के बाद खरीद की जिम्मेदारी तक सरकार ने ले ली है। इसके साथ ही प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान को लेकर भी आज किसानों की चिंता सरकार ने दूर की है। सरकार ने खेती को जोखिम से मुक्त किया है। किसानों के चेहरे से चिंता की लकीरे दूर हुई हैं।


ঃ জাননী ঃ

১১ ফেব্ৰুৱাৰীত কামৰূপ জিলাত ৰাষ্ট্ৰীয় লোক-আদালত

জিলা আইন সেৱা প্ৰাধিকাৰী, কামৰূপ, আমিনগাঁৱৰ উদ্যোগত কামৰূপ জিলা ন্যায়িক আদালত চৌহদত অহা ১১ ফেব্ৰুৱাৰী, ২০২৩ তাৰিখে এখন ৰাষ্ট্ৰীয় লোক-আদালত অনুষ্ঠিত হ'ব। এই লোক-আদালতত ফৌজদাৰী, দেৱানী, পাৰিবাৰিক, মটৰ দুৰ্ঘটনাৰ ক্ষতিপূৰণ, চেক বাউন্স, ৰাজহ, বেঙ্কৰ ঋণ, বিদ্যুৎ বিল অনাদায় ইত্যাদি সম্পৰ্কীয় বিভিন্ন গোছৰ সমূহ আপোচ-মীমাংসাৰ জৰিয়তে সহজ নিষ্পত্তিৰ ব্যৱস্থা কৰা হৈছে। ক'ভিড পৰিস্থিতিৰ পৰিপ্ৰেক্ষিতত এই লোক আদালতত গোচৰ নিষ্পত্তিৰ বাবে 'ভাৰ্চুৱেল (online) আৰু 'ব্যক্তিগত উপস্থিতি' উভয় মাধ্যমৰ ব্যৱস্থা থাকিব।

যিসকল লোকে ইতিমধ্যে আদালতৰ/ বেঙ্কৰ/বিদ্যুৎ বিভাগৰ পৰা জাননী পাইছে তেওঁলোকক গোছৰ নিষ্পত্তিৰ বাবে সংশ্লিষ্ট আদালত বা বিভাগৰ লগত যোগাযোগ কৰিবলৈ আহ্বান জনোৱা হ'ল। অধিক তথ্যৰ বাবে ৯৫৩১২-৮৮৮৬৭ আৰু ৯৮৫৪০-৮৪১৫২ নম্বৰত ফোন বা হোৱাটছএপ কৰাৰ লগতে disakamrupamingaon@gmail.com ত ই-মেইল কৰিব পাৰে।

জিলা ও সত্ৰ ন্যায়াধীশ তথা
অধ্যক্ষ
জিলা আইন সেৱা প্ৰাধিকাৰী,
কামৰূপ, আমিনগাঁও

-- Janasanyog /D/ 21273 / 22




# विपक्ष की मांग– सुप्रीम कोर्ट या संसदीय समिति करे अदाणी ग्रुप पर आरोपों की जांच, संसद में हंगामा

**नई दिल्ली ।**
कांग्रेस ने अदाणी एंटरप्राइजेज पर कटाक्ष करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अदाणी का नैतिक रूप से सही होने की बात करना वैसे ही है जैसे उनके प्रधान मेंटर द्वारा विनम्रता, सादगी और विशाल हृदयता के सद्गुणों का उपदेश देना है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि यह 'एंटायर पॉलिटिकल साइंस' है। अदाणी एंटरप्राइजेज ने बुधवार को अपने 20 हजार करोड़ रुपये के अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम (एफपीओ) को वापस लेने और निवेशकों का पैसा लौटाने की घोषणा की। हालांकि, कंपनी के एफपीओ को मंगलवार को पूर्ण अभिदान मिल गया था। समझा जाता है कि अदाणी एंटरप्राइजेज ने यह कदम अमेरिका की शॉर्टसेलिंग कंपनी हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद उठाया है। अदाणी एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष गौतम अदाणी ने कहा, '' एफपीओ को पूर्ण अभिदान मिलने के बाद कल उसे वापस लेने के फैसले से कई लोगों को हैरानी हुई होगी, लेकिन कल बाजार में आए उतार–चढ़ाव को देखते हुए बोर्ड को लगता है कि एफपीओ को जारी रखना नैतिक रूप से सही नहीं होगा।'' रमेश ने ट्वीट किया, अदाणी का नैतिक रूप से सही होने की बात कहना वैसे ही है जैसे उनके प्रधान मेंटर द्वारा विनम्रता, सादगी और विशाल हृदयता के सद्गुणों का उपदेश देना। यह 'एंटायर पॉलिटिकल साइंस' है। 'हिंडनबर्ग रिसर्च' की पिछले हफ्ते आई रिपोर्ट के बाद अडाणी समूह की कंपनियों के शेयरों में लगातार गिरावट आ रही है। गिरावट का यह सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। पिछले पांच कारोबारी सत्रों में समूहों की कंपनियों का सामूहिक बाजार पूंजीकरण सात लाख करोड़ रुपये घट गया है।

**अदाणी प्रकरण पर संसद में विपक्ष का हंगामा, जेपीसी की मांग** – अदाणी प्रकरण के बीच संसद में भी इस विपक्ष का हमला शुरू हो गया है। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि एक संयुक्त संसदीय समिति या सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई की देखरेख में इस मामले की जांच होनी चाहिए। वहीं कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा है कि हम मांग करेंगे कि कथित गड़बड़ी की जांच के लिए एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया जाना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### रिलायंस रिटेल ने बिक्री के लिए सरकार के डिजिटल रुपये को स्वीकार करना शुरू किया




**मुंबई।** रिलायंस रिटेल ने गुरुवार को घोषणा की है कि उसने देश में अपने सभी स्टोरों पर भारत सरकार के डिजिटल रुपये के माध्यम से खुदरा भुगतान स्वीकार करना शुरू कर दिया है। रिलायंस रिटेल ने यहां अपने गोरमेट फूड स्टोर फ्रेशपिक में आरबीआई द्वारा निर्मित और ब्लॉकचैन–आधारित सेंट्रल बैंक डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) की पहली इन–स्टोर स्वीकृति शुरू की। सीबीडीसी फिएट मनी का एक डिजिटल संस्करण है जो सह–अस्तित्व में हार्ड कैश होगा। रिलायंस रिटेल के निदेशक वी. सुब्रमण्यम ने कहा, हमारे स्टोर्स पर डिजिटल करेंसी की स्वीकार्यता में अग्रणी होने की यह ऐतिहासिक पहल भारतीय उपभोक्ताओं को पसंद की शक्ति प्रदान करने की कंपनी की रणनीतिक दृष्टि के अनुरूप है। उन्होंने एक बयान में कहा, अधिक भारतीय डिजिटल रूप से लेनदेन करने के इच्छुक हैं, इस पहल से हमें अपने स्टोर पर ग्राहकों को एक और कुशल और सुरक्षित वैकल्पिक भुगतान विधि प्रदान करने में मदद मिलेगी। रिलायंस रिटेल ने डिजिटल रुपये के लिए इन–स्टोर सपोर्ट लॉन्च करने के लिए आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और फिनटेक इनोविटी टेक्नोलॉजीज के साथ सहयोग किया है। इनोवेटी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक और सीईओ राजीव अग्रवाल ने कहा, डिजिटल रुपया उन उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करता है जो अभी भी भौतिक मुद्रा के भरोसे, सुरक्षा और अंतिम निपटान को पसंद करते हैं। आरबीआई ने चार शहरों में खुदरा सीबीडीसी पायलट के पहले चरण को शुरू किया और पिछले साल के अंत में चार प्रमुख बैंकों को शामिल किया। एक सीबीडीसी बैंक खाते की आवश्यकता के बिना डिजिटल भुगतान तक पहुंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और केंद्रीय बैंक द्वारा जारी डिजिटल वॉलेट द्वारा पहुंच की सुविधा प्रदान की जाएगी। ई–रुपये के उपयोग से अंतर–बैंक बाजार को और अधिक कुशल बनाने की उम्मीद है।

### बजट के बाद सोना ऑलटाइम हाई, 700 रुपए की तेजी: 58 हजार 689 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंचा, चांदी भी 71 हजार के पार

**नई दिल्ली।** बजट के बाद गुरुवार को गोल्ड (सोना) 700 रुपए की तेजी के बाद ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, सोना 779 रुपए की तेजी के बाद 58 हजार 689 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। इससे पहले बुधवार को सोना 57 हजार 910 रुपए पर बंद हुआ था। उधर चांदी की बात करें तो इसकी कीमत में भी शानदार तेजी देखने को मिली। सर्राफा बाजार में ये 1,805 रुपए महंगी होकर 71 हजार 250 रुपए प्रति किग्रा पर पहुंच गई है। 1 फरवरी को ये 69 हजार 445 हजार पर थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को बजट में सोने और इमिटेशन ज्वेलरी पर सीमा शुल्क 20प्रतिशत से बढ़कर 25प्रतिशत, चांदी पर 7.5प्रतिशत से 15प्रतिशत करने का ऐलान किया था।

### भारतीय विमानन उद्योग को 2020-22 में 24,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ



**नई दिल्ली।** 2020–22 के दौरान पिछले दो वित्तीय वर्षों में भारत के विमानन उद्योग को 24,000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, वित्त वर्ष 2020–21 में उद्योग को 12,479 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ और वित्त वर्ष 2021–22 में यह 11,658 करोड़ रुपये था। गुरुवार को लोकसभा में एक जवाब में मंत्रालय ने कहा कि केंद्र ने विमानन उद्योग को समर्थन देने के लिए कई पहल की हैं। एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में कमी को राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा एटीएफ पर उच्च वैट लगाने के साथ उठाया गया था। परिणामस्वरूप, 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा एटीएफ पर वैट कम कर दिया गया है। जवाब में कहा गया है कि घरेलू रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) सेवाओं के लिए माल और सेवा कर (जीएसटी) की दर को 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। मंत्रालय ने आगे बताया कि एयरपोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) और अन्य हवाईअड्डा डेवलपर्स ने नए और मौजूदा टर्मिनलों के विस्तार और संशोधन के साथ–साथ रनवे के सुदृढ़ीकरण के लिए अगले पांच वर्षों में लगभग 98,000 करोड़ रुपये के पूंजी परिव्यय का लक्ष्य रखा है।

# अदाणी समूह ने वापस लिया 20 हजार करोड़ का एफपीओ, लौटाएगा निवेशकों का पैसा




**नई दिल्ली।**
अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) ने अपने 20,000 करोड़ रुपये के फॉलोऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) को रद्द कर दिया है। कंपनी ने बुधवार देर शाम शेयर बाजार को दी गई सूचना में यह जानकारी दी है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि कंपनी अपने एफपीओ के हिस्से के रूप में प्राप्त आय को वापस कर देगी, जिसे मंगलवार को कॉर्पोरेट्स और विदेशी निवेशकों द्वारा बड़े पैमाने पर समर्थन दिया गया था। हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट जारी होने के बाद अदाणी समूह के शेयरों में बड़े पैमाने पर बाजार की गिरावट के बीच असाधारण बढ़ावा देखने को मिला था। हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट में अदाणी समूह पर गलत तरीके से शेयरों में हेराफेरी और लेखा धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है।

**क्या है एफपीओ** – एफपीओ का फुल फॉर्म– फॉलो ऑन पब्लिक ऑफर है। इसके जरिये पहले से शेयर बाजार में लिस्टेडड कंपनियां फंड जुटाने के लिए अपने शेयर बेचने का ऑफर करती हैं। कंपनी एक प्राइस बैंड तय करती है और एफपीओ का प्रचार किया जाता है। इसे द्वितीयक पेशकश के रूप में भी जाना जाता है। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें स्टॉक एक्सचेंजों में सूचीबद्ध मौजूदा कंपनी अपने मौजूदा शेयरधारकों के साथ–साथ नए निवेशकों को नए शेयर जारी करती है। बता दें कि किसी भी कंपनी का पहला ऑफर आईपीओ कहलाता है। इसके बाद ही कंपनी लिस्टेड होती है। लिस्टेड होने के बाद शेयर बेचने का पब्लिक ऑफर एफपीओ कहलाता है। एफपीओ का मुख्य मकसद अतिरिक्त राशि जुटाना होता है।

**क्या एफपीओ ओवर सब्सक्राइब नहीं हुआ था** – शेयर बाजार में उतार–चढ़ाव के बीच मंगलवार को कॉरपोरेट्स और विदेशी निवेशकों ने अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के एफपीओ में भरोसा जताया था। एईएल के शेयर का बाजार मूल्य जारी मूल्य से नीचे रहने के बावजूद, एफपीओ को जारी होने के अंतिम दिन 1.12 गुना सब्सक्राइब किया गया था। इसे विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) और गैर–संस्थागत निवेशकों (एनआईआई) सहित योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) से मजबूत प्रतिक्रिया मिली। एफआईआई, एनआईआई और क्यूआईबी बड़े उद्योगपतियों के पारिवारिक कार्यालय हैं, जो उनकी व्यक्तिगत संपत्ति और अल्ट्रा–हाई नेटवर्थ का प्रबंधन करते हैं। क्यूआईबी के हिस्से को 1.26 गुना और एनआईआई को 3.32 गुना सब्सक्राइब किया गया। कॉरपोरेट्स ने 5,438 करोड़ रुपये के 1.66 करोड़ शेयरों के लिए बोली लगाई और 4,127 करोड़ रुपये के 1.24 करोड़ शेयरों के लिए एफआईआई ने आवेदन किया। हालांकि, खुदरा निवेशकों के हिस्से को केवल 0.12 गुना (12 प्रतिशत) सब्सक्राइब किया गया था, जिसमें निवेशकों ने 2.29 करोड़ शेयरों के कोटा के मुकाबले केवल 27.45 लाख शेयरों के लिए बोली लगाई थी। कर्मचारियों का कोटा भी केवल 55 प्रतिशत कोटे की बोलियों के साथ अंडरसब्सक्राइब रहा।

**बुधवार को क्या हुआ** – रिपोर्ट के मुताबिक, अदाणी समूह के शेयरों और बांडों में बुधवार को फिर सेतेजी से गिरावट शुरू हो गई। अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयरों में 28 फीसदी और अदाणी पोर्ट्स और विशेष आर्थिक क्षेत्र में 19 फीसदी की गिरावट आई। यह दोनों के लिए रिकॉर्ड के अनुसार सबसे खराब दिन था। बुधवार को अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर की कीमत 34 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 2,975 रुपये के पिछले बंद के मुकाबले 1,942 रुपये के एक दिन के निचले स्तर पर पहुंच गई, जो कि 1,933.75 रुपये के निचले सर्किट के करीब थी। शेयर अंततः 28.45 प्रतिशत गिरकर 2,128.70 रुपये पर बंद हुआ। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के पहले दिन इनमें 20 फीसदी तक ही गिरावट आई थी। समूह की कुल 11 कंपनियां शेयर बाजार में सूचीबद्ध है। बुधवार को समूह का कुल बाजार पूंजीकरण घटकर 11.76 लाख करोड़ रुपये रह गया। पिछले हफ्ते मंगलवार को यह 19.20 लाख करोड़ रुपये था। यानी 7.44 लाख करोड़ रुपये की कमी आई है। ब्लूमबर्ग ने बताया कि बुधवार को दोपहर के समय क्रेडिट सुइस ग्रुप एजी ने अपने निजी बैंकिंग ग्राहकों को मार्जिन ऋण के लिए जमानत के रूप में अदाणी समूह की कंपनियों के बांड को स्वीकार करना बंद कर दिया। अज्ञात स्रोतों का हवाला देते हुए बताया कि स्विस ऋणदाता की निजी बैंकिंग शाखा ने अदाणी पोर्ट्स और विशेष आर्थिक क्षेत्र, अदाणी ग्रीन एनर्जी और अ दाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड द्वारा बेचे गए नोट्स के लिए शून्य ऋण म ूल्य निर्धारित किया। क्रेडिट सुइस की कार्रवाई ने संकेत दिया कि अदाणी के वित्त की जांच बढ़ रही है। रिपोर्ट में बताया गया है कि जब एक निजी बैंक ऋण मूल्य को शून्य कर दे ता है, तो ग्राहकों को आम तौर पर नकद या अन्य प्रकार के जमानत के साथ टॉप अप करना पड़ता है और यदि वे ऐसा करने में विफल रहते हैं, तो उनकी प्रतिभूतियों का परिसमापन किया जा सकता है।

**अदाणी ग्रुप ने क्या कहा** – समूह की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि अभूतपूर्व स्थिति और मौजूदा बाजार में उतार–चढ़ाव को देखते हुए कंपनी का लक्ष्य एफपीओ आय वापस करके और पूर्ण किए गए लेनदेन को वापस लेकर अपने निवेश समुदाय के हितों की रक्षा करना है।

**गौतम अदाणी ने कही यह बात** – अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड के चेयरमैन गौतम अदाणी ने कहा कि बोर्ड इस अवसर पर हमारे एफपीओ के लिए आपके समर्थन और प्रतिबद्धता के लिए सभी निवेशकों को धन्यवाद देता है। एफपीओ के लिए सदस्यता कल सफलतापूर्वक बंद हो गया। पिछले सप्ताह के दौरान स्टॉक में अस्थिरता के बावजूद, कंपनी, इसके व्यवसाय और इसके प्रबंधन में आपका विश्वास और विश्वास बेहद आश्वस्त और विनम्र रहा है।

## पीएफ निकालने पर अब लगेगा कम टैक्स

# महिला सम्मान स्कीम में मिलेगा 7.5प्रतिशत का ब्याज, सीनियर सिटीजन भी पा सकेंगे ज्यादा रिटर्न




**नई दिल्ली।**
बजट में सरकार ने हर वर्ग को राहत देने की कोशिश की है। सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम में अधिकतम निवेश की सीमा को बढ़ाकर 30 लाख रुपए किया गया है तो वहीं महिलाओं के लिए 'महिला सम्मान स्कीम' शुरू करने की घोषणा की है। इसके अलावा बिना पैन के पीएफ निकालने पर अब कम टैक्स देना होगा। हम आपको बजट में हुए बदलावों और नई योजनाओं के बारे में बता रहे हैं।

प्रोविडेंट फंड से निकासी को लेकर टैक्स के नियम में बदलाव किया है। अब पेन लिंक्ड नहीं होने पर निकासी के दौरान 30प्रतिशत की जगह 20प्रतिशत टीडीएस लगेगा। यह नियम 1 अप्रैल 2023 से लागू होगा। बदले नियम का फायदा उन पीएफ होल्डर्स को होगा, जिनका पैन अभी तक अपडेटेड नहीं है। वित्तीय बाजार जानकार सुचेता दलाल कहती हैं कि बजट में प्रोसेस को आसान बनाने का लक्ष्य रखा है। आने वाले दिनों में सरकार की प्रक्रिया आसान बनाएगी। रिस्क के आधार पर प्रोसेस होगी। बजट में वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार बैंकिंग कंपनीज एक्ट में बदलाव करेगी। प्रोसेस को अप्रोच के बजाय रिस्क के आधार पर आसान किया जाएगा। फाइनेंशियल सेक्टर के नियामकों को इसके लिए प्रोत्साहित किया जाएगा कि वो डिजिटल इंडिया की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रोसेस डेवलप करें। सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम में अब अधिकतक 30 लाख रुपए निवेश कर सकेंगे। पहले इस स्कीम में अधिकतम 15 लाख रुपए ही निवेश कर सकते थे। इस स्कीम में सालाना 8प्रतिशत ब्याज दिया जा रहा है। इसके अलावा सीनियर सिटीजन्स अब मंथली इनकम स्कीम में भी अधिकतक 9 लाख रुपए निवेश कर सकेंगे। पति/पत्नी भी इतनी राशि जमा कर सकते हैं और संयुक्त खाते में 15 लाख जमा कर सकते हैं। इस स्कीम में 7.1प्रतिशत सालाना ब्याज मिल रहा है। ऐसे में सीनियर सिटीजन्स स्कीम में 30 लाख रुपए जमा करने पर हर महीने 20 हजार रुपए ब्याज मिलेगा और मंथली इनकम स्कीम में 18 लाख जमा करने पर हर माह 10,650 रु. मिलेंगे। यानी आप इन दोनों स्कीम्स में निवेश करते हैं तो आप हर महीने 30,650 की कमाई कर सकते हैं।

# सैमसंग के नए पीसी लाइनअप में एआई नॉइज कैंसलिंग व स्टूडियो मोड फीचर

**सैन फ्रांसिस्को।**
सैमसंग ने अपना लेटेस्ट फ्लैगशिप पीसी लाइनअप गैलेक्सी बुक3 पेश किया है जिसमें उपयोगकर्ता की आवाज को स्पष्ट रूप से पकड़ने और बैकग्राउंड के शोर को कम करने के लिए एआई नॉइज कैंसलिंग की सुविधा है और स्टूडियो मोड है जो वीडियो कॉलिंग के दौरान बेहतर पिक्चर प्रदान करता है। कंपनी ने बुधवार को नई लैपटॉप सीरीज के तीन मॉडल– गैलेक्सी बुक3 अल्ट्रा, बुक3 प्रो 360 और बुक3 प्रो पेश किए। टेक दिग्गज ने एक बयान में कहा, गैलेक्सी बुक3 अल्ट्रा ग्रेफाइट में 16 इंच में उपलब्ध होगा, गैलेक्सी बुक3 प्रो 14 इंच और 16 इंच ग्रेफाइट और बेज रंग विकल्पों में उपलब्ध होगा और गैलेक्सी बुक3 प्रो 360 5जी कनेक्टिविटी के साथ 16 इंच में उपलब्ध होगा। गैलेक्सी बुक3 प्रो और प्रो 360 चुनिंदा बाजारों में 17 फरवरी से और गैलेक्सी बुक3 अल्ट्रा 22 फरवरी से उपलब्ध होगा। जबकि गैलेक्सी बुक3 अल्ट्रा में अल्ट्रा–हाई–परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग की सुविधा है, बुक3 प्रो 360 में एस पेन की कार्यक्षमता के साथ 2–इन–1 कन्वर्टिबल फॉर्म फैक्टर है और बुक3 प्रो में एक पतला और हल्का, मोबिलिटी–फर्स्ट क्लैमशेल डिजाइन है। नई बुक3 सीरीज को उन उपयोगकर्ताओं के लिए डिजाइन



किया गया है जिन्हें अपनी उत्पादकता और रचनात्मकता को सुपरचार्ज करने के लिए सहज मल्टी–डिवाइस कनेक्टिविटी और प्रीमियम हार्डवेयर की आवश्यकता होती है। सीरीज एक इंस्टेंट हॉटस्पॉट के साथ आती है जो केवल एक क्लिक के साथ वायरलेस हॉटस्पॉट के लिए सहज कनेक्शन सक्षम करती है।

नए लैपटॉप में सैमसंग मल्टी कंट्रोल सुविधा भी है जो उपयोगकर्ताओं को अपने पीसी, गैलेक्सी टैब और गैलेक्सी स्मार्टफोन को बुक3 सीरीज कीबोर्ड और ट्रैकपैड के साथ नियंत्रित करने की अनुमति देती है, जिससे वे उपकरणों के बीच कॉपी और पेस्ट या ड्रैग–एंड–ड्रॉप कर सकते हैं।

# लगभग 150 कर्मचारियों की छंटनी करेगा पिंटरेस्ट

**सैन फ्रांसिस्को। फोटो-शेयरिंग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पिंटरेस्ट कथित तौर पर लागत में कटौती के उपायों के बीच लगभग 150 कर्मचारियों की छंटनी कर रहा है। सूत्रों के हवाले से बताया कि इस कदम से पिंटरेस्ट के कुल 5 प्रतिशत से भी कम कर्मचारी प्रभावित होंगे।**




पिंटरेस्ट की एक प्रवक्ता ने कहा, हम अपनी कंपनी की प्राथमिकताओं और हमारी दीर्घकालिक रणनीति के खिलाफ आगे बढ़ने के लिए संगठनात्मक परिवर्तन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, हम दुनिया भर में अपने सदस्यों की सेवा कैसे कर सकते हैं, इसका केंद्र बिंदु हमारे कर्मचारी हैं। प्रभावित होने वाले सभी कर्मचारियों ने पिंटरेस्ट में योगदान दिया और जब वे बदलाव करते हैं, तो हम अलग पैकेज, लाभ और अन्य सेवाओं के साथ उनका समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि फोटो शेयरिंग सोशल मीडिया कंपनी में तीसरी तिमाही के अंत तक लगभग 4,000 कर्मचारी थे।

इसके अलावा, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि अमेरिका स्थित कंपनी की टीमों से नौकरी में कटौती हुई है।

इसके साथ, पिंटरेस्ट अन्य टेक कंपनियों जैसे अमेजन, मेटा, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल पैरेंट अल्फाबेट से जुड़ गया है जिन्होंने हजारों नौकरियों में कटौती की है।

इस बीच, डिजिटल भुगतान कंपनी पेपाल ने भी घोषणा की है कि वह चुनौतीपूर्ण व्यापक आर्थिक वातावरण को संबोधित करने के लिए 2,000 फुल टाइम कर्मचारियों, या अपने वैश्विक कार्यबल के लगभग 7 प्रतिशत की छंटनी कर रही है।

पेपाल के अध्यक्ष और सीईओ डैन शुलमैन ने कहा कि ये नौकरी में कटौती आने वाले हफ्तों में होगी।

# एक प्रतिशत कम ब्याज दर पर मिलेगा लोन, क्या है एमएसएमई सेक्टर के लिए बजट में

**नई दिल्ली ।**
बजट 2023 में सुक्ष्म एवं लघु उद्योगों (एमएसएमई) के लिए वित्त मंत्री ने नई सौगात दी है। वित्त मंत्री निर्मला सीताराम ने ये ऐलान किया है कि महामारी से प्रभावित एमएसएमई को हर संभव मदद मुहैया करायी जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि संविदागत विवादों के निपटान के लिए स्वैच्छिक समाधान योजना का कार्यान्वयन किया जाएगा। उद्यमों को मदद पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने 9000 करोड़ रुपए का आवंटन करने का फैसला किया है।

**क्रेडिट गारंटी योजना के लिए बजट में 9000 करोड़ रुपये का प्रबंध किया गया है** – क्रेडिट गारंटी प्लान के लिए बजट में 9000 करोड़ रुपए का प्रबंध करने की घोषणा की गई है। नई स्कीम के तहत देश के एमएसएमई सेक्टर को 1 फीसदी कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने की घोषणा की गई है। नई स्कीम के तहत 2 लाख करोड़ रुपए का अतिरिक्त कर्ज उपलब्ध कराने का एलान किया गया है। वित्त मंत्री के एलान के अनुसार फाइनेंशियल सेक्टर में कंप्लायंस लागत कम करने पर जोर दिया जाएगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में कहा, एमएसई हमारी अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन है।



**वित्तमंत्री बोलीं– कौशल विकास योजना 4.0 की शुरुआत की जाएगी** – वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा है कि 30 कौशल भारत अंतरराष्ट्रीय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि सरकार प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 की शुरुआत करेगी। इसी के तहत युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों के लिए कुशल बनाने के लिए विभिन्न राज्यों में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित किए जाएंगे।

**पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना एलान** – वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान योजना एलान किया है। वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा है कि औजारों के सहारे काम करने वाले पारम्परिक कारीगरों और शिल्पकारों ने भारत का नाम रोशन किया है। उन्हें सामान्यतया विश्वकर्मा के नाम से संबोधित किया जाता है। उनकी बनायी कलाकृति और हस्तशिल्प आत्मनिर्भर भारत की सच्ची भावना को दर्शाती है। उनकी सहायता के लिए सरकार ने पैकेज का एलान किया है। नई स्कीम में उन्हें अपने उत्पादों की गुणवत्ता को सुधारने और एमएसएमई वैल्यू चेन से जुड़ने में मदद मिलेगी।

**स्टार्टअप पर वित्तमंत्री बोलीं– आर्थिक विकास के लिए उद्यमिता बहुत महत्वपूर्ण** – वित्तमंत्री ने अपने बजट भाषण में कहा कि देश के आर्थिक विकास के लिए उद्यमिता बहुत महत्वपूर्ण है। हमने स्टार्टअप के लिए अनेक उपाय किए हैं। उससे फायदा भी हुआ है। भारत वर्तमान में वैश्विक रूप में स्टार्टअप के लिए तीसरी सबसे बड़ी इकोसिस्टम है और मध्यम आय देशों के बीच इनोवेशन के मामले में इसका दूसरा स्थान है। स्टार्टअप्स के लिए आयकर लाभ हेतु निगमन की तारीख एक साल के लिए बढ़ा दी गई है। इससे 31 मार्च 2023 से बढ़ाकर 31 अप्रैल 2024 कर दिया गया है। बजट भाषण में यह भी कहा गया है कि अगर स्टार्टअप की शेयरधारिता में परिवर्तन होने पर होने वाली हानियों के लिए देय लाभ को सात वर्ष से बढ़ाकर दस वर्ष तक के लिए कर दिया है।

### तेल कंपनियों ने जारी किए पेट्रोल-डीजल के दाम

**नई दिल्ली।** तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दाम जारी कर दिए हैं। कंपनियों ने दिल्ली और चेन्नई में तेल के दामों में बदलाव किया है। सरकार ने कुछ महीने पहले पेट्रोल–डीजल की कीमतें घटाने की घोषणा की थी। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर जबकि डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 106.31 रुपये व डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है। कोलकाता में पेट्रोल का दाम 106.03 रुपये जबकि डीजल का दाम 92.76 रुपये प्रति लीटर है। वहीं चेन्नई में भी पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर तो डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है।


**राजकोषीय घाटा बाजार के अनुमान से ज्यादा** – ट्रस्ट प्लुटस वेल्थ के मैनेजिंग पार्टनर विशाल चांदीरमानी ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि राजकोषीय घाटे का संशोधित अनुमान जीडीपी का 6.4प्रतिशत है। 5.9प्रतिशत का राजकोषीय घाटा लक्ष्य बाजार की अपेक्षा (5.80प्रतिशत) से अधिक है। इससे बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी हो सकती है।

## शिवानी सिंह का नया गीत 'कवलेजिया लाईक' हुआ रिलीज




**मुंबई।** भोजपुरी कि मशहूर सिंगर शिवानी सिंह का नया गाना 'कवलेजिया लाईक' वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स से रिलीज हुआ है। इस गाने को नवोदित अभिनेत्री पूनम सिंह पर फिल्माया गया है। दोनों का ये कॉमिनेशन दर्शकों को बेहद ही पसंद आ रहा है। गाने में पूनम पढ़ाई छोड़ने की बात करती हुईं नजर आ रही हैं। क्योंकि उनका स्टाइल ही कुछ ऐसा है कि कॉलेज में लड़के उनके लिए लड़ाई करने लगते हैं। गाने में पूनम के एक एक मूव्स बखूबी नजर आ रहे हैं। इस गाने को देश के बाहर शूट किया गया है वहीं गाने में बैकग्राउंड डांसरों ने भी पूनम का खूब साथ दिया है। वर्ल्डवाइड रिकाड्र्स प्रस्तुत 'कवलेजिया लाईक' के निमार्ता रत्नाकर कुमार हैं। इसके लिरिक्स आशुतोष तिवारी ने लिखे हैं। इसका म्यूजिक आर्या शर्मा ने दिया है। इसके निर्देशक भोजपुरिया है। इसके कोरियोग्राफर सनी सोनकर हैं। इसका पोस्ट प्रोडक्शन वुडपैकर्स वी ने किया है। गाने को एडिटपंकज सॉ ने किया है जबकि डीआई को कलरिस्ट रोहित सिंह हैं।

## अनुभव सिन्हा फिल्म "भीड़" के साथ कर रहे वापसी, 24 मार्च को होगी रिलीज



अनुभव सिन्हा अपनी फिल्मों के माध्यम से सामाजिक रूप से प्रासंगिक विषयों पर प्रकाश डालने के लिए जाने जाते हैं। "भीड़" उनकी अगली हैं जो देश में 2020 में लगाए गए लॉक-डाउन की पृष्ठभूमि पर आधारित है। यह फिल्म 24 मार्च, 2023 को रिलीज होने वाली है। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव, पंकज कपूर, भूमि पेडनेकर, दीया मिर्जा और आशुतोष राणा अभिनीत फिल्म भूषण कुमार और अनुभव सिन्हा द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित है। फिल्म के निर्देशक अनुभव सिन्हा कहते हैं, "भीड़ एक ऐसी फिल्म है जो हमारे समय की जटिलताओं और विरोधाभासों को दशार्ती है। भीड़ एक ऐसी कहानी है जो उस सामाजिक विषमता पर प्रकाश डालती है जिसका देश ने सबसे कठिन समय में सामना किया। मेरे लिए इस कहानी को जीवंत करना और दर्शकों के साथ साझा करना जरूरी था।" इस मामले पर आगे टिप्पणी करते हुए भूषण कुमार कहते हैं, "अनुभव सिन्हा और मेरे साथ काम करने का एक लंबा इतिहास रहा है। यह 2023 में हमारी तीसरी संयुक्त परियोजना है और यह एक जबरदस्त यात्रा रही है। भीड़ एक ऐसी फिल्म है जो एक गहरी और व्यावहारिक जानकारी साझा करेगी। फिल्म अनुभव सिन्हा द्वारा निर्देशित, भूषण कुमार की टी-सीरीज और अनुभव सिन्हा की बनारस मीडियावर्क्स द्वारा निर्मित है।

## 'मैं खिलाड़ी'' गाने के लिए इमरान हाशमी ने बहाया खूब पसीना



अक्षय कुमार और इमरान हाशमी स्टारर 'सेल्फी' बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। ट्रेलर हाल ही में मुंबई में एक कार्यक्रम के दौरान लॉन्च किया गया था और इसने दर्शकों को बहुत प्रभावित किया है। ट्रेलर में एक सुपरस्टार और उसके सुपर फैन के बीच के द्वंद को दिखाया गया है। इस फिल्म में "मैं खिलाड़ी" गाने की झलक भी पेश की। इमरान और अक्षय इस हिट गाने पर थिरकते नजर आएंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, इमरान ने खिलाड़ी कुमार के साथ डांस करने के लिए 10 दिनों तक अभ्यास किया। एक सूत्र ने खुलासा किया कि इमरान ने अक्षय की एनर्जी से तालमेल बिठाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी। अपने अभिनय कौशल से सिनेमा प्रेमियों को प्रभावित करने में कामयाब रहे अभिनेता ने अक्षय कुमार के साथ तालमेल बिठाने के लिए काफी मेहनत की। अक्षय और इमरान को इस कल्ट गाने पर डांस करते देखना निश्चित रूप से दिलचस्प होगा। गाने के रिलीज से पहले, टीम ने मैं खिलाड़ी का एक शानदार प्रोमो रिलीज किया। डांस फ्लोर पर अक्षय और इमरान झिलमिलाते कपड़ों में नजर आ रहे हैं। प्रोमो के साथ, अक्षय ने लिखा, मुंह से सीटी और हाथ से ताली बजाने को हो तैयार? यहां देखें मैं खिलाड़ी का टीजर। राज मेहता द्वारा निर्देशित फिल्म में अक्षय और इमरान पहली बार एक साथ पर्दे पर नजर आएंगे। नुसरत भरूचा और डायना पेंटी ने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाई है।

## शाहरुख की अगली फिल्म जवान के डायरेक्टर के घर आया नन्हा मेहमान, पापा बने एटली




फिल्म पठान से बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान का क्रेज एक बार फिर उनके फैंस को पागल कर रहा है। अब शाहरुख के फैंस की नजर उनकी अगली फिल्म जवान पर है, जिसका वे सभी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। जबसे जवान का टीजर आया है लोगों में फिल्म को देखने की बेकरारी बढ़ गयी है। इस बीच जवान के कास्ट एंड क्रू के लिए एक गुड न्यूज आई है कि उनके प्यारे डायरेक्टर एटली अब फाइनली पापा बन गए हैं। जी हां, डायरेक्टर एटली की जिंदगी में एक बेहद खुशी की कड़ी जुड़ गई है। हाल ही में उनके घर एक छोटे राजकुमार ने जन्म लिया। जिसकी खबर उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की। एटली ने लिखा है, "वे लोग सही थे, दुनिया में इससे ज्यादा प्यारी और कोई भी फीलिंग नहीं हो सकती। हमारा बेबी बॉय आ गया है। अब पैरेंटहुड का एक नया और एक्साइटिंग एडवेंचर आज से शुरू हो रहा है। मैं काफी खुश हूं, धन्य और आभारी भी हूं।" अपने डायरेक्टर के जीवन में आयी इस नई बहार से शाहरुख भी बहुत खुश हैं और उन्होंने भी ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

## नए ट्रैक में रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर प्यार में खोए हुए नजर आए




रणबीर कपूर और श्रद्धा कपूर की तू झूठी मैं मक्कार का ट्रेलर रिलीज होने के बाद अब फिल्म का गाना रिलीज हुआ है। रिलीज होते ही ट्रेलर और सॉन्स सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा। दोनों कपूरों की पहली बार जोड़ी और उनकी केमिस्ट्री दर्शकों को पसंद आ रही है। अब, निमार्ताओं ने बुधवार को बहुप्रतीक्षित प्रेम गीत 'तेरे प्यार में' रिलीज किया। फिल्म का गाना 'तेरे प्यार में' पहले ही दर्शकों का ध्यान खींच चुका है। संगीत प्रेमियों ने फिल्मों में रणबीर-अरिजीत-प्रीतम-अमिताभ के संयोजन को पसंद किया है। प्रशंसकों का उत्साह अपने चरम पर था, और उन्होंने मांग की कि गीत को पहले रिलीज किया जाए। निमार्ताओं ने अनुपालन किया और गीत आखिरकार यहां हैः तू झूठा मैं मक्कार लव रंजन द्वारा निर्देशित है, लव फिल्म्स के लव रंजन और अंकुर गर्ग द्वारा निर्मित और टी-सीरीज के गुलशन कुमार और भूषण कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया है। यह 8 मार्च, 2023 को होली के दिन दुनिया भर के सिनेमाघरों में एक उत्सव के रूप में रिलीज होने के लिए तैयार है।

# अपने दर्दनाक रिलेशनशिप को याद कर भावुक हुईं एक्ट्रेस फ्लोरा सैनी, पढ़िए पूरी खबर




एक्ट्रेस फ्लोरा सैनी, यूं तो एक्टिंग पिछले दो दशक से कर रही हैं, लेकिन उन्हें पहचान मिली ऑल्ट बालाजी के मशहूर वेब सीरीज 'गन्दी बात' से। फिलहाल फ्लोरा अपने काम को लेकर नहीं, बल्कि अपनी निजी जिन्दगी को लेकर सुर्खियों में हैं। 20 साल की उम्र से काम कर रही फ्लोरा की जिन्दगी में कुछ वर्षों पहले कुछ ऐसा घटा था जिसने उनकी जिन्दगी को पटरी से उतार दिया था। हाल ही में, सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर एक बार फिर अपनी उस अब्यूसिव रिलेशनशिप का दर्द बयां किया। फ्लोरा ने सबसे पहले इस मुद्दे पर साल 2018 में बात की थी। हाल ही में इंस्टाग्राम पर फ्लोरा सैनी द्वारा शेयर किये गए इस वीडियो में उन्होंने उनके साथ घटी उस पुरानी बात को फिर से लोगों के सामने पेश किया है। वीडियो में फ्लोरा ने बताया कि वह एक प्रोड्यूसर के साथ 14 महीने तक रिलेशनशिप में थीं। उस रिलेशनशिप में उन्हें काफी दर्द झेलना पड़ा था। उन्होंने बताया कि जिंदगी किसी रोलर कोस्टर से कम नहीं। इसमें कई उतार चढ़ाव आते हैं। वीडियो में फ्लोरा ने अपनी कई तस्वीरें भी शेयर की हैं, जिसमें से एक तस्वीर देखकर आपके होश उड़ जाएंगे। इस तस्वीर में उनके पूरे चेहरे पर चोट के निशान हैं और उनका चेहरा पूरा सूजा हुआ नजर आया। वीडियो में फ्लोरा ने बताया कि वह अब्यूसिव हो गया था। वह मुझे मेरे चेहरे और प्राइवेट पाट्र्स पर घूंसे मारता था। उसने मेरा फोन छीन लिया और मुझ पर काम छोड़ने के लिए दबाव डाला। इसके अलावा वीडियो में फ्लोरा ने इस बात का भी जिक्र किया कि वह फ्लोरा को किसी से भी बात नहीं करने देता था। फिर एक शाम उसने मेरे पेट पर जोरदार घूंसा मारा और मैं वहां से भाग गई। वहां से निकलने के बाद मैं अपनी मां के साथ रहने लगी। मुझे उस सदमे से बाहर निकलने के लिए कई महीनों का समय लगा और फिलहाल मैं काम पर भी लौट चुकी हूं। फ्लोरा सैनी 24 साल से अभिनय की दुनिया में सक्रिय हैं। साल 1999 में फ्लोरा ने डेब्यू किया था। इसके बाद कई कन्नड़ और तेलुगू फिल्में कीं। फ्लोरा बेगम जान, स्त्री और भेड़िया समेत कई बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म भेड़िया में फ्लोरा सैनी ने अहम किरदार निभाया था। इससे पहले वह राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म स्त्री में भी नजर आई थीं। ऑल्ट बालाजी की वेब सीरीज 'गन्दी बात' ने भी उन्हें लोगों के बीच काफी पॉपुलर किया था।

## 'रोमांस किंग' की विरासत को नेटफ्लिक्स का सलाम, 'द रोमांटिक्स' का ट्रेलर किया जारी



नेटफ्लिक्स ने बुधवार को अपनी चार-भाग वाली डॉक्यू-सीरीज 'द रोमांटिक्स' के ट्रेलर को रिलीज किया। श्रृंखला को फिल्म निमार्ता यश चोपड़ा और उनके प्रोडक्शन हाउस यश राज फिल्म्स की फिल्मों का उत्सव कहा जाता है। ऑस्कर और एमी अवॉर्ड्स में नॉमिनेशन हासिल कर चुकी स्मृति मूंदड़ा द्वारा निर्देशित यह सीरीज वैलेंटाइन डे के मौके पर यानी 14 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। डॉक्यूमेंट्री यशराज फिल्म्स की रोमांटिक फिल्मों को सेलीब्रेट करने वाली होगी। ट्रेलर फिल्म निमार्ता यश चोपड़ा के बारे में बात करते हुए अभिनेताओं की तीन पीढ़ियों - ऋषि कपूर, अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, रानी मुखर्जी, रणबीर कपूर, अभिषेक बच्चन, भूमि पेडनेकर और रणवीर सिंह की एक झलक पेश करता है। डॉक्यूमेंट्री फिल्म में 35 सेलेब्रिटीज की आवाजें सुनाई देंगी, जो यशराज बैनर की फिल्मों पर बात करेंगे। ट्रेलर की शुरूआत सलीम खान और रणबीर कपूर द्वारा "बॉलीवुड" शब्द के प्रति अपनी नफरत व्यक्त करने के साथ होती है। इसमें आमिर खान, ऋतिक रोशन, माधुरी दीक्षित, काजोल, रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, आयुष्मान खुराना जैसे कई सितारों की उपस्थिति होगी, जिन्होंने यश राज फिल्म्स प्रोडक्शन के साथ काम करके अपना करियर बनाया। द रोमांटिक्स 14 फरवरी को यश चोपड़ा को श्रद्धांजलि के रूप में रिलीज होगी, जिन्हें भारत में "रोमांस का जनक" माना जाता है।

## बिग बॉस-16 फेम अब्दु रोजिक का छलका दर्द! कहा- एक वक्त में लोग उनपर धौंस जमाते थे



बिग बॉस 16 के जरिये करोड़ों दिलों में अपनी खास जगह बनाने वाले तजाकिस्तानी गायक अब्दु रोजिक हाल ही में एक्टर और होस्ट मनीष पॉल के पॉडकास्ट में खास अतिथि बनाकर आये। जहां पर मनीष ने हमेशा की तरह अपने पॉडकास्ट में आने वाले खास सेलिब्रेटी से उनके जीवन से जुड़ी खास बात जानने को कोशिश की। मनीष पॉल के पॉडकास्ट में बिग बॉस 16 फेम अब्दु रोजिक का वीडियो जब से अपलोड हुआ है लोगों ने अपना ढेर सारा प्यार उड़ेल दिया है। अब्दु ने बताया कि एक वक्त में लोग उनपर धौंस जमाते थे और पैसा फेंकते थे। अब्दु बताते हैं, "हर दिन बाजार में मुझे लोग देखते थे और मुझे पैसे देते थे। कुछ कहते थे अरे! यार जाओ, तुम यहां क्यों आये हो। लोग मुझे पैसे देने के बजाए मुझ पर पैसे फेंकते थे। मैं स्कूल नहीं जा पाया।" अब्दु ने बताया कि कैसे वह ढाई घंटे पैदल चलकर स्कूल जाते थे और कभी-कभी बर्फ इतनी ज्यादा हो जाती थी कि अब्दु स्कूल तक नहीं जा पाते थे। आज लोगों से मिल रही इतनी मोहब्बत देखकर अब्दु को यकीन नहीं हो रहा है कि वो अब बड़े स्टार हो गए हैं। वैसे अब्दु और मनीष के बीच हुई इस खास बात को जानने के लिए आपको मनीष पॉल पॉडकास्ट देखना होगा। बात करे मनीष पॉल की तो हाल ही में फिल्म जुग जग जियो में वो अपने अभिनय की बेहतरीन पारी का प्रदर्शन कर चुके हैं और अब वो पूरी तरह से अपनी डिजिटल पारी खेलने के लिए तैयार हैं जहां पर मनीष एक अलग रूप-रंग में नजर आएंगे।

## फैमिली ट्रैकिंग पर निकले विराट-अनुष्का



सेलिब्रिटी कपल अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने अपने उत्तराखंड ट्रिप की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जहां एक तस्वीर में अनुष्का को नदी के किनारे ध्यान करते हुए दिखाया गया है, वहीं तस्वीरों के अगले सेट में उनके क्रिकेटर पति और उनकी बेटी वामिका भी शामिल हैं, जो एक साथ ट्रेक का आनंद ले रहे हैं। टैक्रिंग के दौरान जहां विराट के कंधे पर बेबी कैरियर बंधा हुआ है, जिसमें वो वामिका को बैठाकर ले जा रहे हैं। एक अन्य फोटो में विराट और वामिका नदी के किनारे पानी से खेलते हुए दिखाई दे रहे हैं। इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर करते हुए अनुष्का ने लिखा, "पहाड़ों में पहाड़ है और ऊपर कोई नहीं है..." अनुष्का के इस पोस्ट पर विराट ने भी हार्ट इमोजी के साथ रिएक्ट किया है। एक दिन पहले स्वामी दयानंद गिरि आश्रम में अनुष्का और विराट कोहली की तस्वीरें ऑनलाइन साझा की गई थीं। दंपति अक्सर आध्यात्मिक यात्रा पर जाते हैं, और नीम करोली बाबा के अनुयायी हैं।

## यामी गौतम और राहुल खन्ना की 'लॉस्ट' का ट्रेलर हुआ रिलीज




यामी गौतम अभिनीत थ्रिलर 'लॉस्ट' का ट्रेलर बुधवार को जी5 द्वारा अपने यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया। दो मिनट से अधिक लंबे ट्रेलर में, यामी एक क्राइम रिपोर्टर की भूमिका में हैं, जो तुषार पांडे द्वारा अभिनीत एक युवा थिएटर एक्टिविस्ट (इशान भारती) के अचानक गायब होने के पीछे की सच्चाई की तलाश में है। इस ट्रेलर में दिखाया गया है कि एक लड़का गायब हो जाता है। अब सवाल उठता है कि क्या वह घर से भाग गया है या उसके साथ कुछ दुर्घटना घटती है। इसी उलझन को सुलझाने में यामी गौतम भी जुटी नजर आती हैं। आपके बताते चलें कि यह फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में यामी गौतम और राहुल खन्ना मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा पंकज कपूर भी प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। 16 फरवरी को जी5 पर इस फिल्म का प्रीमियर होगा।

# आखिरकार वरुण धवन संग नजर आएंगी सामंथा रुथ प्रभु




अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु वरुण धवन के साथ प्राइम वीडियो और रूसो ब्रदर्स एजीबीओ की ग्लोबल इवेंट सीरीज "सिटाडेल" यूनिवर्स के इंडियन इंस्टालमेंट में मुख्य भूमिका निभाएंगी। अमेजन प्राइम वीडियो ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। इस सीरीज को राज और डीके क्रिएट करेंगे। प्राइम वीडियो द्वारा शेयर फोटो में सामंथा रुथ प्रभु को ब्राउन लैदर जैकेट, सनग्लासेज और ब्लैक जींस में एजेंट की तरह देखा जा सकता है। इन तस्वीरों के कैप्शन में लिखा है, "मिशन चालू है, हम सिटाडेल की इंडियन इंस्टॉलमेंट के रोल करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।" सामंथा ने कहा, "जब प्राइम वीडियो और राज एंड डीके ने इस सीरीज के लिए मुझसे संपर्क किया, तो मैंने तुरंत उनके साथ काम करने का फैसला लिया। मैंने द फैमिली मैन में इस टीम के साथ काम किया है, इसलिए यह मेरे लिए घर वापसी जैसा ही है।" उन्होंने आगे कहा, "सिटाडेल यूनिवर्स और दुनिया भर में प्रोडक्शंस के बीच एक-दूसरे से जुड़ी कहानी से मैं काफी प्रभावित हुई और सच कहूं तो सबसे बड़ी बात यह है कि इसके इंडियन इंस्टॉलमेंट की स्क्रिप्ट ने मुझे बेहद उत्साहित किया। मैं बेहद खुश हूं कि मुझे रूसो ब्रदर्स के कॉन्सेप्ट पर आधारित इस ब्रिलियंट यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिला है। मुझे इस बात की भी खुशी है कि मुझे इस प्रोजेक्ट के जरिए पहली बार वरुण के साथ काम करने का मौका मिला है। वे काफी जिंदादिल इंसान हैं और अपने आसपास के माहौल को हमेशा खुशनुमा बनाए रखते हैं।

## सिद्धार्थ-कियारा ने शुरू की शादी की तैयारियां



बी टाउन के मोस्ट फेमस कपल सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी 6 फरवरी को राजस्थान में शादी करने जा रहे हैं। शादी की तैयारी जोरों पर है, जबकि कियारा अपने ब्राइडल कॉट्योर को फिनिशिंग टच दे रही हैं, सिद्धार्थ कथित तौर पर दिल्ली में तैयारी की देखरेख कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सिद्धार्थ और कियारा राजस्थान के जैसलमेर में एक ट्रेडिशन पंजाबी वेडिंग करेंगे। तीन दिवसी शादी समारोह स्टार कपल का प्री वेडिंग फंक्शन हल्दी सेरेमनी के साथ शुरू होगा। सिद्धार्थ और कियारा के प्री-वेडिंग फंक्शन जैसे मेहंदी, हल्दी और संगीत 4 और 5 फरवरी को होने वाले हैं। शादी के मेहमानों की लिस्ट में कपल की फैमिली और इंडस्ट्री के कुछ खास दोस्त शामिल हैं। इनमें करण जौहर, मनीष मल्होत्रा, फिल्म मेकर अश्विनी यार्डी और कुछ अन्य शामिल हैं। शाहिद कपूर और मीरा राजपूत भी शादी में मौजूद रहेंगे। आपको बता दें कि सिद्धार्थ और कियारा ने अभी तक आधिकारिक रूप से अपनी शादी की पुष्टि नहीं की है।

## परफेक्ट हसबैंड नहीं हैं विक्की कौशल, क्यों कही ये बात



विकी कौशल ने हाल ही में एक इंटरव्यू में कैटरीना कैफ के बारे में बात की। विक्की ने उनकी प्रशंसा की और इस बारे में बात की कि उन्हें क्यों लगता है कि वह कैटरीना के लिए एक 'परफेक्ट' पति नहीं हैं। विक्की कौशल को शादी के कुछ साल बाद क्यों लगता है कि वह एक "परफेक्ट हसबैंड" नहीं हैं। कैटरीना के बारे में उन्होंने कहा कि वह अपनी पत्नी को बहुत "प्यार" करते हैं। विक्की ने लाइफस्टाइल एशिया को दिए इंटरव्यू में कहा कि जब आप अकेले रहते हैं, तब आपकी शादी के बाद लाइफ में काफी कुछ बदल जाता है। जब एक शख्स आपके साथ हमेशा रहने लगता है, जिसके प्वॉइंट ऑफ व्यू को समझने और उससे काफी कुछ सीखने को मिलता है। विक्की ने कैटरीना के बारे में कहा, "कई मायनों में देखा जाए तो मैं न तो एक परफेक्ट हसबैंड और न ही एक परफेक्ट बेटा हूं, लेकिन मेरी हर रोज यही कोशिश है कि मैं इन दोनों मामलों में परफेक्ट बनूं और बहुत कुछ सीखने की कोशिश करूं।" विक्की को आखिरी बार गोविंदा नाम मेरा में देखा गया था, जो दिसंबर 2022 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कियारा आडवाणी और भूमि पेडनेकर भी थीं। वह अब सैम बहादुर पर काम कर रहे हैं। मेघना गुलजार द्वारा निर्देशित यह फिल्म इसी साल दिसंबर में रिलीज होने वाली है।



# मेसी के साथी एंजो फर्नांडेज प्रीमियर लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बने, चेल्सी ने रिकॉर्ड कीमत पर खरीदा

**लंदन।**

फुटबॉल विश्व चैंपियन अर्जेंटीना के युवा स्टार एंजो फर्नांडीज इंग्लिश प्रीमियर लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें चेल्सी ने 121 मिलियन यूरो (करीब 1079 करोड़ रुपये) में खरीदा है। फर्नांडीज ने पिछले साल के अंत में कतर विश्व कप के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था। उन्हें यंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड मिला था। फर्नांडीज ने मिडफील्ड में शानदार प्रदर्शन किया था और अर्जेंटीना को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। फर्नांडीज इससे पहले पुर्तगाल के क्लब बेनफिका की ओर से खेल रहे थे। वह पिछले साल जुलाई में बेनफिका के साथ जुड़े थे। तब क्लब ने उन्हें 10 मिलियन पाउंड में खरीदा था। फर्नांडीज ने चेल्सी के साथ साढ़े आठ साल का करार किया गया है।

### जैक ग्रीलिश थे सबसे महंगे खिलाड़ी

फर्नांडीज ने प्रीमियर लीग में सबसे महंगे खिलाड़ी का रिकॉर्ड तोड़ दिया। वह मैनचेस्टर सिटी और इंग्लैंड के जैक ग्रीलिश से आगे निकल गए हैं। ग्रीलिश को मैनचेस्टर सिटी ने 2021 में इंग्लैंड के ही एस्टन विला क्लब से 100 मिलियन पाउंड में खरीदा था।

### चेल्सी ने आठ खिलाड़ियों को खरीदा

चेल्सी की टीम प्रीमियर लीग में फिलहाल 10वें स्थान पर है। उसने जनवरी ट्रांसफर विंडो में आठ खिलाड़ियों को खरीदे हैं। उसने मिखायलो मुद्रिक, बेनोइट बादियाशिले, नोनी माडुएके और पुर्तगाल के स्टार जोआओ फेलिक्स को भी टीम से जोड़ा है। फेलिक्स छह महीने के लिए लोन पर टीम के साथ आए हैं।

### बायर्न म्यूनिख के साथ जुड़े कंसेलो

बायर्न म्यूनिख ने सीजन के अंत तक लोन पर मैनचेस्टर सिटी विंग-बैक जोआओ कंसेलो के साथ करार किया है। बायर्न के पास सीजन के बाद कंसेलो को 70 मिलियन यूरो में खरीदने का भी विकल्प होगा। 28 वर्षीय पुर्तगाली डिफेंडर कंसेलो 2019 में जुवेंटस से सिटी में शामिल हुए थे, लेकिन विश्व कप के बाद से मैनेजर पेप गार्डियोला की टीम में उन्हें ज्यादा तवज्जो नहीं मिली।

### आर्सेनल ने जोर्जिन्हो को खरीदा

प्रीमियर लीग में शीर्ष पर काबिज आर्सेनल की टीम ने 12 मिलियन पाउंड में चेल्सी से इटली के मिडफील्डर जोर्जिन्हो को खरीदा। माना जा रहा है कि जोर्जिन्हो ने आर्सेनल के साथ 18 महीने का करार किया है। आर्सेनल की टीम 2004 के बाद पहली बार प्रीमियर लीग जीतने का सपना देख रही है। उसने बेल्जियम के फॉरवर्ड लियांड्रो ट्रोसार्ड को ब्राइटन और पोलैंड के डिफेंडर जाकुब किवियोर को इटली के क्लब स्पेजिया से जनवरी में खरीदा था।

## न्यूज ब्रीफ

### सचिन तेंदुलकर ने अंडर-19 महिला टीम का सम्मान किया: विमेंस वर्ल्ड कप जीतने पर 5 करोड़ रुपए भी सौंपे



**नई दिल्ली।** भारत रत्न और 2011 वनडे वर्ल्ड कप टीम के सदस्य सचिन तेंदुलकर ने महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम का सम्मान किया। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में भारतीय टीम की सभी खिलाड़ी टीम इंडिया की जर्सी में पहुंची। खिलाड़ियों का सम्मान करने से साथ बीसीसीआई ने टीम को 5 करोड़ रुपए का चेक भी सौंपा। सचिन बोले, मैं अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम को विमेंस वर्ल्ड कप जीतने पर बधाई देता हूं। पूरा देश में सालों तक आपकी इस अचीवमेंट को याद किया जाएगा। 10 साल की उम्र में मेरा वर्ल्ड कप जीतने का सपना 1983 में शुरू हो गया था। आपने वर्ल्ड कप जीतकर देश की कई युवा महिला खिलाड़ियों को सपने देखने के पंख दिए हैं। वह बोले, आपको देख कर कई महिला खिलाड़ी भविष्य में क्रिकेट खेलने के लिए इंस्पायर होंगी। शांता रंगास्वामी, डायना एडल्जी, मिताली राज और उनकी तरह कई खिलाड़ियों ने एक रास्ता तैयार किया। जिस पर चलकर आप सभी ने क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतने का सपना पूरा किया। बीसीसीआई ने टूर्नामेंट जीतने पर अंडर 19 विमेंस क्रिकेट टीम और सपोर्ट स्टाफ को 5 करोड़ रुपए का इनाम भी दिया। सचिन बोले कि बीसीसीआई ने विमेंस क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए हर तरह से मदद की। उन्होंने विमेंस प्रीमियर लीग शुरू करने का कदम उठाया। विमेंस प्रीमियर लीग भारत समेत दुनियाभर में महिला क्रिकेट को बदल कर रख देगा। सभी महिला खिलाड़ियों को डब्लूपीएल के लिए ऑल द बेस्ट और अंडर-19 वर्ल्ड कप जीतने पर बधाई।

### आर्चर, बटलर और मलान ने तीसरे वनडे में इंग्लैंड को दक्षिण अफ्रीका पर 59 रन से जीत दिलाई




**किम्बर्ली।** तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने लंबे समय के बाद मैदान में वापसी करते हुए अपनी गेंदबाजी से बल्लेबाजों को आश्चर्यचकित कर दिया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में 9.1 ओवर में 40 रन देकर 6 विकेट झटके। वहां, बटलर ने अपना 11वां एकदिवसीय शतक जड़ा। वहीं, सफेद गेंद के विशेषज्ञ जोस बटलर और डेविड मलान ने मिलकर इंग्लैंड को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में जीत दिलाई, हालांकि मेजबान टीम ने सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली है। इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका पर 59 रन से जीत दर्ज की। इंग्लैंड ने अपने 50 ओवरों में 7 विकेट पर 346 रनों का विशाल स्कोर बनाया, जिसमें ऑलराउंडर मोईन अली ने 23 गेंदों में 41 रन बनाए और सैम कुरेन और आदिल राशिद ने 5 गेंदों में 11 रनों का योगदान दिया, राशिद क्रिस वोक्स (8 रन पर 9 रन) के साथ नाबाद रहे। तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी दक्षिण अफ्रीका के लिए सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे, जिन्होंने 10 ओवर में 42 रन देकर चार विकेट झटके, जबकि डायमंड ओवल, किम्बर्ले में खेले गए मैच में मार्को जानसन ने 53 रन देकर दो विकेट झटके। जवाब में, दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान टेम्बा बावुम और रीजा हेंड्रिक्स के साथ पहले विकेट के लिए 49 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत की, इससे पहले क्रिस वोक्स ने बावुमा को 27 गेंद में 35 रन पर आउट कर दिया।

### लेफ्ट हैंडर बने हनुमा विहारी: फ्रैक्चर के बाद एक हाथ से बैटिंग की; आवेश खान को चौका भी जड़ा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेटर हनुमा विहारी का रणजी ट्रॉफी में संघर्षपूर्ण कारनामा सामने आया है। दाएं हाथ के बैटर ने चोट के बाद बाएं हाथ से बल्लेबाजी की। मध्य प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में आंध्र प्रदेश के कप्तान हनुमा विहारी चोटिल हो गए। उनकी कलाई में फ्रैक्चर आ गया। बावजूद इसके वे बैटिंग करने उतरे और लेफ्टी बनकर बैटिंग की। विहारी (27) ने बाएं हाथ से खेलते हुए अंतिम विकेट के लिए 26 रनों की साझेदारी भी की। रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल शुरू हुए। मध्य प्रदेश के खिलाफ पहले दिन आवेश खान की बाउंसर लगने से हनुमा विहारी की बाई कलाई में फ्रैक्चर हो गया। विहारी जब 37 गेंदों में 16 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे थे तब उन्हें चोट लगी। आंध्र प्रदेश टीम के डॉक्टर ने खुलासा किया कि विहारी को चोट से उबरने में कम से कम 6 हफ्ते का समय लगेगा। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे बल्लेबाजी करने उतरेंगे। विहारी दूसरे दिन पहले सेशन के आखिरी में चोट के बाद भी बल्लेबाजी करने उतरे। विहारी ने 19 गेंदों में 11 रन जोड़े और फ्रैक्चर हुए हाथ से दो चौके भी लगाए।

## टी-20 में भारत की सबसे बड़ी जीत

# न्यूजीलैंड को 168 रन से हराया, गिल का शतक...पंड्या ने लिए 4 विकेट

**अहमदाबाद।**

टीम इंडिया ने तीसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 168 रन से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। अहमदाबाद में हुए सीरीज के आखिरी मुकाबले में भारत ने शुभमन गिल (नाबाद 126 रन) के इस फॉर्मेट में पहले शतक की बदौलत 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 234 रन बनाए। जवाब में कीवी टीम 12.1 ओवर में 66 रन के स्कोर पर ऑलराउट हो गई। हार्दिक पंड्या ने सबसे ज्यादा चार विकेट लिए। पंड्या ने ब्लेयर टिकनर एक रन, लोकी फर्ग्युसन शून्य, ग्लेन फिलिप्स 2 रन और फिन एलेन 3 रन के विकेट लिए।

**हमारी सबसे बड़ी जीत, कीवियों की सबसे बड़ी हार** - यह टी-20 क्रिकेट में रन के लिहाज से भारत की अब तक की सबसे बड़ी जीत और न्यूजीलैंड की सबसे बड़ी हार है। भारत का पिछला रिकॉर्ड 143 रन से जीत का था। टीम इंडिया ने 2018 में आयरलैंड को 143 रन से हराया। वहीं, न्यूजीलैंड की टीम इससे पहले पाकिस्तान के खिलाफ 2010 में 103 रन से हारी थी।

**टी-20 में किसी टेस्ट टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत** - भारत ने टी-20 इंटरनेशनल में किसी टेस्ट टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया। पहले स्थान पर श्रीलंका की टीम है। श्रीलंका ने 2007 में केन्या को 172 रन से हराया था। अगर टेस्ट न खेलने वाली टीमों के रिकॉर्ड भी शामिल करें तो टी-20 इंटरनेशनल में सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड चेक रिपब्लिक के नाम है। चेक टीम ने 2019 में तुर्किये को 257 रन से हराया था।




**गिल ने तोड़ा कोहली का रिकॉर्ड, अब टी-20 में भारत के टॉप स्कोरर** - गिल ने इस पारी में 63 गेंदों की पारी में 12 चौके और 7 छक्के जमाए। राहुल त्रिपाठी ने 44, कप्तान हार्दिक पंड्या ने 30 और सूर्यकुमार यादव ने 24 रन बनाए। गिल टी-20 इंटरनेशनल में भारत के लिए सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा। विराट ने पिछले साल अफगानिस्तान के खिलाफ 122 रनों की पारी खेली थी। गिल ने हार्दिक पंड्या के साथ चौथे विकेट के लिए 40 गेंदों पर 103 रन की साझेदारी की।

### जीत के हीरो

**शुभमन गिल** - शुभमन गिल ने 126 रन की नॉटआउट पारी खेल कर न्यूजीलैंड की कमर तोड़ दी। उनकी पारी के दम पर भारत ने 20 ओवर में 234 रन बनाए। इस विशाल टारगेट के सामने न्यूजीलैंड 66 रन ही बना सका।

**हार्दिक पंड्या** - भारत के कप्तान हार्दिक पंड्या ने गेंद और बल्ले दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले 17 बॉल पर 30 रन बनाए। गिल के साथ 100 से ज्यादा रन की पार्टनरशिप की। फिर बॉलिंग में महज 16 रन देकर 4 विकेट झटक लिए। उन्होंने ही पहले ओवर में फिन एलन का विकेट लिया था।

**अर्शदीप सिंह** - अर्शदीप सिंह ने अपने स्पेल के दूसरे ही ओवर में 2 विकेट लेकर न्यूजीलैंड को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने पारी के दूसरे ओवर की पहली और आखिरी बॉल पर विकेट लिए। उनके ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर 5 रन पर 3 विकेट हो गया था।

**ऐसे गिरे कीवी टीम के विकेट**

पहला: कप्तान पंड्या ने पहले ओवर की 5वीं बॉल पर फिन एलेन को स्लिप पर खड़े सूर्या के हाथों कैच कराया। दूसरा : दूसरे ओवर की पहली बॉल पर अर्शदीप सिंह ने ड्वेन कॉन्वे को पंड्या के हाथों कैच कराया। तीसरा : दूसरे ही ओवर की आखिरी बॉल पर अर्शदीप ने मार्क चैपमैन को ईशान किशन के हाथों कैच कराया। चौथा : कप्तान पंड्या ने तीसरे ओवर की 4वीं बॉल पर ग्लेन फिलिप्स को स्लिप पर खड़े सूर्या के हाथों कैच कराया। पांचवां : 5वें ओवर में उमरान मलिक ने माइकल ब्रेसवेल को बोल्ड कर दिया। छठा : मावी ने सेंटनर को सूर्या के हाथों कैच कराया। सातवां : मावी ने ईश सोढ़ी को त्रिपाठी के हाथों कैच कराया। आठवां : पंड्या ने लोकी फर्ग्युसन को उमरान मलिक के हाथों कैच कराया। नौवां : ब्लेयर टिकनर को हार्दिक पंड्या ने ईशान के हाथों कैच कराया। दसवां : डेरिल मिचेल को उमरान मलिक ने शिवम मावी के हाथों कैच कराया।

**ऐसे गिरे भारत के विकेट**

पहला : दूसरे ओवर की दूसरी बॉल पर ब्रेसवेल ने ईशान किशन को आउट कर दिया। दूसरा : ईश सोढ़ी ने राहुल त्रिपाठी को 8वें ओवर की दूसरी बॉल पर डीप स्क्वेयर लेग पर फर्ग्युसन के हाथों कैच कराया। तीसरा : 13वें ओवर की तीसरी बॉल पर टिकनर ने सूर्या को ब्रेसवेल के हाथों कैच कराया। चौथा : 20वें ओवर की पहली बॉल पर डेरिल मिचेल ने हार्दिक पंड्या को ब्रेसवेल के हाथों कैच कराया।

# खेल मंत्रालय को मिला 700 करोड़ से अधिक का बजट, खेलो इंडिया कार्यक्रम भरेगा उड़ान

भारतीय खेल प्राधिकरण
SPORTS AUTHORITY OF INDIA

**नई दिल्ली।**

इस साल भारतीय एथलीट एशिया गेम्स के बाद 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुट जाएंगे। उससे पहले ही केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट- 2023 पेश किया। हर मंत्रालय की तरह खेल मंत्रालय को 700 करोड़ प्लस का बूस्टर पैकेज मिला। खेल मंत्रालय को 3,397.32 की राशि प्राप्त हुई है। इसमें 723.97 करोड़ की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, खेलो इंडिया के लिए 606 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1045 करोड़ रुपये आवंटित किया गया है। इसमें 439 करोड़ रुपये की बढोतरी की गई है। यह बजट पिछले वित्तीय वर्ष (2022-23) के संशोधित बजट से अधिक है। साल 2022-23 में खेल मंत्रालय को 2,673.35 करोड़ रुपये मिले थे, जबकि वास्तविक आवंटन 3,062.60 करोड़ रुपये था। मंत्रालय का प्रमुख कार्यक्रम, खेलो इंडिया - खेल के विकास के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम सरकार की प्राथमिकता बनी हुई है। इसे पिछले वित्त वर्ष के दौरान 606 करोड़ रुपये के संशोधित आवंटन के मुकाबले 1,045 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इसमें 439 करोड़ रुपये की वृद्धि की है। बता दें कि पिछले कुछ वर्षों में ओलंपिक, एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों जैसे प्रमुख वैश्विक आयोजनों के लिए एथलीट तैयार करने की क्षमता दिखाई है। भारतीय खेल प्राधिकरण जो एथलीटों के लिए राष्ट्रीय शिविरों के आयोजन, एथलीटों को बुनियादी ढांचा और उपकरण प्रदान करने, प्रशिक्षकों की नियुक्ति और खेल के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने का ध्यान रखता है, के बजटीय आवंटन में 36.09 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष का संशोधित व्यय 749.43 करोड़ रुपये। 2023-24 के लिए उनका आवंटन 785.52 करोड़ रुपये है।

राष्ट्रीय खेल संघों को पिछले वर्ष के संशोधित बजट 280 करोड़ रुपये से 45 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ आवंटन मिला है। राष्ट्रीय खेल संघों को अब 325 करोड़ रुपये मिलेंगे। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी से संबद्ध राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी, और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला, जिसे पहले साई से राशि मिलती थी।

# नागपुर टेस्ट से बाहर हुए श्रेयस अय्यर: दूसरे मैच में टीम इंडिया से जुड़ेंगे; बांग्लादेश में हुए थे चोटिल

**नई दिल्ली।**

भारत के मिडिल ऑर्डर बैटर श्रेयस अय्यर ऑस्ट्रेलिया के पहले टेस्ट से बाहर हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया से पहला टेस्ट 9 फरवरी को शुरू होना था। अय्यर दिल्ली में 17 फरवरी को होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले टीम के साथ जुड़ जाएंगे। उनकी गैरमौजूदगी में बीसीसीआई ने अब तक किसी प्लेयर को रिप्लेसमेंट के रूप में टीम से नहीं जोड़ा है।

श्रेयस अय्यर पिछले साल दिसंबर में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चोटिल हो गए थे। उन्हें पीठ में चोट थी। लेकिन, उन्होंने जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज खेली। चोट गंभीर होने के चलते उन्हें बेंगलुरु स्थित नेशनल क्रिकेट एकेडमी भेजा गया। जहां उनका रिहैब शुरू हुआ। टेस्ट सीरीज के लिए उनका फिटनेस टेस्ट हुआ। जिसमें एक्सपर्ट्स ने बताया कि उन्हें पूरी तरह मैच फिट होने में थोड़ा और समय लगेगा। ऐसे में वह दिल्ली टेस्ट से पहले ही टीम के साथ जुड़ सकेंगे।

बांग्लादेश के खिलाफ उन्हें हल्की चोट थी। लेकिन, श्रीलंका के खिलाफ वनडे सीरीज में उनकी चोट बढ़ गई। वे रिहैब के लिए गए और न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज नहीं खेल सके। बेंगलुरु में रिहैब के बाद 2 फरवरी को सीधा नागपुर जाने वाले थे, जहां टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया से पहला टेस्ट खेलना है। लेकिन, फिटनेस इश्यू के चलते वह अब टीम के साथ नहीं जुड़ेंगे। बीसीसीआई ने अब तक अय्यर के रिप्लेसमेंट के रूप में किसी भी प्लेयर को टीम में शामिल नहीं किया है। अय्यर 17 सदस्यीय भारतीय टीम का हिस्सा थे। जिसमें सूर्यकुमार यादव, ईशान किशन के रूप में मिडिल ऑर्डर बैटर के ऑप्शन मौजूद हैं। वहीं, रोहित शर्मा के साथ अगर केएल राहुल ओपनिंग करते हैं तो शुभमन गिल भी मिडिल ऑर्डर में बैटिंग करने के लिए उपलब्ध रहेंगे। भारतीय टीम नागपुर में पहले टेस्ट से पहले 6 फरवरी तक 4 दिन के लिए प्रैक्टिस करेगी। 5 फरवरी को ऑस्ट्रेलियन टीम भी नागपुर पहुंच जाएगी। टीम भारत पहुंच चुकी है और इस वक्त बेंगलुरु में ही प्रैक्टिस कर रही है। 4 दिन प्रैक्टिस करने के बाद वह भी नागपुर पहुंचेंगे।




# राशिद खान जैसी गेंदबाजी करने की क्षमता रवि बिश्नोई के पास: सुरेश रैना

**नई दिल्ली।**

भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई के भविष्य में अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान की तरह बनने की क्षमता है। बिश्नोई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपरजाइंट्स के साथ हैं। रैना ने जिओ सिनेमा के हवाले से लीजेंड्स लाउंज के एक नए एपिसोड में कहा, अगर आप सभी बड़े गेंदबाजों को देखें, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में अपना प्रदर्शन दिखाया है, तो मुझे लगता है कि बिश्नोई अपने चरित्र और गेंद को फेंकने के तरीके के साथ राशिद खान की तरह बन जाएंगे।

भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर प्रज्ञान ओझा को लगता है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा के पास अच्छा कौशल है। उन्होंने मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल 2022 में ब्रेकआउट किया था। ओझा ने कहा, वह हैदराबाद से है। मैंने बचपन से ही उनका प्रदर्शन देखा है। मैं अंडर-15 और अंडर-16 क्रिकेट में उसके बारे में बात कर रहा हूं और वह कितनी मेहनत करते हैं। उनके कार्यक्रम में सुबह 6 बजे मैदान में जाना और शाम छह बजे घर आना शामिल है। वह केवल 30-45 मिनट का लंच ब्रेक लेते हैं। वह पूरी तरह से क्रिकेट को समर्पित हैं।



भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आरपी. सिंह ने बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को संभावित अगली पीढ़ी के बल्लेबाज के रूप में चुना, जो आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हैं।

सिंह ने आगे कहा, यदि आप उसकी बल्लेबाजी को देखते हैं, तो आप कह सकते हैं कि उनके बारे में कुछ अलग है। उनकी खेलने-पढ़ने की समझ, उनकी बल्लेबाजी तकनीक या मैच को समाप्त करने के बारे में उनकी जानकारी। उनके बारे में अच्छी बात यह है कि अगर वह 50 रन भी बना लेता है, तो वह आगे अपने 100 की ओर देख रहे होते हैं।

भारत के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल अपनी पसंद के बल्लेबाज के लिए वर्मा का नाम लेना चाहते थे क्योंकि उन्होंने उन्हें मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में खेलते हुए देखा था, लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज यश दयाल के बारे में बात करने का फैसला किया।

जिस तरह से शॉ घरेलू मैचों में बल्लेबाजी कर रहा है, हम देख सकते हैं कि वह अच्छा खेलता है।

उनकी फिटनेस के बारे में सवाल उठाए गए हैं और अगर वह इन सभी संदेहों पर काबू पा लेते हैं, तो मुझे लगता है कि उनके आगे उनका एक अविश्वसनीय भविष्य है। गेंदबाज के लिए मेरी पसंद यश दयाल हैं।

## पल्लेदारी करने वाले हॉकी प्लेयर को मिली जॉब

# पंजाब सरकार ने नियुक्त किया कोच, मंडी में बोरियां उठाकर पाल रहे थे परिवार


**लुधियाना।**

पंजाब के पूर्व हॉकी खिलाड़ी परमजीत कुमार को नौकर मिल गई है। सरकार ने उन्हें कोच नियुक्त किया है। अब वह खिलाड़ियों को कोचिंग देंगे। फरीदकोट के रहने वाले परमजीत इससे पहले मंडी में पल्लेदारी करने को मजबूर था। परमजीत के आर्थिक हालात को लेकर खबर प्रकाशित की थी। इस पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने परमजीत से मुलाकात कर उसका हौसला बढ़ाया और उसे हॉकी कोच बनाया।

**स्पीकर कुलतार संधवा ने किया ट्वीट** - परमजीत अब पंजाब के खिलाड़ियों को हॉकी की कोचिंग देगा। नौकरी मिलने के बाद परमजीत के परिवार में खुशी है। परमजीत को नौकरी देने को लेकर स्पीकर कुलतार संधवा ने ट्वीट भी किया है।

**बोरी लोड-अनलोड करने के सिर्फ 1.25 रुपए मिलते** - बतां दे कि परमजीत मजबूरन परिवार के पालन-पोषण के लिए हाथों-कंधों पर चावल की बोरियों का वजन उठाता था। आलम यह था कि इस खिलाड़ी को 1 बोरी लोड-अनलोड करने के सिर्फ 1.25 रुपए मिलते थे। परिवार का पालन पोषण करने के लिए परमजीत रोजाना की 450 बोरियां लोड-अनलोड करता था। भारतीय टीम की ड्रेस में इसे पल्लेदारी करते देख लोग भी दंग रह जाते थे।






**अंडर-18 हॉकी नेशनल में साई की टीम का रहे हिस्सा** - परमजीत कुमार फरीदकोट में पले-बढ़े और सरकारी बिजेंद्रा कॉलेज में कोच बलतेज इंदपाल सिंह बब्बू द्वारा हॉकी में दीक्षा प्राप्त की। बाद में बलजिंदर सिंह से कोचिंग ली। 2004 में परमजीत को पटियाला में भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण केंद्र के लिए चुना गया था, और फिर 2007 में पटियाला में हॉकी के लिए उत्कृष्टता केंद्र के लिए चुना गया।

**पुलिस के लिए कॉन्ट्रैक्ट पर हॉकी खेली** - परमजीत 2009 से पहले केंद्र के साथ रहे। पंजाब पुलिस और पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के लिए तीन साल तक कॉन्ट्रैक्ट पर हॉकी खेली। पटियाला में अपने समय के दौरान, परमजीत अंडर-16 और अंडर-18 हॉकी नेशनल में साई की संयुक्त टीम का हिस्सा थे, जहां टीम ने आंध्र प्रदेश के गुंटूर में अंडर-16 नेशनल में रजत पदक जीता था।

**भारतीय जूनियर टीम का भी हिस्सा थे** - वह पेप्सू टीम और पंजाब टीम के लिए 2 राष्ट्रीय पदकों के साथ लौटे और 2007 में बांग्लादेश में आयोजित होने वाले जूनियर एशिया कप के लिए नामित भारतीय जूनियर टीम का भी हिस्सा थे। प्रशासनिक कारणों से टूर्नामेंट रद्द कर दिया गया था। परमजीत कुमार ने दिल्ली में भारतीय जूनियर टीम के साथ नेहरू अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट खेला।

**गरीबी में बीता बचपन, हॉकी किट खरीदने के पैसे नहीं** - परमजीत बताते हैं कि वे जब पटियाला में साई केंद्र के लिए चुने गए थे, तो उनके पास हॉकी किट खरीदने के पैसे तक नहीं थे। परमजीत ने हॉस्टल में रहकर भारत के लिए खेलने का सपना देखा। परमजीत जूनियर नेशनल में साई की संयुक्त टीमों के लिए खेला।

**2 दिन बाद टूर्नामेंट रद्द हो गया था** - उसे जूनियर एशिया कप के लिए चुना गया तो उन्हें ब्लेजर मिला, लेकिन 2 दिन बाद टूर्नामेंट रद्द कर दिया गया। टोक्यो ओलिंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह के अलावा रूपिंदर पाल सिंह, ललित उपाध्याय और कोथाजीत सिंह जैसे अन्य खिलाड़ी साई टीमों में परमजीत के साथी रह चुके हैं।

## अनेक रोगों में गुणकारी है बर्फ

पानी की तीन अवस्थाओं में ठोस बर्फ जल की तरह रंगहीन और पारदर्शी होती है। 4 अंश की गर्मी शेष रहने पर जल जमने लगता है। जब जल के शून्य अंश का तापमान हो जाए तो जल शीघ्र जमकर बर्फ बन जाता है। बर्फ के जमने पर यह अपेक्षाकृत अधिक जगह घेरती है। जल की मात्रा में 1/11वें भाग की वृद्धि हो जाती है और 4 अंश के कम तापमान हो जाने पर बर्फ तैरने लगती है। कई दशा में बर्फ गुणकारी तथा सेहतमंद है। यह रक्तसंचार बढ़ाती है और कार्बनडाईऑक्साइड को शरीर से निकालकर, फेफड़ों को आक्सीजन प्रदान करती है। गर्मी में बर्फ से शरबत बनाकर पीना शरीर को शीतलता प्रदान करने के लिए गुणकारी है। बर्फ का लेप शिथिल और सुन्न अंगों के लिए फायदेमंद है। पीठ के दर्द में बर्फ का पैक लगाना लाभप्रद है। दांत दर्द, आंखों की सूजन, चोट इत्यादि में बर्फ को कपड़े में लपेटकर सेंक करना अनुकूल है। जोड़ों के दर्द में 10-10 मिनट तक अंग विशेष को बर्फ के पानी में तीन बार रखकर तौलिए से पोंछना रामबाण है। पेडू में ऐंठन या नितम्ब में शिथिलता की अनुभूति में बर्फ वरदान के रूप में कार्य करती है। मेकअप करने से पूर्व बर्फ के टुकड़े चेहरे पर लगाने से ताजगी आती है और मेकअप भी अपेक्षाकृत टिकाऊ रहता है।

## झपकी से बढ़ती है याददाश्त

दिन में थोड़ी सी झपकी लेने से याददाश्त बढ़ती है। इस अध्ययन के लिए दो समूहों में लोगों को बांटकर कुछ को सार्थक और कुछ को निरर्थक शब्द याद करने के लिए कहा। इसके बाद एक समूह को कुछ देर झपकी लेने कहा जबकि दूसरे समूह को टीवी पर अपनी पसंद का कार्यक्रम देखने के लिए कहा। जिस वर्ग ने झपकी ली थी, वह कठिन शब्दों को याद रखने में कामयाब रहा, जबकि दूसरा वर्ग कम शब्दों को याद रख पाया।





# हाई हील से होता है शरीर को नुकसान

**विभिन्न** अध्ययनों के हवाले से स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते आए हैं कि लगातार हील्स पहनने से हमारे टखने की ताकत और पैरों का संतुलन प्रभावित होता है। जानते हैं लंबे समय तक ऊंची एड़ी के सैंडिल आदि पहनने से शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में।

### पोश्चर में गड़बड़ी

हाई हील से आपकी कमर, कूल्हे, कंधे और रीढ़ का पूरा भार पंजों पर आ जाता है। इससे शरीर का पोश्चर बिगड़ जाता है। यही स्थिति लंबे समय तक रहे तो कमर और पैरों में गंभीर दर्द हो सकता है।



### ऐसे पड़ता है दबाव

जितनी ज्यादा हील होती है, पैरों के आगे के हिस्से पर उतना ही ज्यादा भार पड़ता है। इससे थकान और दर्द जैसी कई समस्याएं बढ़ने लगती हैं।

### टखने की चोट

बुजुर्ग या अधिक वजन वाली महिलाओं में संतुलन गड़बड़ा कर गिरने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में टखने में चोट या मोच भी आ सकती है।

### अंगुलियों पर जोर

जब आपका पूरा वजन पैरों के बीच की तीन मुख्य अंगुलियों पर पड़ता है तो मेटार्टसालगिया यानी पैर के आगे के भाग में दर्द होने लगता है। वृद्धों को यह परेशानी ज्यादा हो सकती है।

### घुटनों की शामत

हाई हील से घुटनों पर लगभग 26 फीसदी दबाव बढ़ जाता है। इससे आर्थराइटिस व जोड़ों की तकलीफ बढ़ने लगती है।

### पिंडलियां

मांसपेशियां हाई हील के अनुसार खुद को व्यवस्थित करते रहने की वजह से सिकुड़कर सख्त हो जाती हैं। इससे पैरों के बॉल (पिंडों), घुटने, कूल्हे और कमर में दर्द हो सकता है।

### शोध में पाया

दक्षिण कोरिया के शोधकर्ताओं ने एयरहोस्टेस बनने का प्रशिक्षण ले रही युवतियों के समूहों का अध्ययन किया जिन्हें ट्रेनिंग के दौरान ही हाई हील पहननी होती थी। वोबली बोर्ड (संतुलन के लिए) एवं कम्प्यूटराइज्ड एक्सरसाइज मशीनों की मदद से जांच में पाया कि कोर्स खत्म करने वाली सीनियर्स के मुकाबले फ्रैशर्स के टखने व जोड़ों की मांसपेशियां मजबूत थीं। जबकि ज्यादा समय तक हील पहनने वाली सीनियर्स की इन मांसपेशियों में कमजोर व संतुलन की परेशानी पाई गई।

### गड़बड़ाता है संतुलन

नंगे पैर दौडने पर हमारे पैर आगे की तरफ जमीन पर पड़ते हैं। जूते पहनकर दौड़ने पर एड़ी की दिशा में ज्यादा जोर आता है। हाई हील, पैर व टखने के संतुलन को गड़बड़ा देती है। इसका असर पैरों (तलवे, एड़ी, टखना, अंगुलियां) से लेकर रीढ़ की हड्डी तक जाता है।

### पैरों को आराम दें

एयर होस्टेस, एचआर, रिशेप्सनिस्ट जैसे



विभिन्न पेशों में महिलाओं को हील पहननी पड़ती है। ऐसे में बीच-बीच में समय मिलने पर हील्स को उतारकर थोड़ी देर के लिए पैरों को आराम दिया जाना चाहिए। ध्यान रखें कि एक घंटे से ज्यादा समय तक लगातार चलने व खड़े होकर काम करने से भी बचना चाहिए।

### क्या कहते हैं डॉक्टर

हाई हील के अलावा फ्लैट स्लिपर भी नहीं पहननी चाहिए वर्ना शरीर का सारा भार एड़ियों पर आ जाता है। फुटवेयर की हील एक से सवा सेंटीमीटर होनी चाहिए।

# दूर करें बेवजह की थकावट

**20 से** 30 की उम्र वाले युवाओं में गंभीर रूप से थकावट के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। क्या थकावट के ये कारण मनोवैज्ञानिक हैं या फिर ये लोग आलसी हैं? क्या यह सिर्फ बहानेबाजी है? कुछ भी कहा जा सकता है, पर सच यह है कि बेवजह की थकावट कई कारणों से होती है, जिसे उपचार व जीवनशैली में छोटे-छोटे सुधार करके दूर किया जा सकता है।

### नींद पूरी करें

सामान्य स्थितियों में एक वयस्क को रात में कम से कम 7 से 8 घंटे की नींद लेनी चाहिए। शहरी जीवनशैली की व्यस्तताओं में ये मुश्किल हो रहा है, जो सेहत और एकाग्रता दोनों पर असर डालता है, साथ ही बेवजह की थकावट का कारण भी। इससे बचने के लिए सोने का एक नियमित समय बनाने की कोशिश करें। लैपटॉप, मोबाइल फोन, टेलीविजन सेट एक निश्चित समय के बाद बंद कर दें। रात में खाना बहुत लेट न खाएं। यदि लंबे समय से यह समस्या बनी हुई है तो चिकित्सक से संपर्क करें। यह स्लीप डिसॉर्डर की समस्या हो सकती है। कई बार नींद बार-बार टूटती है। ऐसा सांस लेने में बाधा आने के कारण होता है। इसे स्लीप एप्नी कहते हैं। इसके लिए डॉक्टर स्लीप एप्नी टेस्ट की सलाह दे सकते हैं।



### संतुलित भोजन है जरूरी

दिनभर थकावट रहने का एक सबसे आम कारण सुबह नाश्ता न करना है। उचित पोषक तत्वों से भरपूर नाश्ता करना दिनभर ऊर्जा के स्तर को बनाए रखता है। साथ ही संतुलित आहार, मौसमी फल व सब्जियां व अनाज जैसे कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट्स रक्त शर्करा के स्तर को बनाए रखते हैं।

### एनीमिया

शरीर में लौह तत्व यानी आयरन की कमी होने से भी थकावट के लक्षण दिखाई देने लगते हैं। महिलाओं में आमतौर पर इसकी मौजूदगी देखने को मिलती है। खून में लौह तत्व की कमी के कारण एनीमिया होने पर तीन माह तक खाने वाली दवा लेने की सलाह दी जाती है। लौह तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ, जैसे चिकन, मछली, शेलफिश, बींस और गुड़ का सेवन करना भी अच्छा रहता है।

### हाइपोथाइरॉइडिज्म

थाइरॉइड ग्रंथि के असक्रिय होने पर भी थकावट होने लगती है। मेटाबॉलिज्म की रफ्तार धीमी होने के कारण शरीर में ऊर्जा का स्तर कम होने लगता है। चिकित्सक से संपर्क करें और उनकी सलाह के अनुसार टेस्ट कराएं।

### कैफीन की अधिकता

थोड़ी मात्रा में कैफीन का सेवन सक्रियता और एकाग्रता को बढ़ाता है। पर इसकी अधिक मात्रा हृदय गति और रक्तचाप को बढ़ा देती है, जिससे थकावट होती है। कॉफी, चॉकलेट और एनर्जी ड्रिंक्स आदि किसी भी रूप में कैफीन का सेवन कम से कम करें। हालांकि ऐसा धीरे-धीरे करें। अचानक से कैफीन को कम कर देना शरीर में ऊर्जा की कमी कर थकावट को बढ़ा सकता है।

### यूरिनरी ट्रेक्ट इंफेक्शन

यूरिनरी ट्रेक्ट इंफेक्शन यानी मूत्र मार्ग में संक्रमण होने पर पेशाब करने में जलन होती है और जल्दी-जल्दी पेशाब करने की इच्छा होती है। पर कुछ मामलों में थकावट और हल्के चक्कर भी इसका लक्षण होते हैं। ऐसे में यूरिन टेस्ट के जरिए यूटीआई की तुरंत पुष्टि की जा सकती है। दवाएं शुरू करने के बाद आमतौर पर एक हफ्ते में यूटीआई की समस्या ठीक हो जाती है।



# बदलते मौसम में इन बातों का रखें खास ध्यान

मौसम में बदलाव होने पर हमारी इम्युनिटी (रोग प्रतिरोधक क्षमता) भी बदलती है जिसकी वजह से एलर्जिक और वायरल संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस दौरान हमें अपनी दिनचर्या में भी बदलाव कर लेना चाहिए ताकि सेहत दुरुस्त रहे।

**क्या-क्या सावधानियां:** सुबह व शाम की ठंड और दिनभर गर्मी के इस मौसमी बदलाव में सामान्य बुखार, जुकाम, खांसी और किसी भी प्रकार के फ्लू का खतरा ज्यादा रहता है।

**बचने के उपाय:** लिक्विड डाइट जैसे छाछ, नींबू पानी, फलों या सब्जियों का रस और पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। इससे शरीर में मौजूद विषैले तत्व बाहर निकल जाते हैं। पौष्टिक आहार लें और बाहर के खाने से परहेज करें। ज्यादा देर तक खाली पेट न रहें इससे



आपकी इम्युनिटी प्रभावित होती है और रोगों के हमला करने की आशंका बढ़ जाती है। जो लोग पहले से किसी बीमारी की दवाएं ले रहे हैं, अपना ध्यान रखें। डायबिटीज के मरीज, छोटे बच्चे और गर्भवती महिलाओं का बदलते मौसम में खास खयाल रखें। बहुत ठंडा पानी या अन्य पेय पदार्थ न पिएं इससे गले की समस्या हो सकती है। पंखा और एसी का सावधानी से प्रयोग करें। फिलहाल सुबह व शाम की सर्दी है इसलिए गर्म कपड़े साथ रखें व जरूरत के हिसाब से इन्हें पहन लें ताकि ठंडी हवाओं से बचा जा सके।

**पुराने मरीज ध्यान रखें:** मौसम बदलने पर डायबिटीज व सांस के रोगियों को सबसे ज्यादा तकलीफ होती है। इस दौरान डायबिटीज के रोगियों को कमजोरी, खांसी, गले में दर्द और घुटन जैसी दिक्कतें होने लगती हैं। सांस के मरीजों को सांस फूलने, छींक और सांस लेने में तकलीफ की समस्या होने लगती है। इसलिए ये लोग मौसमी फल खाएं और संतुलित आहार लें। घर से बाहर जाने पर रोगी अपनी दवाएं साथ लेकर जाएं।

# बालों को चाहिए एक्स्ट्रा ट्रीटमेंट

आप जो भी खाती हैं उससे सिर्फ आपके स्वास्थ्य तथा त्वचा को ही लाभ नहीं मिलता बल्कि यह आपके बालों की गुणवत्ता बढ़ाने में भी एक बड़ी भूमिका अदा करता है। पोषक तत्वों की कमी से आपके बालों पर अत्यधिक दुष्प्रभाव पड़ता है। यही कारण है कि आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप एक स्वस्थकर और संतुलित भोजन करें, जो आपके सिर की त्वचा तथा बालों के फॉलीकल्स को ताकतवर बनाएं। अस्वस्थकर भोजन के अतिरिक्त बाल टूटने, बाल रूखे होने तथा बाल पतले होने के अन्य कारणों में नींद की कमी, धूम्रपान, घटिया गुणवत्ता वाले उत्पादों का इस्तेमाल तथा हार्मोन्स असंतुलन आदि शामिल हैं। आइए जानें कुछ ऐसे खाद्यों के बारे में जो आपके बालों के लिए बहुत बढ़िया रहते हैं। और उन्हें स्वस्थ रखने में सहायक होते हैं।



### पालक...

पालक हो सकता है कि भूख को बढ़ाने वाली सब्जी न हो, लेकिन इसके असंख्य लाभ हैं। इसमें विटामिन सी, आयरन, फोलेट तथा बीटा कैरोटीन की प्रचुर मात्रा मौजूद होती है। यह आपके हेयर फॉलीकल्स को स्वस्थ रखती है और सुनिश्चित बनाती है कि आपके सिर की त्वचा को रूसी से रहित रहने के लिए जरूरी तेल मिले। हरी फूल गोभी तथा आम गोभी भी बढ़िया विकल्प है। इसके इस्तेमाल से आपके बाल काफी हेल्दी रहते हैं और टूटते नहीं हैं।

### अखरोट...

अखरोट में ओमेगा-3 फैटी एसिड्स, विटामिन ई तथा बॉयोटिन मौजूद रहते हैं, जो किसी भी तरह के डीएनए या यूवी नुकसान से कोशिकाओं को बचाते हैं। इनमें कॉपर भी होता है, जो यह सुनिश्चित बनाता है कि आपके बालों का रंग समय से पहले सफेद न हो। यदि आपको अखरोट खाने पसंद न हों तो आप भोजन पकाने में इनके तेल का प्रयोग कर सकते हैं, जो कि बालों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होता है।

### शकरकंद...

बीटा कैरोटीन नामक एंटी ऑक्सीडेंट से भरपूर शकरकंदी ऐसे जरूरी तेल पैदा करती है जो आपके सिर की त्वचा को स्वस्थ रखते हैं और बालों से रूसी को दूर रखते हैं। बीटा कैरोटीन की हमारे शरीर को विटामिन ए जज्ब करने के लिए जरूरत होती है। बीटा कैरोटीन के अन्य स्रोतों में कद्दू, खुबानी, गाजर तथा आम शामिल हैं। इसके सेवन से आपके सिर की त्वचा कभी रूखी नहीं होती और आप रूसी से बचे सकते हैं।

## रेसिपी



### क्रिस्पी मसाला भिंडी

**सामग्री**

2 कप भिंडी , 4 भागोंमे लम्बी चिरी हुई
2 टेबल-स्पून बेसन
2 टी-स्पून चाट मसाला
1 टी-स्पून लाल मिर्च का पाउडर
1/4 टी-स्पून हल्दी पाउडर
1 टी-स्पून निम्बू का रस
नमक , स्वाद अनुसार
तेल , तलने के लिए
**सजाने के लिए:** 1/4 टी-स्पून चाट मसाला

**विधि**

एक गहरे बर्तन में सारी सामग्रियों को डालिए और अच्छे से मिलाइए। एक गहरी नॉन-स्टिक कड़ाई में तेल गरम करिए और भिंडी, को थोडा- थोडा करके, हर तरफ से सुनहरी और कुरकुरी होने तक तलिए। तेल सोखने के लिए अवशोषी कागज पर रखिए। चाट मसाला डालकर सजाइए और गरमा गरम परोसिए।



### तवा चना

**सामग्री**

2 कप भिगोए और उबले हुए काबुली चने, 2 टेबल-स्पून तेल, 1/4 कप बारीक कटा हुआ प्याज, 1 टी-स्पून अदरक-लहसून की पेस्ट, 1/2 कप बारीक कटा हुआ टमाटर, 1/2 टी-स्पून लाल मिर्च का पाउडर, 1 टी-स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च, 1/4 टी-स्पून हल्दी पाउडर, 1 टी-स्पून धनिया-जीरा पाउडर, 1 टी-स्पून तंदूरी मसाला, 1/2 टी-स्पून चाट मसाला, 1 टेबल-स्पून आमचुर पाउडर, 2 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया, 1/2 टेबल-स्पून कसूरी मेथी, नमक , स्वाद अनुसार। **परोसने के लिए:** पापी

**विधि**

एक नॉन-स्टिक तवे पर तेल गरम करिए, उसमे प्याज डालिए और मध्यम आंच पर 1 से 2 मिनट पकाइए। उसमे अदरक-लहसून की पेस्ट, टमाटर और 2 टेबल-स्पून पानी डालिए, अच्छे से मिलाइए और धीमी आंच पर 2 से 3 मिनट, लगातार हिलाते हुए, पकाइए। लाल मिर्च पाउडर, हरी मिर्च, हल्दी पाउडर, धनिया-जीरा पाउडर, तंदूरी मसाला, चाट मसाला, अमचुर पाउडर, धनिया और 2 टेबल-स्पून पानी डालिए, अच्छे से मिलाइए और मध्यम आंच पर 1 से 2 मिनट, लगातार हिलाते हुए, पकाइए। कसुरी मेथी, काबुली चना, 2 टेबल-स्पून पानी और नमक डालिए, अच्छे से मिलाइए और मध्यम आंच पर 2 से 3 मिनट, लगातार हिलाते हुए, पकाइए। पापी के साथ गरमा गरम परोसिए।

# महिलाओं के लिए आरामदायक पेशा

*किसी भी प्रकार के विकास एवं उन्नति के लिए शिक्षा एक महत्वपूर्ण साधन है। शिक्षा के अभाव में कुछ भी अर्थपूर्ण हासिल नहीं किया जा सकता। वहीं अगर महिलाओं के लिए शिक्षण की बात की जाए तो आज के समय में यह उनके लिए सबसे अच्छा और आरामदायक पेशा माना जाता है।*



शिक्षकों की भर्ती के लिए अलग-अलग प्रक्रि या अपनाई जाती है। कहीं पर शिक्षकों की भर्ती के लिए प्रतियोगी परीक्षा होती है, तो कहीं पर उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता को ध्यान में रखा जाता है। वहीं कई राज्य ऐसे है, जहां पर विश्वविद्यालयों और संस्थानों द्वारा स्वयं की परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। कई राज्यों में उम्मीदवारों की योग्यता को निर्धारित करने के लिए उनके जहां प्रतियोगी परीक्षा में किए गए प्रदर्शन को देखा जाता है, वहीं उनके पहले के अकादमिक रिकॉर्ड को भी ध्यान में रखा जाता है।

### इतना आसान नहीं रिसेपशिनस्ट का कॅरियर...

■ रिसेप्शनिस्ट का पहनावा शालीन हो। भड़कीले कपड़े नहीं पहनने चाहिएं। मौसम को ध्यान में रखते हुए वस्त्रों और रंगों का चयन कर कपड़े पहनें। ■ अपने समय को समायोजित करना आना चाहिए, क्योंकि अधिकतर दफ्तरों, नर्सिंग होम्स और होटलों में इन्हें कई आगंतुकों का स्वागत करना होता है। इसलिए समय को इधर-उधर की बातों पर बर्बाद न कर काम और आगंतुकों का स्वागत करने में लगाना चाहिए। ■ रिसेप्शनिस्ट को आगंतुक का उचित मार्ग निर्देशन करना आना चाहिए। ■ एक रिसेप्शनिस्ट को अधिक आवाज करने वाले जूते नहीं पहने चाहिए। ■ बदलती हुई प्रवृत्तियों पर नजर रखें। ऐसा न हो कि आप समय से पीछे चलें और आपको पिछड़ा हुआ माना जाए। इतनी आधुनिक भी न बनें कि लोग आपका फायदा उठाने में हिचके नहीं। ■ बोलते समय भाषा पर संयम रखकर आगंतुकों से बात करनी चाहिए। ■ आगंतुकों का मुस्कुरा कर स्वागत करें। जितनी मदद आप कर सकती हैं करना चाहिए। ■ उठते-बैठते समय चुस्ती से उठें। इस व्यवसाय में ढीला व्यक्तित्व ठीक नहीं। यह आगंतुक पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। ■ हिंदी, अंग्रेजी दोनों भाषाओं पर बोलने और लिखने का पूरा कमांड होना चाहिए ताकि आगंतुक की बात समझ सकें।



मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए पी.जी. इंडिया लिमिटेड एमआईई, कालापहाड़, गुवाहाटी-16 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**